भारत के राजपत्र असाधारण के भाग- I, खंड- I में प्रकाशनार्थ

फा. सं. 6/24/2024-डीजीटीआर

भारत सरकार

वाणिज्य विभाग

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय

(व्यापार उपचार महानिदेशालय)

चौथा तल, जीवन तारा बिल्डिंग,

5, संसद मार्ग, नई दिल्ली- 110001

दिनांक: 18 अगस्त, 2025

अंतिम जांच परिणाम

मामला सं. एडी (ओआई) 22/2024

विषय: चीन जन.गण., कोरिया गणराज्य, सऊदी अरब, ताइवान और थाईलैंड के मूल के अथवा वहां से निर्यातित "तरल इपॉक्सी रेजिन" के आयात के संबंध में पाटनरोधी जांच।

क. मामले की पृष्ठभूमि

1. अतुल लिमिटेड और हिंदुस्तान स्पेशियलिटी केमिकल्स लिमिटेड (जिसे आगे "आवेदक" या "घरेलू उद्योग" भी कहा गया है) ने समय-समय पर यथासंशोधित सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 (जिसे आगे "अधिनियम" भी कहा गया है) और समय-समय पर यथासंशोधित सीमा शुल्क टैरिफ (पाटित वस्तुओं की पहचान उन पर पाटनरोधी शुल्क का आकलन और संग्रहण तथा क्षति निर्धारण) नियमावली, 1995 (जिसे आगे "नियमावली" या "पाटनरोधी नियमावली" भी कहा गया है) के अनुसार निर्दिष्ट प्राधिकारी (जिन्हें आगे "प्राधिकारी" भी कहा गया है) के समक्ष चीन जन. गण., कोरिया गणराज्य, सऊदी अरब, ताइवान और थाईलैंड (जिन्हें आगे संबद्ध देश भी कहा गया है) के मूल के अथवा वहां से निर्यातित तरल एपॉक्सी रेजिन (जिसे आगे "विचाराधीन उत्पाद" या "संबद्ध वस्तु" या "एलईआर" भी कहा गया है) के आयात के संबंध में पाटनरोधी जांच शुरू करने के लिए एक आवेदन दायर किया है।

2. आवेदक द्वारा दायर विधिवत रूप से साक्ष्यांकित आवेदन को ध्यान में रखते हुए, प्राधिकारी ने भारत के राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना संख्या 6/24/2024-डीजीटीआर दिनांक 29 जून 2024 के माध्यम से एक सार्वजनिक सूचना जारी की, जिसमें चीन जन. गण., कोरिया गणराज्य, सऊदी अरब, ताइवान और थाईलैंड से विचाराधीन उत्पाद के आयातों की पाटनरोधी नियमावली के नियम 5 के अनुसार पाटनरोधी जांच शुरू की गई, ताकि संबद्ध वस्तु के किसी भी कथित पाटन की मौजूदगी, मात्रा और प्रभाव का निर्धारण किया जा सके और पाटनरोधी शुल्क की ऐसी राशि की सिफारिश की जा सके, जिसे यदि लगाया जाए, तो घरेलू उद्योग को हुई कथित क्षति को समाप्त करने के लिए पर्याप्त होगी।

<u>ख. प्रक्रिया</u>

3. इस जांच के संबंध में नीचे वर्णित प्रक्रिया का पालन किया गया है:

क. प्राधिकारी ने संबंधित नियम 5 के उप-नियम (5) के अनुसार जांच आरंभ करने से पहले भारत में संबद्ध देशों के दूतावासों को वर्तमान पाटनरोधी आवेदन की प्राप्ति के बारे में सूचित किया।

ख. प्राधिकारी ने संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु के आयात के संबंध में पाटनरोधी जांच आरंभ करने के लिए 29 जून, 2024 को एक सार्वजनिक सूचना जारी की, जिसे भारत के राजपत्र, असाधारण में प्रकाशित किया गया।

ग. प्राधिकारी ने आवेदक द्वारा उपलब्ध कराए गए पतों के अनुसार भारत में उनके दूतावासों के माध्यम से संबद्ध देशों की सरकारों, संबद्ध देशों के ज्ञात उत्पादकों और निर्यातकों, ज्ञात आयातकों/प्रयोक्ताओं और घरेलू उद्योग के साथ-साथ अन्य हितबद्ध पक्षकारों को जांच शुरूआत अधिसूचना की एक-एक प्रति भेजी और उनसे निर्धारित समय सीमा के भीतर लिखित रूप में अपने विचार बताने का अनुरोध किया।

घ. प्राधिकारी ने पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(3) के अनुसार, ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों और संबद्ध देशों की सरकारों को भारत में उनके दूतावासों के माध्यम से आवेदन के अगोपनीय अंश की एक-एक प्रति उपलब्ध कराई। आवेदन के

अगोपीय अंश की एक प्रति अन्य हितबद्ध पक्षकार को, जहाँ भी अनुरोध करने पर प्रदान की गई।

ड. प्राधिकारी ने आवेदक द्वारा उपलब्ध कराए गए पतों के अनुसार, संबद्ध देश के ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों, भारत में ज्ञात आयातकों/प्रयोक्ताओं, अन्य भारतीय उत्पादकों और घरेलू उद्योग को एक सूचना भेजी थी और उनसे अनुरोध किया कि वे विस्तारित समय-सीमा के भीतर लिखित रूप में अपने विचार बताएं। प्राधिकारी ने नियमावली के नियम 6(4) के अनुसार संगत जानकारी प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों को निर्यातक प्रश्नावली भेजी थीं:

i. अनहुई एलीट इंडस्ट्रियल कंपनी लिमिटेड (चीन)
ii. सनमू ग्रुप (चीन)
iii. शेनजेन जिन्हुआ मैटेरियल्स कंपनी लिमिटेड (चीन)
iv. यानफाईलिंग्यु पाउडर मशीनरी कंपनी लिमिटेड (चीन)
v. कुकडो केमिकल्स (कोरिया)
vi. कुम्हो पेट्रोकेमिकल्स (कोरिया)
vii. जेईआईएल केमिकल कंपनी लिमिटेड (कोरिया)
viii. चांग चुन प्लास्टिक्स लिमिटेड (ताइवान)
ix. नान या प्लास्टिक्स (ताइवान)
x. आदित्य बिड़ला केमिकल्स (थाईलैंड) लिमिटेड (थाईलैंड)
xi. जुबैल केमिकल्स इंडस्ट्रीज (सऊदी अरब)

च. भारत में संबद्ध देशों के दूतावासों से अनुरोध किया गया था कि वे अपने देश के निर्यातकों/उत्पादकों को निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रश्नावली का उत्तर देने की सलाह दें।

छ. संबद्ध जांच अधिसूचना शुरूआत के प्रत्युत्तर में, संबद्ध देशों के निम्नलिखित उत्पादकों/निर्यातकों ने प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत करते हुए अपनी प्रतिक्रिया दी है:

i. जियांग्सू कुम्हो यांगनोंग केमिकल कंपनी लिमिटेड (चीन)
ii. नान्चॉन्ग ज़िंगचेन सिंथेटिक मटेरियल कंपनी लिमिटेड (चीन)
iii. सिनोकेम प्लास्टिक्स कंपनी लिमिटेड (चीन)
iv. यांगनोंग सिंगापुर प्राइवेट लिमिटेड (चीन)

v. कुकडो केमिकल्स कंपनी लिमिटेड (कोरिया)
vi. कुम्हो पी एंड बी केमिकल इंक. (कोरिया)
vii. कैन्को मार्केटिंग इंक. (कोरिया)
viii. मिंजिन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (कोरिया)
ix. सैमसंग सी एंड टी कॉर्पोरेशन (कोरिया)
x. वोनवू ट्रेडिंग कंपनी लिमिटेड (कोरिया)
xi. आदित्य बिड़ला केमिकल्स (थाईलैंड) लिमिटेड (थाईलैंड)

ज. प्राधिकारी ने भारत में संबद्ध वस्तु के निम्नलिखित ज्ञात आयातकों/प्रयोक्ताओं को आयातक प्रश्नावली भेजी है जिसमें नियमावली के नियम 6(4) के अनुसार आवश्यक जानकारी मांगी गई है।

i. 3एम इंडिया लिमिटेड
ii. अक्ज़ो नोबेल इंडिया लिमिटेड
iii. एशियन पेंट्स लिमिटेड
iv. अविष्कार एसोसिएट्स
v. बर्जर बेकर कोटिंग प्राइवेट लिमिटेड
vi. बर्जर पेंट्स इंडिया लिमिटेड
vii. सिपी पॉलीयूरेथेन्स प्राइवेट लिमिटेड
viii. हेम्पेल पेंट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
ix. ह्यूबरग्रुप इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
x. जोटुन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
xi. कंसाई नेरोलैक पेंट्स लिमिटेड
xii. पिडिलिएट इंडस्ट्रीज लिमिटेड
xiii. शक्ति कोटिंग्स
xiv. विक्टर एजेंसीज
xv. विमल इंटरट्रेड प्राइवेट लिमिटेड

झ. जांच शुरूआत अधिसूचना की एक प्रति और आवेदन का अगोपनीय अंश निम्नलिखित एसोसिएशनों को भेजा गया था:

i. इंडियन पेंट एंड कोटिंग एसोसिएशन

ii. इंडियन पेंट एसोसिएशन
iii. इंडियन रेजिन मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन

ञ. जांच शुरूआत अधिसूचना और आवेदन के अगोपनीय अंश की एक प्रति रसायन और उर्वरक मंत्रालय के रसायन और पेट्रोरसायन विभाग को भेजी गई थी। तथापि, प्राधिकारी को कोई टिप्पणी प्राप्त नहीं हुई है।

ट. संबद्ध जांच अधिसूचना के शुरूआत के उत्तर में, निम्नलिखित आयातकों/प्रयोक्ताओं ने प्रश्नावली का उत्तर देते हुए प्रतिक्रिया दी है:

i. कंसाई नेरोलैक पेंट्स लिमिटेड
ii. पिडिलाइट इंडस्ट्रीज लिमिटेड

ठ. निम्नलिखित हितबद्ध पक्षकारों से भी अनुरोध प्राप्त हुए थे:

i. इंडियन पेंट एसोसिएशन
ii. सऊदी अरब सरकार
iii. जुबैल केमिकल इंडस्ट्रीज कंपनी (जेएएनए), सऊदी अरब

ड. प्राधिकारी ने विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत अनुरोधों का अगोपनीय अंश उपलब्ध कराया। सभी हितबद्ध पक्षकारों की एक सूची डीजीटीआर की वेबसाइट पर अपलोड की गई, साथ ही उन सभी को निर्देश दिए गए कि वे अपने अनुरोधों का अगोपनीय अंश अन्य सभी हितबद्ध पक्षकारों को ईमेल कर दें।

ढ. क्षति अवधि के लिए और जांच अवधि के लिए भी संबद्ध वस्तु के आयातों के सौदावार ब्यौरे उपलब्ध कराने का अनुरोध डीजी सिस्टम्स से किया गया था। प्राधिकारी ने सौदों की आवश्यक जांच के बाद आयातों की मात्रा की गणना और अपेक्षित विश्लेषण के लिए डीजी सिस्टम्स के आंकड़ों पर भरोसा किया है।

ण. सामान्यतः स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों (जीएएपी) और नियमावली के अनुबंध III के आधार पर घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत सूचना के अनुसार, भारत में संबद्ध वस्तु के उत्पादन की ईष्टतम लागत और निर्माण एवं बिक्री की लागत के आधार पर क्षतिरहित कीमत (एनआईपी) की गणना की गई है ताकि यह पता लगाया जा सके

कि क्या पाटन मार्जिन से कमतर पाटनरोधी शुल्क घरेलू उद्योग को हुई क्षति को समाप्त करने के लिए पर्याप्त होगा।

त. वर्तमान जांच के प्रयोजनार्थ जांच अवधि (पीओआई) 1 जनवरी, 2023 से 31 दिसंबर, 2023 (12 महीने) की है। क्षति विश्लेषण के संदर्भ में रूझानों की जांच में 2020-21, 2021-22, 2022-23 की अवधि और जांच की अवधि शामिल थी।

थ. इस जांच की प्रक्रिया के दौरान हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों पर साक्ष्यों द्वारा समर्थित और वर्तमान जांच के लिए संगत माने जाने की सीमा तक, प्राधिकारी द्वारा इस अंतिम जांच परिणाम में समुचित रूप से विचार किया गया है।

द. प्राधिकारी ने 23 अगस्त, 2024 को एक बैठक आयोजित की जिसमें सभी हितबद्ध पक्षकारों को विचाराधीन उत्पाद के दायरे और पीसीएन पद्धति पर अपनी टिप्पणियों पर चर्चा करने और उन्हें स्पष्ट करने के लिए आमंत्रित किया गया था।

ध. प्राधिकारी ने आवेदकों से आवश्यकतानुसार अतिरिक्त जानकारी मांगी। घरेलू उद्योग द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों का सत्यापन वर्तमान जांच के प्रयोजनार्थ आवश्यक समझी गई सीमा तक किया गया। प्राधिकारी ने वर्तमान मामले के अपने विश्लेषण में घरेलू उद्योग के सत्यापित आंकड़ों पर विचार किया है।

न. प्राधिकारी ने अन्य हितबद्ध पक्षकारों से आवश्यकतानुसार अतिरिक्त जानकारी मांगी। अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों का सत्यापन वर्तमान जांच के प्रयोजनार्थ आवश्यक समझी गई सीमा तक किया गया था।

प. नियमावली के नियम 6(6) के अनुसार, प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों को 15 अप्रैल, 2025 को आयोजित एक सार्वजनिक सुनवाई में मौखिक रूप से अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया। निर्दिष्ट प्राधिकारी के परिवर्तित होने के कारण 23 मई, 2025 को दूसरी मौखिक सुनवाई आयोजित की गई। पक्षकारों ने मौखिक सुनवाई में अपने विचार प्रस्तुत किए और उनसे मौखिक रूप से व्यक्त किए गए विचारों के लिखित अनुरोध प्रस्तुत करने और उसके बाद खंडन अनुरोध प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया।

फ. प्राधिकारी ने केंद्र सरकार को अंतिम सिफारिशें करने के लिए विचाराधीन सभी आवश्यक तथ्यों वाला एक प्रकटन विवरण 17 जुलाई, 2024 को सभी हितबद्ध पक्षकारों को परिचालित किया। प्राधिकारी ने इन अंतिम जांच परिणामों में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा की गई सभी प्रकटन पश्चात टिप्पणियों की संगत समझी गई सीमा तक जांच की थी। कोई भी अनुरोध जो केवल पूर्ववर्ती अनुरोध का पुन: प्रस्तुतीकरण था और जिसकी प्राधिकारी ने पर्याप्त रूप से जांच की थी, को संक्षिप्तता के लिए दोहराया नहीं गया है।

ब. कुछ हितबद्ध पक्षकारों ने प्रकटन विवरण में कुछ अनजाने में की गई त्रुटियों की ओर संकेत किया है। ये कंपनी के सही नाम, बिक्री की लागत में परिवर्तन की मात्रा और वृद्धि के आंकड़ों से संबंधित हैं। वर्तमान अंतिम जांच परिणामों में, जहां भी आवश्यक हो, इन पर उचित रूप से विचार किया गया है और सुधार किया गया है।

भ. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीय आधार पर प्रस्तुत सूचना की गोपनीयता के दावे के पर्याप्तता के संबंध में जांच की गई थी। संतुष्ट होने पर प्राधिकारी ने जहां आवश्यक हो, गोपनीयता के दावों को स्वीकार किया है और ऐसी सूचना को गोपनीय माना है तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों को उसका प्रकटन नहीं किया है, जहां कहीं संभव हो, गोपनीय आधार पर सूचना देने वाले पक्षकारों को गोपनीय आधार पर उनके द्वारा प्रस्तुत सूचना का पर्याप्त अगोपनीय अंश प्रस्तुत करने का निदेश दिया गया था।

म. जहां कहीं भी किसी हितबद्ध पक्षकार ने वर्तमान जांच की प्रक्रिया के दौरान आवश्यक सूचना देने से मना किया या अन्यथा उसे प्रदान नहीं किया है अथवा जांच में अत्यधिक बाधा डाली है, वहां प्राधिकारी ने ऐसे पक्षकारों को असहयोगी माना है और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर विचार/समुक्तियों को दर्ज किया है ।

य. प्राधिकारी ने इस स्तर पर सभी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दिए गए सभी तर्कों और उपलब्ध कराई गई सूचना पर, उस सीमा तक विचार किया है, जहाँ तक वे साक्ष्यों द्वारा समर्थित हैं और वर्तमान जांच के लिए संगत मानी गई हैं।

कक. इस प्रकटन विवरण में '***' चिन्ह किसी हितबद्ध पक्षकार द्वारा गोपनीय आधार पर दी गई और नियमवली के अंतर्गत प्राधिकारी द्वारा गोपनीय मानी गई सूचना को दर्शाता है।

खख. प्राधिकारी द्वारा संबद्ध जांच के लिए अपनाई गई विनिमय दर 1 अमेरिकी डॉलर = 83.52 रूपए है।

ग. विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु

ग.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार

4. विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोध निम्नानुसार हैं:

i. विचाराधीन उत्पाद का परिभाषित दायरा काफी अधिक विस्तृत और अस्पष्ट है।

ii. प्राधिकारी ने पूयीसी/पीसीएन के दायरे संबंधी टिप्पणियां देने के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन करते हुए समय सीमा बढ़ाने के अनुरोधों को अस्वीकार कर दिया।

iii. विशेष ग्रेड के उत्पाद अर्थात् नेक्स्ट जेनरेशन जल आधारित सीईडी पेंट (बीई-188/बीई188ईएल) को विचाराधीन उत्पाद के दायरे से बाहर रखा जाना चाहिए क्योंकि घरेलू उद्योग ऐसे ग्रेड का उत्पादन नहीं करता है।

iv. नेक्स्ट जेनरेशन जल आधारित सीईडी पेंट (बीई-188/बीई188ई1) की उत्पाद विशेषताएं और अंतिम उपयोग घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित संबद्ध वस्तु की तुलना में भिन्न हैं। इसके अलावा, इसकी कीमत संबद्ध वस्तु की तुलना में 5-10 प्रतिशत अधिक है।

v. ऐसे विशेष ग्रेडों का उपयोग ऑटोमोटिव क्षेत्र में ओईएम द्वारा किया जाता है और इन्हें घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित ग्रेडों के साथ तकनीकी या वाणिज्यिक रूप से प्रतिस्थापित नहीं किया जा सकता है।

vi. बीई-188 / बीई188ईएल, अन्य एलईआर ग्रेडों से तुलना करते समय कमतर मोटाई वितरण, कम पेंट खपत, कम तापमान पर उपचार, ऊर्जा खपत को कम करने की अनुमति देता है, टिन मुक्त सीईडी पेंट के निर्माण में सहायक होता

है, उच्च संक्षारण प्रतिरोध और असाधारण बाथ स्थिरता वाले पेंट को सक्षम बनाता है।

vii. यद्यपि ग्रासिम इंडस्ट्रीज ने विशेष ग्रेड के नमूने प्रस्तुत किए हैं, किंतु ये पार्टिकल आकार, हाइड्रोलाइज़ेबल क्लोरीन मात्रा, श्यानता, अमीन मान, आणविक भार, शुष्क फिल्म मोटाई वितरण, संक्षारण प्रतिरोध, ऊर्जा खपत, वीओसी उत्सर्जन, स्थिरता प्रोफ़ाइल और कम कीमतों के मामले में निम्न स्तरीय पाए गए।

viii. अतुल लिमिटेड के साथ किए गए पत्राचार से पता चलता है कि घरेलू उद्योग के पास विशेष ग्रेड के लिए कोई अनुमोदित या बाजार के लिए तैयार प्रतिस्थापन नहीं है और उत्पाद प्रयोगशाला परीक्षण के चरण में है। परिणामस्वरूप, अतुल लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत किए गए उत्पाद का उपयोग कम से कम 12-18 महीनों तक नहीं किया जा सकता है।

ix. अतुल के प्रतिनिधि ने पुष्टि की कि उनके उत्पाद का उपयोग केवल पारंपरिक सीईडी पेंट के लिए किया जाता है, न कि अगली पीढ़ी के जल-आधारित सीईडी पेंट के लिए।

x. चूँकि केवल ग्रासिम इंडस्ट्रीज ने विशेष ग्रेड के नमूने उत्पादित किए हैं जो घरेलू उद्योग का हिस्सा नहीं हैं, इसलिए ऐसे ग्रेडों को समान वस्तु नहीं माना जा सकता है।

xi. जब तक घरेलू उद्योग सत्यापन योग्य साक्ष्य के साथ यह प्रदर्शित नहीं करता कि उसने विशेष ग्रेड का उत्पादन और वाणिज्यिक रूप से बिक्री की है तब तक उन्हें उत्पाद के दायरे से बाहर रखा जाना चाहिए।

xii. यदि प्राधिकारी पाते हैं कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित उत्पाद विशेष ग्रेड बीई -188 / बीई188एल का तकनीकी विकल्प है, तो विशेष रूप से ऑटोमोटिव अनुप्रयोगों के लिए अगली पीढ़ी के जल आधारित सीईडी पेंट में उपयोग के लिए आयातित विशेष ग्रेडों को जांच से बाहर रखा जाना चाहिए।

xiii. एपॉक्सी रेजिन के अन्य रूप, जैसे ठोस और अर्ध-ठोस एपॉक्सी रेजिन, जिनका एपॉक्सी समतुल्य भार अधिक होता है और जिनकी सीएएस संख्या भिन्न होती है, उन्हें उत्पाद के दायरे से स्पष्ट रूप से बाहर रखा जाना चाहिए।

xiv. ऐसे एपॉक्सी रेजिन जो एपिक्लोरोहाइड्रिन और बिस्फेनॉल-ए की प्रतिक्रिया से नहीं बने हैं, उन्हें उत्पाद के दायरे से बाहर रखा जाना चाहिए, क्योंकि इनकी श्यानता का स्तर और सीएएस संख्या अलग-अलग होती है। इस प्रकार,

बिस्फेनॉल-एफ, नोवोलैक और ब्रोमीनयुक्त विलायक से बने एपॉक्सी रेजिन को भी उत्पाद के दायरे से बाहर रखा जाना चाहिए।

xv. परिवर्तित तरल एपॉक्सी रेजिन को उत्पाद के दायरे से बाहर रखा जाना चाहिए क्योंकि ये ऐसे फॉर्मूलेशन हैं जिन्हें परिवर्तित/विलायक/मंदक के साथ परिवर्तित/तनुकृत किया जाता है और इनके विशिष्ट अनुप्रयोग होते हैं। इसके अलावा, आवेदन में यह उल्लेख नहीं है कि ऐसे परिवर्तित तरल एपॉक्सी रेजिन उत्पाद के दायरे में शामिल नहीं हैं।

xvi. उत्पाद का दायरा उस उत्पाद तक सीमित होना चाहिए जिसका 'समतुल्य भार 300 ग्राम/समतुल्य से कम की रेंज में हो।

xvii. उत्पाद के दायरे में ईईडब्ल्यू ≤ 300 ग्राम/समतुल्य वाला एलईआर शामिल है, जो गलत है क्योंकि ईईडब्ल्यू 250 ग्राम/समतुल्य तक पहुँचने या उससे अधिक होने पर उत्पाद द्रव अवस्था से अर्ध-ठोस अवस्था में परिवर्तित हो जाता है और अर्ध-ठोस एलईआर पहले ही जांच से बाहर रखा गया है। प्राधिकारी को यह स्पष्ट करना चाहिए कि विचाराधीन उत्पाद का ईईडब्ल्यू ≤ 250 ग्राम/समतुल्य है।

xviii. "टैफी प्रक्रिया" के अलावा अन्य उत्पादन प्रक्रियाओं का उपयोग करके उत्पादित एपॉक्सी रेजिन को जांच से बाहर रखा जाना चाहिए।

xix. प्राधिकारी को उत्पाद के दायरे में शामिल एलईआर के अद्वितीय सीएएस (सीएएस 25068-38-6 और ईयू के आरईएसीएच विनियम: सीएएस 1675-54-3) का उपयोग करके उत्पाद के दायरे को परिभाषित करना होगा, जिससे बेहतर स्पष्टता प्राप्त होगी।

xx. निम्न और उच्च श्यानता ग्रेड रेजिन की कीमतों और उत्पादन लागत में काफी अधिक अंतर मौजूद हैं और इसलिए, निम्नलिखित पीसीएन बनाने की आवश्यकता है-

पीसीएन	मापदंड	मूल्य	नोटेशन
पीसीएन 1	उच्च श्यानता ग्रेड	11,000-15,000 एमपीएएस 25 सी पर	एचवी
पीसीएन 2	निम्न श्यानता ग्रेड	8,000-11,000 एमपीएएस 25 सी पर	एलवी

xxi. विचाराधीन उत्पाद के व्यापक दायरे को देखते, निम्नलिखित पीसीएन पद्धति निर्धारित करने की आवश्यकता है -

प्रकार	विनिर्देशन	पीसीएन

प्रकार	विनिर्देशन	पीसीएन
बैकबोन (केमिस्ट्री)	बिस्फेनॉल ए (बीपीए)	01
	बिस्फेनॉल ए / फिनोल नोवोलैक (बीपीए/पीएन)	02
	फिनोल नोवोलैक	03
	बिस्फेनॉल ए / बिस्फेनॉल एफ (बीपीए/बीपीएफ)	04
	बिस्फेनॉल एफ (बीपीएफ)	05
	टेट्राब्रोमो बिस्फेनॉल ए (टीबीबीए)	06
	डाइमरीकृत वसीय अम्ल	07
	एल्कॉक्सिलेटेड बिस्फेनॉल ए (बीपीए-पीओ)	08
	ऑर्थो क्रेसोल (ओ-क्रेसोल) नोवोलैक	09
	डाइसाइक्लोपेंटाडायनोवोलैक (डीसीपीडी-नोवोलैक)	10
	हाइड्रोजनीकृत बिस्फेनॉल ए (एचबीपीए)	11
	बाइ-फिनाइल नोवोलैक	12
	अन्य	13
डिस्टीलेखन	गैर-डिस्टीलेटेड	01
	डिस्टीलेटेड	02
परिवर्तन	अपरिवर्तित	01
	परिवर्तित	02
ब्लेंडिंग मैटेरियल	गैर ब्लेंडेड	01
	मंदक (प्रतिक्रियाशील मंदक के साथ ब्लेंडेड रेसिन)	02
	जलजनित (रेसिन जिसे एमल्सीपायर का प्रयोग करके पानी में फैलाया जाता है)	03
	सिंथेटिक रबड़ (रेसिन में रबड़ के साथ फैलाया गया रेसिन)	04
	अन्य	05
ब्लेंडिंग अनुपात	गैर ब्लेंडेड	01
	0% से अधिक और 10% से अधिक नहीं	02
	10% से अधिक और 20% से अधिक नहीं	03
	20% से अधिक और 30% से अधिक नहीं	04

प्रकार	विनिर्देशन	पीसीएन
	30% से अधिक और 40% से अधिक नहीं	05
	40% से अधिक और 50% से अधिक नहीं	06
	50% से अधिक और 60% से अधिक नहीं	07
	60% से अधिक और 70% से अधिक नहीं	08

ग.2 घरेलू उद्योग के विचार

5. विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु के संबंध में घरेलू उद्योग के अनुरोध निम्नानुसार हैं:

i. विचाराधीन उत्पाद तरल एपॉक्सी रेजिन तक सीमित है और एपॉक्सी रेजिन के अन्य रूप उत्पाद के दायरे के भीतर नहीं आते हैं।

ii. घरेलू उद्योग को उत्पाद के दायरे में अतिरिक्त स्पष्टीकरण प्रदान करने में कोई आपत्ति नहीं है।

iii. घरेलू उद्योग को इस स्पष्टीकरण के संबंध में कोई आपत्ति नहीं है कि विचाराधीन उत्पाद का ईईडब्ल्यू ≤ 250 ग्राम/समतुल्य है। इसके अलावा, प्राधिकारी ने उत्पाद के दायरे में शामिल एलईआर की सीएएस संख्या निर्दिष्ट की है।

iv. एलईआर का उत्पादन 'टैफी प्रक्रिया' के अलावा अन्य विधियों से भी किया जा सकता है और उत्पाद का दायरा उत्पादन प्रक्रिया द्वारा सीमित नहीं होना चाहिए।

v. बीई188 और बीई188ईएल ग्रेडों को जांच के बाहर करने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि भारतीय उद्योग उत्पाद के लिए वैकल्पिक ग्रेडों का उत्पादन और प्रस्ताव करता है।

vi. बीई188 और बीई188ईएल ग्रेड की आपूर्ति करने वाले ताइवान के उत्पादकों के ब्रोशर के अनुसार, दोनों उत्पाद हाइड्रोलाइज़ेबल क्लोरीन प्रतिशत को छोड़कर, जिसे मामूली परिवर्तन के साथ परिवर्तित किया जा सकता है, को छोड़कर मूलत: समान है।

vii. इन ग्रेडों के उत्पादकों के अनुसार, बीई188 और बीई188ईएल के अंतिम उपयोग अनुप्रयोग एलईआर के किसी भी अन्य ग्रेड के समान हैं। इसके अलावा, दोनों ग्रेड गैर-सीईडी अनुप्रयोगों के लिए भी आयात किए जा रहे हैं और इस प्रकार, इन्हें विशेष रूप से अगली पीढ़ी के जल आधारित सीईडी अनुप्रयोगों के लिए उपयोग नहीं किया जाता है।

viii. बीई188 और बीई188ईएल का आयात एलईआर के अन्य ग्रेडों की औसत कीमत के समान कीमत पर किया जा रहा है, जो दर्शाता है कि निर्यातकों ने ऐसे ग्रेडों के लिए वास्तविक रूप से अधिक कीमत प्रभारित नहीं की है।

ix. आवेदकों में से एक, अतुल लिमिटेड ने भारत में प्रयोक्ताओं के लिए बीई188 ग्रेड के तुलनीय उत्पाद का उत्पादन और नियमित रूप से बिक्री की है। इसके अलावा, अतुल लिमिटेड ने भी बीई188ईएल ग्रेड के समान उत्पाद का उत्पादन और आपूर्ति प्रयोक्ताओं के लिए की है, लेकिन यह वर्तमान में प्रयोक्ताओं की आंतरिक नौकरशाही गुणवत्ता जांच प्रक्रिया के अधीन है, जो घरेलू उद्योग के नियंत्रण से बाहर है।

x. एक अन्य भारतीय उत्पादक, ग्रासिम इंडस्ट्रीज ने प्रयोक्ताओं द्वारा स्वीकार किए गए अनुसार, प्रयोक्ताओं को बीई188 और बीई188ईएल के स्थानापन्न ग्रेडों का उत्पादन और बिक्री की है।

xi. तकनीकी मापदंडों की तुलना से यह सिद्ध होता है कि भारतीय उद्योग द्वारा उत्पादित उत्पाद में आयातित बीई188 और बीई188ईएल के तुलनीय तकनीकी विशेषताएँ हैं।

xii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के तर्कों के विपरीत, पार्टिकल आकार, अमीन मान, आणविक भार, ड्राई फिल्म मोटाई वितरण और उच्च संक्षारण प्रतिरोध जैसे पैरामीटर, उत्पाद के ब्रोशर और तकनीकी डेटा शीट से देखे गए अनुसार, संबद्ध वस्तु के विनिर्देशनों के लिए अनावश्यक हैं। ऐसे मापदंड डाउनस्ट्रीम सीईडी कोटिंग्स से संबंधित हैं, जो एलईआर और अन्य कच्ची सामग्री का उपयोग करके उत्पादित किए जाते हैं।

xiii. उत्पाद, कीमत और उपयोग में समानता को ध्यान में रखते हुए, बीई188 और बीई188ईएल ग्रेडों का उपयोग एलईआर के किसी भी अन्य ग्रेड के साथ परस्पर रूप से किया जा सकता है।

xiv. बीई188 और बीई188ईएल को जांच से बाहर करने से शुल्क का प्रवंचन हो सकता है और शुल्कों का उद्देश्य विफल हो जाएगा, क्योंकि इन ग्रेडों की कीमत और तकनीकी मानदंड एलईआर के अन्य ग्रेडों के समान ही हैं। जांच के बाहर किए जाने की स्थिति में, ऐसे ग्रेडों को अन्य अनुप्रयोगों में उपयोग के लिए भी आयात किया जाएगा।

xv. प्राधिकारी ने फॉस्फोरिक एसिड से संबंधित जांच में खाद्य ग्रेड एसिड को शामिल किया क्योंकि यह भारतीय उद्योग द्वारा उत्पादित किया गया था और इसका उपयोग एसिड के अन्य ग्रेडों के स्थान पर किया जा सकता था।

xvi. बीई188 और बीई188ईएल ग्रेडों को जांच से बाहर करने से सीमा शुल्क स्तर पर उत्पाद की पहचान करने में कठिनाइयाँ आएंगी, क्योंकि सभी एलईआर के लिए सीएएस संख्या समान है।

xvii. अमेरिकी वाणिज्य विभाग और यूरोपीय आयोग ने कतिपय उत्पाद ग्रेडों को जांच से बाहर करने से मना कर दिया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ऐसे ग्रेडों के आयात से संभावित धोखाधड़ी न हो।

xviii. प्रयोक्ताओं ने भारतीय स्थानापन्न ग्रेडों का उपयोग करने का प्रयास नहीं किया है और सस्ते दामों के कारण आयातित ग्रेड बीई188 और बीई188ईएल को प्राथमिकता दी है। ऐसे ग्रेडों को जांच से बाहर करने से प्रयोक्ताओं की माँग इन ग्रेडों की ओर परिवर्तित हो सकती है।

xix. बीई188 और बीई188ईएल ग्रेडों को जांच से बाहर करने से अतुल लिमिटेड द्वारा एक तुलनीय उत्पाद विकसित करने के प्रयास हतोत्साहित हो जाएंगे।

xx. पीसीएन पद्धति को तैयार करने की कोई आवश्यकता नहीं है, क्योंकि अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा पहचाने गए मापदंडों का उत्पाद की लागत या कीमतों पर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ता है।

ग.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

6. जांच शुरूआत के समय विचाराधीन उत्पाद को "तरल एपॉक्सी रेजिन" के रूप में परिभाषित किया गया था।

3. वर्तमान जांच में विचाराधीन उत्पाद तरल एपॉक्सी रेजिन (एलईआर) है। तरल एपॉक्सी रेजिन को थर्मोसेटिंग रेजिन के रूप में उनकी भूमिका के लिए जाना जाता है, जो एक कठोरीकरण एजेंट के साथ मिश्रित होने पर अपने संक्षारण और रासायनिक प्रतिरोध के लिए सुज्ञात पदार्थ बनाते हैं, जिसमें मजबूत चिपकने वाले गुण होते हैं।

4. तरल एपॉक्सी रेजिन थर्मोसेटिंग पॉलिमर होते हैं जिनकी विशेषता कम से कम दो एपॉक्साइड समूहों की उपस्थिति होती है, जो एपॉक्सी रेजिन की संरचना और प्रतिक्रियाशीलता के लिए मौलिक विशेषताएं हैं। तरल एपॉक्सी रेजिन के उत्पादन के लिए मुख्य रासायनिक अभिक्रिया, क्षारीय माध्यम में और नियंत्रित तापमान स्थितियों में एपिक्लोरोहाइड्रिन और बिस्फेनॉल-ए के बीच अभिक्रिया है। उपयुक्त क्यूरिंग एजेंटों के साथ संयोजित होने पर तरल एपॉक्सी रेजिन बहुत अच्छे यांत्रिक, चिपकने वाले, परावैद्युत, संक्षारणरोधी और रासायनिक प्रतिरोधक गुण प्रदर्शित करते हैं।

5. तरल एपॉक्सी रेजिन निम्न या उच्च आणविक भार वाले प्री-पॉलिमर के रूप में मौजूद हो सकते हैं। अपनी पॉलिमराइजेशन प्रक्रिया की प्रकृति के कारण तरल एपॉक्सी रेजिन आमतौर पर श्रृंखला लंबाई की एक रेंज प्रदर्शित करते हैं, तथापि उच्च शुद्धता ये ग्रेड विशिष्ट अनुप्रयोगों के लिए विशेष रूप से आसवन शुद्धिकरण प्रक्रियाओं के माध्यम से प्राप्त किए जा सकते हैं। सम्मिश्रण, योजकों और फिलर्स के उपयोग को प्रायः निर्माण कहा जाता

है। विचाराधीन उत्पाद में सभी प्रकार और ग्रेड के तरल एपॉक्सी रेजिन शामिल हैं, जिनमें विभिन्न आणविक भार, श्यानताएँ और उपचार समयावधि शामिल हैं।

6. तरल एपॉक्सी रेजिन का व्यापक रूप से सुरक्षात्मक कोटिंग्स, आसंजकों, निर्माण एवं सिविल इंजीनियरिंग, समुद्री एवं अंडरवाटर, विद्युत एवं इलेक्ट्रॉनिक्स और मिश्रित अनुप्रयोगों में उपयोग किया जाता है।

7. पीयूसी का आयात सामान्यतः सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 की अनुसूची-I के एचएस कोड 3907.3010 और 3907.3090 के अंतर्गत भारत में किया जाता है। तथापि, यह संभव है कि संबद्ध वस्तुओं का आयात अन्य शीर्षों के अंतर्गत भी किया जा सकता है और इसलिए, सीमा शुल्क टैरिफ शीर्ष केवल सांकेतिक हैं और उत्पाद के दायरे पर बाध्यकारी नहीं हैं। पाटन और क्षति विश्लेषण के प्रयोजनार्थ डीजी सिस्टम्स डेटाबेस से आयात डेटा का मूल्यांकन उपरोक्त टैरिफ कोडों के लिए किया गया है।

7. प्राधिकारी ने सभी हितबद्ध पक्षकारों को विचाराधीन उत्पाद और पीसीएन के दायरे पर अपने अनुरोध प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया। हितबद्ध पक्षकारों को निर्देश दिए गए कि वे विचाराधीन उत्पाद के दायरे और पीसीएन पद्धति के संबंध में टिप्पणियां या सुझाव, यदि कोई हो, जांच की शुरूआत की तारीख से 30 दिनों के भीतर प्रस्तुत करें। तत्पश्चात, प्राधिकारी को विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों से टिप्पणियाँ प्राप्त हुईं। विचाराधीन उत्पाद के दायरे और पीसीएन पद्धति को अंतिम रूप देने के लिए 23 अगस्त, 2024 को एक बैठक आयोजित की गई थी।

8. विरोधी हितबद्ध पक्षकारों ने तर्क दिया कि विचाराधीन उत्पाद का दायरा व्यापक है और इसके संबंध में स्पष्टीकरण प्रदान करने की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त, यह तर्क दिया गया कि कुछ उत्पाद प्रकारों या ग्रेडों को उत्पाद के दायरे से स्पष्ट रूप से बाहर रखा जाना चाहिए, क्योंकि घरेलू उद्योग द्वारा यथाप्रस्तावित उत्पाद का दायरा अस्पष्ट था। इन टिप्पणियों के अनुसरण में, घरेलू उद्योग ने उत्पाद के दायरे पर अतिरिक्त स्पष्टीकरण प्रस्तुत किए। घरेलू उद्योग और अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के आधार पर, दिनांक 15 अक्टूबर, 2024 के नोटिस के माध्यम से यह स्पष्ट किया गया था कि विचाराधीन उत्पाद का दायरा एपिक्लोरोहाइड्रिन और बिस्फेनॉल ए के बीच रासायनिक अभिक्रिया द्वारा उत्पादित तरल एपॉक्सी रेजिन तक सीमित है, जहाँ एलईआर का समतुल्य भार =< 300 ग्राम/समतुल्य तक सीमित है। इसमें ठोस, अर्ध-ठोस, विलयन या जलजनित रूप में एपॉक्सी रेजिन शामिल नहीं

हैं। इसमें मिश्रित और परिवर्तित एलईआर, ब्रोमीनेटेड विलायक एपॉक्सी रेजिन भी शामिल नहीं हैं।

9. तथापि, अपने लिखित अनुरोधों में, अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने आगे तर्क दिया है कि एलईआर का समतुल्य भार =< 250 ग्राम/समतुल्य एलईआर तक सीमित होना चाहिए, क्योंकि एलईआर का समतुल्य भार 250 ग्राम/समतुल्य से अधिक होने पर उत्पाद तरल अवस्था से अर्ध-ठोस अवस्था में परिवर्तित हो जाता है। इसके अलावा, अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने यह भी तर्क दिया कि विचाराधीन उत्पाद को उत्पाद क्षेत्र में एलईआर कवर की विशिष्ट सीएएस संख्या अर्थात सीएएस 25068-38-6 और ईयू के आरईएसीएच विनियमों: सीएएस 1675-54-3 का उपयोग करके परिभाषित किया जाना चाहिए। घरेलू उद्योग ने उत्पाद के दायरे में ऐसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण जोड़े जाने पर कोई आपत्ति प्रस्तुत नहीं की है।

10. प्रयोक्ता एसोसिएशन ने तर्क दिया कि अगली पीढ़ी के जल आधारित सीईडी पेंट के निर्माण में प्रयुक्त विशेष ग्रेड बीई188/बीई188ईएल को जांच से बाहर रखा जाना आवश्यक है, क्योंकि घरेलू उद्योग ने न तो ऐसे ग्रेड का उत्पादन किया है और न ही किसी अन्य स्थानापन्न ग्रेड का उत्पादन और बिक्री की है। एसोसिएशन ने तर्क दिया कि बीई188/बीई188ईएल उच्च कीमत वाले विशेष ग्रेड हैं, जिनका अनुप्रयोग बहुत सीमित है और परिणामस्वरूप बेहतर गुणवत्ता वाले डाउनस्ट्रीम उत्पाद प्राप्त होते हैं। यह आरोप लगाया गया कि घरेलू उद्योग ने इन विशेष ग्रेडों के स्थानापन्न का व्यावसायिक रूप से विक्रय नहीं किया है और इसका स्थानापन्न उत्पाद केवल परीक्षण के चरण में है। इसके अलावा, यद्यपि अन्य भारतीय उत्पादक, ग्रासिम इंडस्ट्रीज ने विशेष ग्रेड के स्थानापन्न का प्रस्ताव किया, तथापि वह उत्पाद निम्न गुणवत्ता का था। अंत में, एसोसिएशन ने तर्क दिया कि यदि विशेष ग्रेड बीई188/बीई188ईएल को उत्पाद के दायरे से बाहर नहीं रखा जाता है, तो प्राधिकारी को अगली पीढ़ी के जल आधारित सीईडी पेंट में उपयोग के लिए आयातित बीई188/बीई188ईएल को भी जांच से बाहर रखना चाहिए।

11. दूसरी ओर, घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया कि बीई188/बीई188ईएल ग्रेडों को जांच से बाहर करना उचित नहीं है, क्योंकि एलईआर के अन्य ग्रेडों की तुलना में ऐसे ग्रेडों के तकनीकी मापदंडों, अंतिम उपयोग और कीमतों में कोई वास्तविक अंतर नहीं है। घरेलू उद्योग ने तर्क दिया कि यद्यपि वह बीई188 के समतुल्य उत्पाद का नियमित रूप से उत्पादन और बिक्री करता है, साथ ही उसने बीई188ईएल के समतुल्य एक उत्पाद भी विकसित किया है और उपभोक्ताओं को उसकी आपूर्ति की है। तथापि, उत्पाद उपभोक्ताओं के साथ आंतरिक विश्लेषण के अधीन है। समर्थन में, घरेलू उद्योग ने आपूर्ति किए गए तुलनीय ग्रेडों के

तकनीकी डेटा शीट, बिक्री सूची, पत्राचार और बीजक प्रस्तुत किए। इसके अलावा, घरेलू उद्योग ने एक अन्य भारतीय उत्पादक, ग्रासिम इंडस्ट्रीज द्वारा उत्पादित और बेचे गए तुलनीय ग्रेडों के तकनीकी डेटा शीट और बिक्री बीजक भी प्रस्तुत किए। अंत में, घरेलू उद्योग ने आयातित और घरेलू स्तर पर उत्पादित एलईआर ग्रेडों में तकनीकी मापदंडों की समानता प्रदर्शित करने के लिए बीई188/बीई188ईएल ग्रेडों की आपूर्ति करने वाले ताइवान के उत्पादक द्वारा जारी ब्रोशर भी प्रस्तुत किया।

12. प्राधिकारी ने प्रयोक्ता एसोसिएशन और घरेलू उद्योग द्वारा दिए गए तर्कों की जांच की है। यह देखा गया है कि बीई188 और बीई188ईएल ग्रेडों का उत्पादन और आपूर्ति करने वाले ताइवान के उत्पादक के ब्रोशर में यह उल्लेख है कि इन ग्रेडों का उपयोग विद्युत घटकों, लेमिनेशन, संसेचन, आसंजक और सिविल इंजीनियरिंग अनुप्रयोगों के लिए कास्टिंग, पोटिंग और एनकैप्सुलेशन हेतु किया जा सकता है। ऐसे अनुप्रयोग विशिष्ट अनुप्रयोग नहीं हैं और सामान्य अनुप्रयोग हैं, जिनके लिए किसी अन्य ग्रेड के एलईआर का भी उपयोग किया जा सकता है।

13. यद्यपि अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने यह दर्शाने के लिए पत्राचार प्रस्तुत किए हैं कि घरेलू उद्योग ने बीई188/बीई188ईएल के ऐसे प्रतिस्थापन ग्रेड का उत्पादन नहीं किया है जो व्यावसायिक बिक्री के लिए तैयार हों, घरेलू उद्योग ने अतुल लिमिटेड के तकनीकी डेटा शीट, बिक्री सूची और बिक्री बीजक प्रस्तुत किए हैं ताकि यह प्रदर्शित किया जा सके कि उसने बीई188 के तुलनीय ग्रेड का उत्पादन और बिक्री की है। ऐसी तकनीकी डेटा शीट अतुल लिमिटेड की वेबसाइट पर उपलब्ध है, जो दर्शाती है कि उत्पाद उपभोक्ताओं को बिक्री के लिए उपलब्ध कराया गया है। घरेलू उद्योग ने तकनीकी डेटा शीट, ईमेल पत्राचार और आपूर्ति बीजक भी प्रस्तुत किए हैं, जिनसे पता चलता है कि उसने बीई188ईएल का एक स्थानापन्न उत्पादित किया है, जो उपभोक्ताओं के आंतरिक परीक्षण और अनुमोदन के लिए लंबित है। इसके अलावा, यह देखा गया है कि आयातित ग्रेड और घरेलू ग्रेड के तकनीकी मापदंड वास्तविक रूप से भिन्न नहीं हैं। घरेलू उद्योग ने यह भी प्रदर्शित किया है कि बीई188 और बीई188ईएल ग्रेडों का औसत आयात कीमत एलईआर के अन्य ग्रेड के औसत कीमत से तुलनीय है। इसके विपरीत, एसोसिएशन ने कथित विशेष ग्रेडों और एलईआर के अन्य ग्रेडों के बीच कीमतों में अंतर प्रदर्शित करने के लिए कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया है।

14. निर्णायक रूप से, यह माना जाता है कि घरेलू उद्योग को आयातित उत्पादों के समान वस्तु का उत्पादन करना अपेक्षित नहीं है। समान वस्तु के अभाव में, ऐसी वस्तु जिसकी विशेषताएँ विचाराधीन उत्पाद से काफी मिलती-जुलती हों, उसे 'समान वस्तु' माना जा सकता है। अत: यदि बीई188ईएल का उत्पादन नहीं भी होता है तो यह नहीं माना जा सकता कि

घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित अन्य ग्रेड आयातित ग्रेड के समान वस्तु नहीं हैं। जैसा ऊपर नोट किया गया है, प्रयोक्ताओं के दावों के बावजूद, बीई188ईएल ग्रेड का उपयोग अनेक अनुप्रयोगों के लिए किया जा रहा है, जिसमें घरेलू उद्योग द्वारा आपूर्ति किए जा रहे अनुप्रयोग भी शामिल हैं। घरेलू उद्योग ने यह भी दर्शाया है कि इन ग्रेडों का आयात उन प्रयोक्ताओं द्वारा किया जा रहा है जो विशिष्ट अनुप्रयोगों के लिए उत्पादों की आपूर्ति नहीं करते हैं। इस बात पर कोई विवाद नहीं है कि घरेलू उद्योग इन अनुप्रयोगों में अन्य ग्रेडों के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहा है। वर्तमान मामले में, यह देखा गया है कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित उत्पाद में आयातित ग्रेडों के समान तकनीकी विशेषताएँ और अंतिम उपयोग हैं। चूँकि घरेलू उद्योग ने ऐसे उत्पाद ग्रेड का उत्पादन और प्रस्ताव किया है जिनकी तकनीकी विशेषताएँ आयातित उत्पाद के समान हैं, इसलिए ऐसे ग्रेड को जांच से बाहर करना उचित नहीं है।

15. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने स्वीकार किया है कि यद्यपि एक अन्य भारतीय उत्पादक, ग्रासिम इंडस्ट्रीज ने बीई188/बीई188ईएल के स्थानापन्न ग्रेड का उत्पादन और आपूर्ति की है, तथापि ऐसे उत्पाद के परिणामस्वरूप डाउनस्ट्रीम उत्पाद की गुणवत्ता खराब रही। घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत तकनीकी डेटा शीट के आधार पर, यह देखा गया है कि ग्रासिम द्वारा प्रस्तुत उत्पाद के तकनीकी मापदंड आयातित उत्पाद के समान हैं। इस प्रकार, डाउनस्ट्रीम उत्पाद की गुणवत्ता में अंतर केवल उत्पादक द्वारा आपूर्ति किए गए एलईआर के कारण नहीं माना जा सकता। इसके अलावा, यह सुस्थापित है कि उत्पाद की गुणवत्ता उत्पाद को जांच से बाहर रखने का आधार नहीं हो सकती है।

16. उपरोक्त के मद्देनजर, यह निष्कर्ष निकाला गया है कि बीई188 और बीई188ईएल ग्रेडों के विशिष्ट अनुप्रयोग नहीं हैं और इनका उपयोग सामान्य अनुप्रयोगों के लिए किया जाता है। बीई188, बीई188ईएल और एलईआर के अन्य ग्रेडों की कीमत में कोई अंतर नहीं है। घरेलू उद्योग ने बीई188 के तुलनीय ग्रेड का उत्पादन और बिक्री की है और बीई188ईएल का उत्पादन किया है जिसका उपभोक्ताओं द्वारा आंतरिक परीक्षण लंबित है। इसके अलावा, एसोसिएशन ने स्वीकार किया है कि अन्य भारतीय उत्पादकों ने बीई188 और बीई188ईएल के तुलनीय ग्रेड का उत्पादन और बिक्री की है। अंत में, यह नोट किया जाता है कि विचाराधीन उत्पाद, जिस पर शुल्क लगाया जाना है, का दायरा इस प्रकार परिभाषित किया जाना है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि शुल्क लगाने का प्रयोजन और मंशा पूरी हो। पाटनरोधी शुल्क लगाने का उद्देश्य उद्योग को क्षतिकारी पाटन से बचाना है। यदि कतिपय उत्पादों को बाहर रखने से प्रवंचना के कारण उद्योग को लगातार क्षति हो रही है, तो ऐसे शुल्क का उद्देश्य ही विफल हो जाएगा। वर्तमान मामले में, बीई188, बीई188ईएल और एलईआर के अन्य ग्रेडों के तकनीकी मापदंडों, उपयोगों और कीमतों में कोई अंतर नहीं है।

इसके अलावा, सभी एलईआर के लिए सीएएस संख्या समान है। परिणामस्वरूप, इन दो विशिष्ट ग्रेडों की पहचान करने का अतिरिक्त दायित्व सीमा शुल्क प्राधिकारियों पर पड़ेगा। यदि बीई188 और बीई188ईएल ग्रेडों को दायरे से बाहर रखा जाता है, तो आयातक केवल बीई188 और बीई188ईएल ग्रेड लाएंगे और उन्हें एलईआर के अन्य ग्रेडों के स्थान पर बाज़ार में बेचेंगे, जिससे जांच का उद्देश्य ही विफल हो जाएगा। तदनुसार, बीई188 और बीई188ईएल ग्रेडों को जांच से बाहर रखना उचित नहीं है।

17. प्रयोक्ता एसोसिएशन के इस तर्क के संबंध में कि उन्हें पीयूसी/पीसीएन के दायरे पर अनुरोध करने के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया गया था और यह कि उनके समय विस्तार संबंधी अनुरोधों को अस्वीकार कर दिया गया, प्राधिकारी ने नोट करते हैं कि पाटनरोधी जांच समयबद्ध होती है और उसे एक निर्दिष्ट समय के भीतर पूरा किया जाना आवश्यक है। किसी भी स्थिति में, हितबद्ध पक्षकारों को पीयूसी/पीसीएन के दायरे संबंधी बैठक के बाद अनुरोधों पर विस्तार से चर्चा करने का एक और अवसर प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त, हितबद्ध पक्षकार विचाराधीन उत्पाद और पीसीएन के दायरे के संबंध में भी तर्क प्रस्तुत करने में सक्षम रहे हैं, जिन पर प्राधिकारी द्वारा विचार किया गया है। इस प्रकार, प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों को अपने अनुरोध करने के लिए पर्याप्त समय और अवसर प्रदान किया है।

18. कुछ हितबद्ध पक्षकारों ने तर्क दिया है कि वर्तमान जांच में एक पीसीएन पद्धति अपनाने की आवश्यकता है। पिडिलाइट इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने उत्पादों की श्यानता के आधार पर एक पीसीएन पद्धति का प्रस्ताव रखा है। प्रयोक्ता ने दावा किया कि उच्च और निम्न श्यानता के एलईआर के बीच उत्पादन लागत और बिक्री कीमत में अंतर था। तथापि, यह नोट किया जाता है कि प्रयोक्ता ने अलग-अलग श्यानता वाली संबद्ध वस्तुओं की लागत और कीमत में अंतर प्रदर्शित करने के लिए कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया है। इसके अतिरिक्त, न तो घरेलू उद्योग और न ही भाग लेने वाले विदेशी उत्पादकों ने अलग-अलग श्यानता वाली संबद्ध वस्तुओं की लागत और कीमत में भारी अंतर की जानकारी दी है। इसलिए, यह दावा स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

19. कुछ हितबद्ध पक्षकारों ने विचाराधीन उत्पाद के व्यापक दायरे की धारणा पर एक पीसीएन पद्धति का प्रस्ताव किया है। तथापि, चूँकि विचाराधीन उत्पाद का दायरा स्पष्ट कर दिया गया है और इन हितबद्ध पक्षकारों द्वारा अनुमान के अनुसार व्यापक नहीं है, इसलिए प्राधिकारी ने इस आधार पर पीसीएन पद्धति अधिसूचित करना उचित नहीं समझा।

20. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रदान की गई सूचना के आधार पर प्राधिकारी ने निष्कर्ष निकाला है कि विभिन्न उत्पाद रूपों के बीच महत्वपूर्ण लागत/कीमत अंतर का संकेत देने वाला कोई साक्ष्य नहीं है। तदनुसार, संबद्ध जांच में पीसीएन पद्धति की कोई आवश्यकता नहीं थी।

21. तदनुसार, विचाराधीन उत्पाद का दायरा निम्नानुसार निर्धारित किया जाना प्रस्तावित है:-

3. वर्तमान जांच में विचाराधीन उत्पाद तरल एपॉक्सी रेजिन (एलईआर) है। तरल एपॉक्सी रेजिन को थर्मोसेटिंग रेजिन के रूप में उनकी भूमिका के लिए जाना जाता है, जो एक कठोरीकरण एजेंट के साथ मिश्रित होने पर, अपने संक्षारण और रासायनिक प्रतिरोध के लिए सर्वज्ञात सामग्री बनाते हैं, जिसमें मजबूत अधेसिव विशेषताए होती हैं।

4. यह स्पष्ट किया जाता है कि विचाराधीन उत्पाद का दायरा सीएएस संख्या 25068-38-6 और ईयू के आरईएसीएच विनियमों के अनुसार सीएएस संख्या 1675-54-3 वाले तरल एपॉक्सी रेजिन तक सीमित है, जो एपिक्लोरोहाइड्रिन और बिस्फेनॉल ए के बीच रासायनिक अभिक्रिया द्वारा उत्पादित होता है, जहाँ एलईआर का समतुल्य भार =< 250 ग्राम/समतुल्य तक सीमित है। इसमें ठोस, अर्ध-ठोस, विलयन या जलजनित रूप में एपॉक्सी रेजिन शामिल नहीं हैं। इसमें मिश्रित और परिवर्तित एलईआर, ब्रोमीनेटेड विलायक एपॉक्सी रेजिन भी शामिल नहीं हैं।

5. तरल एपॉक्सी रेजिन थर्मोसेटिंग पॉलिमर होते हैं जिनकी विशेषता कम से कम दो एपॉक्साइड समूहों की उपस्थिति होती है, जो एपॉक्सी रेजिन की संरचना और प्रतिक्रियाशीलता की मौलिक विशेषता है। तरल एपॉक्सी रेजिन के उत्पादन के लिए मुख्य रासायनिक अभिक्रिया, क्षारीय माध्यम में और नियंत्रित तापमान स्थितियों में एपिक्लोरोहाइड्रिन और बिस्फेनॉल-ए के बीच की अभिक्रिया है। उपयुक्त क्योरिंग एजेंटों के साथ संयोजित होने पर, तरल एपॉक्सी रेजिन बहुत अच्छे यांत्रिक, आसंजक, परावैद्युत, संक्षारणरोधी और रासायनिक प्रतिरोधक गुण प्रदर्शित करते हैं।

6. तरल एपॉक्सी रेजिन निम्न या उच्च आणविक भार वाले प्री-पॉलिमर के रूप में मौजूद हो सकते हैं। अपनी पॉलीमराइजेशन प्रक्रिया की प्रकृति के कारण, तरल एपॉक्सी रेजिन विशिष्ट रूप से श्रृंखला लंबाई की एक रेंज प्रदर्शित करती है, तथापि विशिष्ट अनुप्रयोगों के लिए, विशेष रूप से आसवन शुद्धिकरण प्रक्रियाओं के माध्यम से उच्च शुद्धता ग्रेड प्राप्त किए जा सकते हैं। मिश्रण, योजक और फिलर्स के उपयोग

को प्राय: निर्माणीकरण कहा जाता है। विचाराधीन उत्पाद में विभिन्न आणविक भार, श्यानता और क्योरिंग समयावधि को शामिल करते हुए, सभी प्रकार और ग्रेड के तरल एपॉक्सी रेजिन शामिल हैं।

7. तरल एपॉक्सी रेजिन का व्यापक रूप से सुरक्षात्मक कोटिंग्स, आसंजक, निर्माण और सिविल इंजीनियरिंग, समुद्री और अंडरवाटर, विद्युत और इलेक्ट्रॉनिक्स और समग्र अनुप्रयोग में व्यापक रूप से प्रयोग किया जाता है।

8. पीयूसी का आयात सामान्यतः सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 की अनुसूची I के एचएस कोड 3907.3010 और 3907.3090 के अंतर्गत भारत में किया जाता है। तथापि, यह संभव है कि संबद्ध वस्तुओं का आयात अन्य शीर्षों के अंतर्गत भी किया जा सकता है और इसलिए, सीमा शुल्क टैरिफ शीर्ष केवल सांकेतिक है और उत्पाद के दायरे पर बाध्यकारी नहीं है। पाटन और क्षति विश्लेषण के प्रयोजनार्थ डीजी सिस्टम्स डेटाबेस से आयात डेटा का मूल्यांकन उपरोक्त टैरिफ कोडों के लिए किया गया है।

घ. घरेलू उद्योग का दायरा और स्थिति

घ.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार

22. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने घरेलू उद्योग के दायरे और स्थिति के संबंध में कोई अनुरोध नहीं किए हैं।

घ.2 घरेलू उद्योग के विचार

23. घरेलू उद्योग ने घरेलू उद्योग के दायरे और स्थिति के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. आवेदकों के अलावा, देश में संबद्ध वस्तुओं का एक अन्य उत्पादक है, जिसने थाईलैंड से संबद्ध वस्तु का आयात किया है।

ii. आवेदकों का संबद्ध वस्तु के लिए कुल पात्र भारतीय उत्पादन में 100 प्रतिशत हिस्सा बनता है।

iii. घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित वस्तु और संबद्ध देशों से आयातित वस्तु के बीच ज्ञात कोई अंतर नहीं है।

iv. यद्यपि आवेदकों में से एक ने 2020-21 में संबद्ध वस्तु का आयात किया था, आवेदकों ने जांच अवधि के दौरान संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु का आयात नहीं किया है और वे संबद्ध देशों में संबद्ध वस्तु के किसी निर्यातक या भारत में संबद्ध वस्तु के आयातक से संबंधित नहीं हैं।

<u>घ.3 प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

24. पाटनरोधी नियमावली का 2(ख) घरेलू उद्योग को निम्नानुसार परिभाषित करता है: -

"घरेलू उद्योग" का तात्पर्य ऐसे समग्र घरेलू उत्पादकों से है जो समान वस्तु के विनिर्माण और उससे जुड़े किसी कार्यकलाप में संलग्न हैं अथवा उन उत्पादकों से है, जिनका उक्त वस्तु का सामूहिक उत्पादन उक्त वस्तु के कुल घरेलू उत्पादन का एक बड़ा हिस्सा बनता है, परन्तु जब ऐसे उत्पादक कथित पाटित वस्तु के निर्यातकों या आयातकों से संबंधित होते हैं या वे स्वयं उसके आयातक होते हैं। ऐसे मामले "घरेलू उद्योग" शेष उत्पादकों को समझा जाएगा।

25. यह आवेदन अतुल लिमिटेड और हिंदुस्तान स्पेशियलिटी केमिकल्स लिमिटेड द्वारा दायर किया गया है। आवेदकों ने बताया है कि देश में संबद्ध वस्तु का एक अन्य उत्पादक, ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड है। तथापि, यह दावा किया गया था कि ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने थाईलैंड में अपने संबद्ध पक्षकार अर्थात् आदित्य बिड़ला केमिकल्स (थाईलैंड) लिमिटेड से संबद्ध वस्तु काफी अधिक मात्रा में आयात किया है। संबद्ध निर्यातक, आदित्य बिड़ला केमिकल्स (थाईलैंड) लिमिटेड ने एक निर्यातक प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत किया है और वर्तमान जांच में भाग ले रहा है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, ग्रासिम इंडस्ट्रीज ने संबद्ध वस्तु का *** मीट्रिक टन आयात किया है, जो भारत में आयात के संबंध में *** प्रतिशत है और काफी अधिक है। इसके अलावा, आदित्य बिड़ला केमिकल्स (थाईलैंड) लिमिटेड, जो थाईलैंड से विचाराधीन उत्पाद का एकमात्र निर्यातक है, ने काफी अधिक निर्यात किया है और कंपनी द्वारा निर्यात भारत में कुल संबद्ध आयात का ***प्रतिशत बनता है। ग्रासिम द्वारा किए गए आयातों की काफी अधिक मात्रा और थाईलैंड के उत्पादक/निर्यातक के साथ उसके संबंधों को देखते हुए कंपनी को नियमावली के नियम 2(ख) के अर्थ के भीतर संबद्ध वस्तु के घरेलू उत्पादक के रूप में अपात्र माना जाता है। परिणामस्वरूप, संबद्ध वस्तु के कुल भारतीय

उत्पादन का निर्धारण करते समय ग्रासिम द्वारा संबद्ध वस्तु के उत्पादन पर विचार नहीं किया गया है।

26. आवेदकों ने सूचित किया है कि उन्होंने जांच अवधि के दौरान संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु का आयात नहीं किया है और वे संबद्ध देशों में संबद्ध वस्तुके किसी निर्यातक या भारत में संबद्ध वस्तु के किसी आयातक से संबंधित नहीं हैं। इसके अतिरिक्त, आवेदकों का उत्पादन कुल घरेलू उत्पादन का संपूर्ण हिस्सा है जैसा कि नीचे दी गई तालिका से देखा जा सकता है। इस प्रकार, आवेदक पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ख) के अंतर्गत यथापरिभाषित घरेलू उद्योग का गठन करते हैं और आवेदन पाटनरोधी नियमावली के नियम 5(3) के अनुसार स्थिति संबंधी अपेक्षा को पूरा करता है।

विवरण	यूनिट	उत्पादन	उत्पादन हिस्सा
पात्र घरेलू उत्पादन			
आवेदक	एमटी	***	100%
अतुल	एमटी	***	***%
एचएससीएल	एमटी	***	***%
कुल पात्र घरेलू उत्पादन	एमटी	***	100%
अपात्र घरेलू उत्पादन			
ग्रासिम	एमटी	***	-
कुल भारतीय उत्पादन	एमटी	1,08,777	-

ड. गोपनीयता

ड.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार

27. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने घरेलू उद्योग द्वारा दावा की गई गोपनीयता के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं।

i. घरेलू उद्योग ने अत्यधिक गोपनीयता का दावा किया है और उत्पादन प्रक्रिया के व्यापक चरण-वार विवरण तथा रूझान के रूप में किए गए आयातों का विवरण उपलब्ध नहीं कराया है।

ii. घरेलू उद्योग ने मौखिक सुनवाई में सौदावार आयात विवरण प्रस्तुत किया, जिसमें मात्रा, मूल्य, आयातक/उपभोक्ता का नाम और सौदे की तारीख शामिल है। ऐसी

विस्तृत जानकारी बाजार आसूचना से प्राप्त नहीं की जा सकती और घरेलू उद्योग को अपने स्रोत का प्रकटन करना होगा।

ड.2 घरेलू उद्योग के विचार

28. घरेलू उद्योग ने अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दावा की गई गोपनीयता के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने अत्यधिक गोपनीयता का दावा किया है जो व्यापार सूचना 10/2018 का उल्लंघन है।

ii. विदेशी उत्पादकों ने संबद्ध वस्तु के उत्पादन में प्रयुक्त कच्ची सामग्री सहित संपूर्ण उत्पादन प्रक्रिया को गोपनीय बताया है। घरेलू उद्योग ने अपने आवेदन में यही उल्लेख किया है।

iii. सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत तुलनीयता के लिए समायोजन के सभी दावों को गोपनीय बताया गया है। ऐसी जानकारी अंततः अंतिम जांच परिणामों में प्रकट की जाती है जब प्राधिकारी दावा किए गए समायोजनों की रिपोर्टिंग के लिए प्रयुक्त समायोजन पद्धति का प्रकटन करते हैं।

iv. एबीसीटीएल और कुकडो केमिकल्स ने बेचे गए उत्पादों की सूची और वितरण चैनलों को गोपनीय बताया है। निर्यात किए गए उत्पादों का नाम और भारत में संबद्ध वस्तु के निर्यात के लिए मूल्य श्रृंखला को गोपनीय नहीं बताया जा सकता है।

v. एबीसीटीएल ने विभिन्न प्रश्नों के उत्तर में विरोधाभासी विवरण दिए हैं। यह स्पष्ट नहीं है कि उन्होंने संबंधित पक्षकार के माध्यम से संबद्ध वस्तु की बिक्री की है या नहीं।

vi. कुकडो केमिकल्स ने उत्पादों की सूची, शेयरधारिता संरचना, संबद्ध संस्थाओं की सूची से संबंधित जानकारी को गोपनीय बताया है, जबकि ऐसी जानकारी सार्वजनिक डोमेन में सरलता से उपलब्ध है।

vii. आयातकों ने प्रश्नों के उत्तरों को जैसे कि डाउनस्ट्रीम उत्पादों के उत्पादन की विनिर्माण प्रक्रिया को पूर्ण रूप से गोपनीय बताया है।

viii. कंसाई नेरोलैक ने हितबद्ध पक्षकार के रूप में पंजीकरण किए बिना प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत किया है।

ix. कंसाई नेरोलैक ने दावा किया है कि ऐसे प्रश्नों के उत्तर गोपनीय हैं जैसे क्या समान वस्तु और संबद्ध देशों से आयातित संबद्ध वस्तु में कोई अंतर है और क्या विदेशी

उत्पादकों को तुलनात्मक लाभ प्राप्त हैं। ऐसी जानकारी उत्पाद के दायरे से संबंधित है और आयातक के व्यवसाय से संबंधित नहीं है।

x. कंसाई नेरोलैक ने यह भी दावा किया है कि उत्पादित उत्पादों की सूची और आर्थिक हित प्रश्नावली के उत्तर इस सीमा तक गोपनीय हैं कि घरेलू उद्योग इसमें दी गई जानकारी को समझने में सक्षम नहीं है।

xi. ऐसे अत्यधिक गोपनीयता के दावे घरेलू उद्योग को उन पर टिप्पणी करने से रोकने और गलत दावे करते हुए बच निकलने के दुर्भावनापूर्ण इरादे से किए गए हैं।

ड.3 <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

29. प्राधिकारी ने नियम 6(7) के अनुसार विभिन्न पक्षकारों द्वारा प्रदान की गई सूचना का अगोपनीय अंश अन्य सभी हितबद्ध पक्षकारों को उपलब्ध कराया है।

30. सूचना की गोपनीयता के संबंध में पाटन-रोधी नियमावली के नियम 7-में निम्नानुसार व्यवस्था है-:

'' गोपनीय सूचना : (1) नियम 6 के उपनियमों (2), (3) और (7), नियम 12 के उपनियम (2), नियम 15 के उपनियम (4) और नियम 17 के उपनियम (4) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी जांच की प्रक्रिया में नियम 5 के उपनियम (1) के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के प्रतियां या किसी पक्षकार द्वारा गोपनीय आधार पर निर्दिष्ट प्राधिकारी को प्रस्तुत किसी अन्य सूचना के संबंध में निर्दिष्ट प्राधिकारी उसकी गोपनीयता से संतुष्ट होने पर उस सूचना को गोपनीय मानेंगे और ऐसी सूचना देने वाले पक्षकार से स्पष्ट प्राधिकार के बिना किसी अन्य पक्षकार को ऐसी किसी सूचना का प्रकटन नहीं करेंगे।

(2) निर्दिष्ट प्राधिकारी गोपनीय अधिकारी पर सूचना प्रस्तुत करने वाले पक्षकारों से उसका अगोपनीय सारांश प्रस्तुत करने के लिए कह सकते हैं और यदि ऐसी सूचना प्रस्तुत करने वाले किसी पक्षकार की राय में उस सूचना का सारांश नहीं हो सकता है तो वह पक्षकार निर्दिष्ट प्राधिकारी को इस बात के कारण संबंधी विवरण प्रस्तुत करेगा कि सारांश करना संभव क्यों नहीं है।

(3) उप नियम (2) में किसी बात के होते हुए भी यदि निर्दिष्ट प्राधिकारी इस बात से संतुष्ट है कि गोपनीयता का अनुरोध अनावश्यक है या सूचना देने वाला या तो सूचना को सार्वजनिक नहीं करना चाहता है या उसकी सामान्य रूप में या सारांश रूप में प्रकटन नहीं करना चाहता है तो वह ऐसी सूचना पर ध्यान नहीं दे सकते हैं।

31. प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने विभिन्न क्षति मापदंडों, सूचनाओं, साक्ष्यों और दस्तावेजों जैसी सूचनाओं पर गोपनीयता का दावा किया है जो विभिन्न क्षति मापदंडों के निर्धारण, अन्य घरेलू उत्पादकों के उत्पादन और बिक्री मात्रा से संबंधित या संगत हैं। इसका आधार है कि ये व्यावसायिक रूप से संवेदनशील सूचनाएं हैं, इनका प्रकटन किसी प्रतिस्पर्धी के लिए महत्वपूर्ण प्रतिस्पर्धात्मक लाभ वाला होगा और इनका प्रकटन घरेलू उद्योग के वास्तविक व्यावसायिक हितों के लिए हानिकारक होगा। घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि इन सूचनाओं, दस्तावेजों और साक्ष्यों का प्रकटन अन्य हितबद्ध पक्षकारों को नहीं किया जा सकता। इसके अतिरिक्त, घरेलू उद्योग ने कतिपय सूचनाओं पर गोपनीयता का दावा किया है जो विदेशी उत्पादकों या आयातकों या उपभोक्ताओं से संबंधित हैं जिसका आधार यह बताया गया है कि उक्त सूचना सार्वजनिक डोमेन में नहीं है और घरेलू उद्योग ने इसे गोपनीय या निजी स्रोतों से प्राप्त किया है और ऐसी सूचना का प्रकटन घरेलू उद्योग के वैध व्यावसायिक हितों को नुकसान पहुँचाएगा। अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने भी अपने वितरण चैनलों, घरेलू बाजार में बिक्री पर किए गए व्यय और किए गए निर्यातों के संबंध में किए गए व्यय के बारे में गोपनीयता का दावा किया है। प्राधिकारी ने संतुष्ट होने पर और नियमों एवं सुस्थापित पद्धति को ध्यान में रखते हुए ऐसी सूचनाओं, दस्तावेजों और साक्ष्यों पर गोपनीयता की अनुमति दी है।

च. <u>विविध अनुरोध</u>

च.1 <u>अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार</u>

32. प्रयोक्ता ऐसोसिएशन ने तर्क दिया है कि प्राधिकारी ने निर्दिष्ट प्राधिकारी के बदलने के कारण आयोजित दूसरी मौखिक सुनवाई के बाद एसोसिएशन को अपने सदस्यों से परामर्श करने और लिखित अनुरोध प्रस्तुत करने के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया था, जिसके परिणामस्वरूप प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों और नियमावली के नियम 6(6) का उल्लंघन हुआ है।

च.2 <u>घरेलू उद्योग के विचार</u>

33. घरेलू उद्योग ने इस संबंध में कोई अनुरोध नहीं किया है।

च.3 प्राधिकारी द्वारा जाँच

34. प्रयोक्ता एसोसिएशन द्वारा दिए गए इस तर्क के संबंध में कि लिखित अनुरोध तैयार करने के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया गया था, प्राधिकारी नोट करते हैं कि हितबद्ध पक्षकार ने अपने इस कथन को उचित ठहराने के लिए पर्याप्त तर्क प्रस्तुत नहीं किए हैं कि उन्हें लिखित अनुरोध प्रस्तुत करने के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया गया था। प्राधिकारी ने सभी हितबद्ध पक्षकारों को मौखिक सुनवाई के दौरान दिए गए अपने अनुरोधों को लिखित रूप में पुन: प्रस्तुत करने के लिए पर्याप्त समय प्रदान किया था। मौखिक सुनवाई के समय किसी भी पक्षकार ने अनुरोध प्रस्तुत करने के लिए दिए गए समय के संबंध में कोई आपत्ति या प्रश्न नहीं उठाया है। इसके अतिरिक्त, प्राधिकारी ने सभी हितबद्ध पक्षकारों को मौखिक सुनवाई की पर्याप्त अग्रिम सूचना प्रदान की थी, जिससे उन्हें ऐसे अनुरोध तैयार करने का समय मिल सके।

छ. सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन

छ.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों के मत

35. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. पाटन मार्जिन प्रश्नावली उत्तर में उत्पादक और निर्यातकों द्वारा प्रस्तुत की गई वास्तविक सूचना पर आधारित होनी चाहिए।

ii. थाईलैंड से निर्यात पाटित नहीं किए जा रहे हैं क्योंकि एबीसीटीएल एक भारतीय उत्पादक से संबंधित है और यह उन कीमतें से परिचित हैं जिन पर इसे बाजार में बेचा जाना चाहिए ताकि यह पाटन का कारण न बने।

iii. भारत में विचाराधीन उत्पाद के सऊदी आयातों की मात्रा नगण्य है और यह भारत के कुल आयातों के 3% से अधिक नहीं है। ई.सी ने तय किया है कि न्यूनतम मार्जिनों के कारण कोरिया से निर्यातों पर कोई अनंतिम शुल्क लागू नहीं किया जाना चाहिए जो यह इंगित करता है कि कोरियाई निर्यातक जानबूझ कर पाटन नहीं कर रहे हैं।

iv. कुकडो केमिकल्स के संबंधित आयातक द्वारा संबद्ध आयातों की पुनर्बिक्री से संबंधित सारी संगत जानकारी को उत्तर के अनुबंध-14 में उपलब्ध कराया गया है और इस जानकारी को सभी हितबद्ध पक्षकारों को परिचालित किया गया है।

v. घरेलू उद्योग ने यह स्थापित नहीं किया है कि कुकडो केमिकल्स की निर्यात कीमत अविश्वसनीय है, और इसलिए प्राधिकारी द्वारा संबंधित आयातक की पुनर्बिक्री कीमत पर विचार किए जाने की जरूरत नहीं है।

vi कुम्हों ने यह स्थापित करने के लिए साक्ष्य उपलब्ध कराए हैं कि संबंधित पक्षकार से अधिग्रहित बिजली और स्टीम आर्म्स लैंथ कीमतों पर हैं।

vii. कुम्हों पी एंड बी ने घरेलू बाजार में ग्राहक को थोक बिक्रियों को सुगम बनाने के लिए एक टैंक किराए पर लिया है।

viii. कुम्हो ने संबद्ध वस्तुओं के उत्पादन में खपत किए गए आयातित कच्चे माल, आयातों पर अदा किए गए शुल्कों और वापस किए गए शुल्कों के बीच संबंध प्रदर्शित किया है।

ix. जहां तक घरेलू उद्योग के दावे का संबंध है कि चीनी निर्यातकों ने वस्तुत: भाग न लेकर असहयोग का निर्णय ले लिया है, यह नोट किया जाना चाहिए कि डब्ल्यूटीओ पाटनरोधी करार में वास्तविक या विधिसम्मत भागीदारी या निर्यातकों द्वारा सहयोग की अवधारणा को उपलब्ध नहीं कराया गया है।

x. जहां घरेलू उद्योग के दावे का संबंध है कि प्रतिभागी चीनी निर्यातकों के आयातों की मात्रा निम्न है, निर्यात मात्राओं के लिए सीमा को स्पष्ट करने वाला कोई कानूनी प्रावधान नहीं है जिसे कुल निर्यातों के साथ निर्यात मात्राओं की तुलना सहित, पृथक शुल्कों को प्रदान करने के लिए पर्याप्त समझा जाए। ऐसे मापदंड का कार्यान्वयन विवेकाधीन है और निर्धारित कानूनी के दायरे से परे है।

xi. किसी मूल जांच और किसी न्यू शिपर समीक्षा की तुलना, जैसा कि घरेलू उद्योग द्वारा की जा रही है, उचित नहीं है। एक न्यू शिपर समीक्षा के मामले में, निर्यातक पहले से अनुमान लगा सकते हैं कि उनके निर्यात सौदे पाटन मार्जिन की संगणना

का आधार होंगे और वे तद्नुसार अपनी निर्यात बिक्रियों की योजना बना सकते हैं। जबकि एक मूल जांच में, निर्यातकों को इस बात की जानकारी नहीं होती है कि निर्यात करते समय, निकट भविष्य में कोई जांच आरंभ की जा सकती है।

xii. प्राधिकारी ने अतीत में निम्न मात्रा में निर्यात करने वाले उत्पादकों को पृथक पाटन मार्जिन प्रदान किए हैं। इसके अलावा, प्राधिकारी ने ऐसे मामलों में भी जहां सैंपल लिया गया है, बिना सैंपल वाले सहयोगी उत्पादकों को पृथक मार्जिन प्रदान किए हैं।

xiii. घरेलू उद्योग के दावे के विपरीत, कि सहयोगी चीनी निर्यातकों ने सीमित अवधि के लिए निर्यात किया है, ऐसा कोई कानूनी प्रावधान नहीं है जिसके लिए ये जरूरी हो कि किसी निर्यातक द्वारा किये गये निर्यात जांच की पूर्व अवधि में फैले हुए होने चाहिए कि नहीं। किसी भी स्थिति में, चीनी उत्पादकों ने जांच की पूरी अवधि के दौरान निर्यात किया है।

xiv. कारडोलाइट स्पेशिएलिटी को किए गए निर्यातों की कीमतें उच्च प्रतीत होती हैं क्योंकि ग्राहक को किए गए अधिकतर निर्यात वर्ष के प्रथम छह महीनों में किए गए थे जब कीमतें उच्च थीं और उसके पश्चात इन कीमतों में गिरावट आई है, जैसा कि घरेलू उद्योग द्वारा स्वीकार किया गया है। ऐसी कीमतें घरेलू बाजार और तृतीय देशों साथ ही देश में अन्य आयातों की कीमतों से भी की तुलनीय है।

xv. कानून पाटन मार्जिन की संगणना करने के लिए अन्य की उपेक्षा करके आसान (चैरी पिकिंग) उपयुक्त निर्यात सौदों की अनुमति नहीं देता।

xvi. "सभी अन्य की दर" को लागू किया जाना जियांगसु कुम्हो यांगनोंग पर लागू नहीं किया जा सकता क्योंकि निर्यातक ने वर्तमान जांच में पूरा सहयोग दिया है।

xvii. ऐसा कोई कानूनी प्रावधान नहीं है जिसमें तिमाही या मासिक आधार पर पाटन और क्षति मार्जिन का निर्धारित किए जाने का प्रावधान किया गया हो, और इसे भारांशित औसत आधार पर अथवा सौदावार आधार पर निर्धारित किया जाना चाहिए।

xviii. जियांग्सू कुम्हो यांगनोंग को मासिक या त्रैमासिक आधार पर पाटन और क्षति मार्जिन की संगणना के प्रति कोई आपत्ति नहीं है।

छ.2 <u>घरेलू उद्योग का मत</u>

36. सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन के संबंध में घरेलू उद्योग के अनुरोध निम्नानुसार हैं:-

i. चीन जन.गण. को चीन के एक्सेशन प्रोटोकोल के अनुच्छेद 15(क)(i) के अनुसरण में एक गैर-बाजार अर्थव्यवस्था माना जाना चाहिए और सामान्य मूल्य नियमावली के अनुबंध-I, नियम 7 के संदर्भ में निर्धारित किया जाना चाहिए।

ii. घरेलू उद्योग ने कच्चे माल, विद्युत और मजदूरी की कीमत के लिए भारत में विधिवत समायोजित उत्पादन की लागत के आधार पर प्रत्येक संबद्ध देश के लिए सामान्य मूल्य के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराई है।

iii. निवल निर्यात कीमत को समुद्री माल भाड़ा, अंतर्देशीय मालभाड़ा, संभाल प्रभारों, बीमा, बैंक प्रभारों, क्रेडिट लागत और कमीशन के कारण सीआईएफ निर्यात कीमत के प्रति समायोजनों के आधार पर निर्धारित किया गया था।

iv. उत्तर देने वाले चीन के उत्पादक चीन से कुल 2413 एमटी निर्यात में से केवल 129 एमटी निर्यातों के लिए उत्तरदायी हैं जो यह इंगित करता है कि चीनी उत्पादकों ने वास्तव में असहयोग करने को प्राथमिकता दी है।

v. जियांगसु कुम्हो यांगनोंग केमिकल लिमिटेड और इसके समूह कंपनी को पृथक शुल्क प्रदान नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि जांच की अवधि के दौरान इसने नगण्य निर्यात किए हैं। इसके अलावा, निर्यातक ने अवधि के दौरान केवल 5 सौदे किए हैं जिसमें से चार केवल एक प्रयोक्ता को किए गए थे जिनकी कीमत अन्य आयातों की तुलना में अधिक थी।

vi पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन का निर्धारण करते समय जियांगसु कुम्हो यांगनांग और कारडोलाइट स्पेशिएलिटी केमिकल लिमिटेड के बीच किए गए

निर्यात सौदों की उपेक्षा की जानी चाहिए क्योंकि यह बिक्रियां एसईजेड को की गई थी और इन्होंने सामान्य बाजार स्थितियों में प्रतिस्पर्धा नहीं की।

vii. कारडोलाइट स्पेशिएलिटी और अन्य प्रयोक्ताओं को पेश की गई कीमतों में महत्वपूर्ण अंतर के लिए कोई औचित्य प्रस्तुत नहीं कराया गया है।

viii. सभी प्राधिकारियों, डीजीटीआर सहित, ने निर्धारित किया है कि निर्यातकों को न्यू शिपर समीक्षा के लिए अनुरोध करने से पूर्व निर्यातों की एक उचित मात्रा अपनानी चाहिए और इस प्रकार आयातों की मात्रा को यह निर्धारित करने के लिए अप्रासंगिक नहीं माना जा सकता कि क्या किसी पृथक मार्जिन की अनुमति दी जानी चाहिए या नहीं।

ix. प्राधिकारी को मासिक या तिमाही आधार पर जियांगसु कुम्हो यांगनांग के लिए सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पहुंच कीमत की संगणना करनी चाहिए क्योंकि निर्यातक ने जांच की अवधि के दौरान केवल कुछ महीनों के लिए उत्पाद का निर्यात किया है और उस समय संबद्ध वस्तुओं और लागतों की कीमतों में गिरावट थी।

x. कुम्हो पीएंडबी केमिकल्स इंक द्वारा अपनी संबद्ध कंपनी से क्रय की गई उपयोगिता की कीमत को अस्वीकृत किया जाना चाहिए जब तक कि निर्यातक यह प्रदर्शित न करे कि ऐसे सौदे आर्म्स लैंथ कीमत के आधार पर किए गए थे।

xi. कुम्हो पीएंडबी केमिकल्स द्वारा टैंक के किराए के लिए उपगत किए गए व्ययों को, साक्ष्यों के साथ न्याय-संगत सिद्ध किए जाने की जरूरत है।

xii. कुम्हो पीएंडबी द्वारा दावा की गई निर्यात कीमत में शुल्क वापसी समायोजन को खारिज किया जाना चाहिए क्योंकि विचाराधीन उत्पाद, आयातित कच्चे माल, अदा किए गए शुल्क और वापस किए गए शुल्क के बीच किसी प्रकार के संबंध को दर्शाने के लिए कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया था।

xiii. कुकडो केमिकल्स कंपनी के लिए निर्यात कीमतों को उस कीमत के आधार पर निर्धारित किया जाना चाहिए जिस पर पहले असंबद्ध ग्राहक को माल की पुनर्बिक्री

की गई थी। यदि कुकडो केमिकल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा पुनर्बिक्री कीमत को उपलब्ध नहीं कराया गया है तो निर्यातक के उत्तर को खरिज किया जाना चाहिए।

xiv. संबद्ध देशों के लिए पाटन मार्जिन न केवल न्यूनतम स्तरों से अधिक है बल्कि उल्लेखनीय भी है।

छ.3 <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

37. धारा 9क(1)(ग) के तहत, किसी वस्तु के संबंध में सामान्य मूल्य से अभिप्राय है:

(i) व्यापार की सामान्य प्रक्रिया में समान वस्तु की तुलनीय कीमत जब वह उप नियम (6) के तहत बनाए गए नियमों के अनुसार यथानिर्धारित निर्यातक देश या क्षेत्र में खपत के लिए नियत हो, अथवा

(ii) जब निर्यातक देश या क्षेत्र के घरेलू बाजार में व्यापार की सामान्य प्रकिया में समान वस्तु की कोई बिक्री न हुई हो अथवा जब निर्यातक देश या क्षेत्र की बाजार विशेष की स्थिति अथवा उसके घरेलू बाजार में कम बिक्री मात्रा के कारण ऐसी बिक्री की उचित तुलना न हो सकती हो तो सामान्य मूल्य निम्नलिखित में से कोई एक होगाः-

(क) समान वस्तु की तुलनीय प्रतिनिधिक कीमत जब उसका निर्यात उप-धारा (6) के अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार निर्यातक देश या क्षेत्र से या किसी उचित तीसरे देश से किया गया हो; अथवा उप-धारा(6) के अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार यथानिर्धारित प्रशासनिक, बिक्री और सामान्य लागत एवं लाभ हेतु उचित वृद्धि के साथ उद्गम वाले देश में उक्त वस्तु की उत्पादन लागत;

(ख) बशर्ते यदि उक्त वस्तु का आयात उदगम वाले देश से भिन्न किसी देश से किया गया है और जहां उक्त वस्तु को निर्यात के देश से होकर केवल यानांतरण किया गया है अथवा ऐसी वस्तु का उत्पादन निर्यात के देश में नहीं होता है, अथवा निर्यात के देश में कोई तुलनीय कीमत नहीं है, वहां सामान्य मूल्य का निर्धारण उद्गम वाले देश में उसकी कीमत के संदर्भ में किया जाएगा।

38. प्राधिकारी नोट करते हैं कि संबद्ध वस्तुओं के निम्नलिखित उत्पादकों/निर्यातकों ने निर्यातकों की प्रश्नावली के उत्तर प्रस्तुत किए हैं:

i. जिआंगसू कुम्हो यांगनोंग केमिकल कंपनी लिमिटेड (चीन)
ii. नाटोंग ज़िंगचेन सिंथेटिक मेटीरियल कंपनी लिमिटेड (चीन)
iii. सिनोकेम प्लास्टिक्स कंपनी लिमिटेड (चीन)
iv. यांगनोंग सिंगापुर प्राइवेट लिमिटेड (चीन)
v. कुकडो केमिकल्स कंपनी लिमिटेड (कोरिया)
vi. कुम्हो पी एंड बी केमिकल इंक. (कोरिया)
vii. कैन्को मार्केटिंग इंक. (कोरिया)
viii. मिंजिन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (कोरिया)
ix. सैमसंग सी एंड टी कॉर्पोरेशन (कोरिया)
x. वोनवू ट्रेडिंग कंपनी लिमिटेड (कोरिया)

<u>चीन के लिए सामान्य मूल्य</u>

39. प्राधिकारी ने चीन जन.गण. के लिए सामान्य मूल्य के निर्धारण के संबंध में निम्नलिखित संगत प्रावधानों को नोट किया है। पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-1 के पैरा 7 और पैरा 8 के तहत दिए गए प्रावधान निम्नानुसार हैं:

> "7. *गैर उचित लाभ मार्जिन ,बाजार अर्थव्यवस्था वाले देशों से आयात के मामले में- को शामिल करने के लिए भारत में समान उत्पाद के लिए वास्तविक रूप से भुगतान किया गया अथवा भुगतान योग्य ,आवश्यकतानुसार पूर्णतया समायोजित कीमत रहित , मूल्य का निर्धारण तीसरे देश के बाजार अर्थव्यवस्था में कीमत अथवा ,सामान्य परिकलित मूल्य के आधार पर अथवा भारत सहितऐसे किसी तीसरे देश से अन्य देशों के लिए कीमत अथवा जहां यह संभव नहीं हैंया किसी अन्य उचित आधार पर किया , जाएगा। संबद्ध देश के विकास के स्तर तथा संबद्ध उत्पाद को देखते हुए निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा यथोचित पद्धति द्वारा एक समुचित बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश का चयन किया जाएगा और चयन के समय पर उपलब्ध कराई गई किसी विश्वसनीय सूचना पर यथोचित रूप से विचार किया जाएगा। बाजार अर्थव्यवस्था वाले किसी अन्य तीसरे देश के संबंध में किसी समयानुरूपी मामले में की जाने वाली जांच के मामले में जहां उचित होंसीमा के भी-समय ,तर कार्रवाई की जाएगी। जांच से संबंधित पक्षकारों को किसी अनुचित विलंब के बिना बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे*

देश के चयन के विशेष में सूचित किया जाएगा और अपनी टिप्पणियां देने के लिए एक समुचित समयावधि प्रदान की जाएगी।"

8 (1) "गैर-बाजार अर्थव्यवस्था वाला देश" वाक्यांश का अर्थ है कि ऐसा देश जिसे निर्दिष्ट प्राधिकारी लागत अथवा कीमत ढांचे के बाजार सिद्धान्तों को लागू नहीं करने वाले देश के रूप में मानते हैं, जिसके कारण ऐसे देश में पण्य वस्तुओं कि बिक्रियों उप पैराग्राफ (3) में निर्दिष्ट मानदंडों के अनुसार वस्तुओं के सही मूल्य को नहीं दर्शाती है।"

(2) यह कहना पूर्वनुमान लगाना होगा कि कोई देश जिसे जांच के पूर्ववर्ती तीन वर्ष के दौरान निर्दिष्ट प्राधिकारी अथवा डब्लू .टी.ओ.के किसी सदस्य के समक्ष प्राधिकारी द्वारा पाटनरोधी जांच के प्रयोजनार्थ एक गैर- बाजार अर्थव्यवस्था वाला देश निर्धारित अथवा माना गया है, एक गैर- बाजार अर्थव्यवस्था वाला देश है। तथापि, गैर बाजार अर्थव्यवस्था वाला देश या ऐसे देश से संबंधित फर्म निर्दिष्ट-प्राधिकारी को सूचना तथा साक्ष्य उपलब्ध कराकर इस परिकल्पना को समाप्त कर सकते हैं जो यह साबित करता हो कि ऐसा देश उप पैरा (3) में निर्दिष्ट मानदंड के आधार पर एक गैर बाजार अर्थ-व्यवस्था वाला देश नहीं है।

(3) निर्दिष्ट प्राधिकारी प्रत्येक मामले में निम्नलिखित मानदंड पर विचार करेंगे कि क्या: (क) ऐसे देश में कच्ची समग्रियों प्रौद्योगिकी लागत और श्रम, उत्पादन, बिक्रियों तथा निवेश सहित कीमतों, लागतों तथा निवेशों के संबंध में संबधित फर्म का निर्णय आपूर्ति तथा मांग को दर्शाने वाले बाजार संकेतों तथा इस संबंध में किसी विशिष्ट राज्य हस्तक्षेप के बिना होता है और यह कि क्या मुख्य निवेशों की लागतें वास्तविक रूप से बाजार मूल्यों को दर्शाती हैं ; (ख) ऐसी फर्मों की उत्पादन लागतों तथा वितीय स्थिति पूर्ववर्ती गैर- बाजार अर्थव्यवस्था प्रणाली से उठाये गये विशिष्ट विरूपणों के अधीन होती है, खासकर ऋणों की प्रतिपूर्ति द्वारा परिसम्पतियों के मूल्यह्रास, अन्य बट्टे खाते वस्तु विनियम व्यापार तथा ऋणों की क्षतिपूर्ति के जरिए तथा भुगतान के संबंध में; (ग) ऐसी फर्म दिवालियापन तथा सम्पति कानून के अधीन होती है जो कि फर्मों के प्रचालन की कानूनी निश्चितता तथा स्थायित्व की गारंटी देता है ; (घ) विनियम दर के परिवर्तन बाजार दर पर किये जाते है। तथापि, जहां इस पैराग्राफ में निर्दिष्ट मानदंड के आधार पर लिखित रूप में पर्याप्त साक्ष्य दर्शाया जाता है कि पाटनरोधी जांच के अधीन एक अथवा ऐसी अधिक फर्मों के लिए बाजार स्थितियां लागू होती हैं, निर्दिष्ट प्राधिकारी पैरा 7

तथा इस पैरा में निर्दिष्ट सिद्धान्तों के पैरा 1 से 6 में निर्दिष्ट सिद्धान्तों को लागू कर सकते हैं।

(4)उप पैराग्राफ (2) में किसी बात के होते हुए भी, निर्दिष्ट प्राधिकारी जो संगत मापदंड के अद्यतन विस्तृत मूल्यांकन के आधार पर ऐसे देश को बाजार अर्थव्यवस्था वाला देश मान सकते हैं जिसमें उप पैराग्राफ (3) में विनिर्दिष्ट मापदंड में किसी सार्वजनिक दस्तावेज में ऐसे मूल्यांकन का प्रकाशन शामिल हो, जिसे विश्व व्यापार संगठन के किसी सदस्य देश द्वारा पाटनरोधी जॉच के प्रयोजनार्थ बाजार अर्थव्यवस्था वाला देश माने जाने के लिए माना या निर्धारित किया हो"

40. जांच शुरुआत के स्तर पर, प्राधिकारी एक गैर-बाजार अर्थव्यवस्था देश के रूप में चीन जन.गण. को मानने के अनुमान के साथ आगे बढ़े। जांच शुरुआत किए जाने पर, प्राधिकारी ने चीन जन.गण. में उत्पादकों/निर्यातकों को जांच शुरुआत के नोटिस का उत्तर देने और इस पर सूचना उपलब्ध कराने की सलाह दी कि क्या उनके डेटा/जानकारी को सामान्य मूल्य निर्धारण के लिए अपनाया जा सकता है। प्राधिकारी ने इस संबंध में संगत जानकारी उपलब्ध कराने के लिए चीन जन.गण. में सभी ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों को बाजार अर्थव्यवस्था उपचार/अनुपूरक प्रश्नावली की प्रतियां प्रेषित कीं।

41. डब्ल्यूटीओ में चीन के एक्सेशन प्रोटोकोल के अनुच्छेद 15 में निम्नानुसार व्यवस्था की गई है:

"(क)जीएटीटी 1994 के अनुच्छेद -VI और पाटनरोधी करार के तहत कीमत तुलनात्मकता का निर्धारण करने में, आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य या तो जांचाधीन उद्योग के लिए चीन की कीमतों अथवा लागतों का उपयोग करेंगे अथवा उस पद्धति का उपयोग करेंगे, जो निम्नलिखित नियमों के आधार पर घरेलू कीमतों या चीन में लागतों के साथ सख्ती से तुलना करने पर आधारित नहीं है:

यदि जांचाधीन उत्पादक साफ-साफ यह दिखा सकते हैं कि समान उत्पाद का उत्पादन करने वाले उद्योग में उस उत्पाद के विनिर्माण ,उत्पादन और बिक्री के संबंध में बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां रहती है तो निर्यात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य मूल्य की

तुलनीयता का निर्धारण करने में जांचाधीन उद्योग के लिए चीन के मूल्यों अथवा लागतों का उपयोग करेगा।

आयातक डब्ल्यूटीओ सदस्य उस पद्धति का उपयोग कर सकता है जो चीन में घरेलू कीमतों अथवा लागतों के साथ सख्त अनुपालन पर आधारित नहीं है ,यदि जांचाधीन उत्पादक साफ-साफ यह नहीं दिखा सकते हैं कि उस उत्पाद के विनिर्माण ,उत्पादन और बिक्री के संबंध में बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां समान उत्पाद का उत्पादन करने वाले उद्योग हैं।

(ख)एससीएम समझौते के पैरा II ,III और V के अंतर्गत कार्यवाहियों में अनुच्छेद 14(क),14(ख), 14(ग) और 14(घ) में निर्धारित राजयसहायता को बताते समय एससीएम समझौते के प्रासंगिक प्रावधान लागू होंगे ,तथापि ,उसके प्रयोग करने में यदि विशेष कठिनाईयां हों ,तो आयात करने वाले डब्ल्यूटीओ सदस्य राजसहायता लाभ की पहचान करने और उसको मापने के लिए तब पद्धति का उपयोग कर सकते हैं जिसमें उस संभावना को ध्यान में रखती है और चीन में प्रचलित निबंधन और शर्तें उपयुक्त बेंचमार्क के रूप में सदैव उपलब्ध नहीं हो सकती है। ऐसी पद्धतियों को लागू करने में , जहां व्यवहार्य हो ,आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य के द्वारा चीन से बाहर प्रचलित निबंधन और शर्तों का उपयोग के बारे में विचार करने से पूर्व ऐसी विद्यामान निबंधन और शर्तों को ठीक करना चाहिए।

(ग)आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य उप-पैरा (क) के अनुसार प्रयुक्त पद्धतियों को पाटनरोधी कार्य समिति के लिए अधिसूचित करेगा तथा उप पैराग्राफ (ख) के अनुसार प्रयुक्त पद्धतियों को कमिटी ऑन सब्सिडीज और काउंटर वेलिंग मैसर्स के लिए अधिसूचित करेगा।

(घ)आयात करने वाले डब्ल्यूटीओ सदस्य को राष्ट्रीय कानून के तहत चीन ने एक बार यह सुनिश्चित कर लिया है कि यह एक बाजार अर्थव्यवस्था है ,तो उप पैराग्राफ के प्रावधान (क)समाप्त कर दिए जाएंगे ,बशर्ते आयात करने वाले सदस्य के राष्ट्रीय कानून में प्राप्ति की तारीख के अनुरूप बाजार अर्थव्यवस्था संबंधी मानदंड हो। किसी भी स्थिति में उप पैराग्राफ क (II) के प्रावधान प्राप्ति की तारीख के बाद 15 वर्षों में समाप्त होंगे। इसके अलावा ,आयात करने वाले डब्ल्यूटीओ सदस्य के राष्ट्रीय कानून के अनुसरण में चीन के द्वारा यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बाजार अर्थव्यवस्था की

स्थितियां एक विशेष उद्योग अथवा क्षेत्र में प्रचलित हैं ,उप पैराग्राफ (क) के गैर-बाजार अर्थव्यवस्था के प्रावधान उस उद्योग अथवा क्षेत्र के लिए आगे लागू नहीं होंगे।"

42. प्राधिकारी नोट करते हैं कि जहां चीन जन.गण. के एक्सेशन प्रोटोकोल के अनुच्छेद 15 (क) (II) के प्रावधान दिनांक 11 दिसंबर 2016 से समाप्त हो गए हैं, वहीं एक्सेशन प्रोटोकोल के 15 (क) (I) के तहत बाध्यता के साथ पठित पाटनरोधी करार के अनुच्छेद 2.2.1.1 के तहत प्रावधानों को एमईटी प्रास्थिति का दावा करने के लिए अनुपूरक प्रश्नावली में प्रदान की जाने वाली जानकारी/आंकड़ों के माध्यम से संतुष्ट किए जाने के लिए पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध अनुबंध I के पैरा 8 में दिए गए मापदंडं को पूरा किया जाना आवश्यक है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि चीन जन.गण. के किसी भी उत्पादक या निर्यातक ने बाजार अर्थव्यवस्था उपचार या अनुपूरक प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत नहीं किया है। इसलिए, इन उत्पादकों/निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य की संगणना को पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-I के पैरा 7 के प्रावधानों के संदर्भ में निर्धारित किए जाने की आवश्यकता है।

43. प्राधिकारी नोट करते हैं कि चीन जन.गण. से किसी भी उत्पादक/निर्यातक ने नियमावली के अनुबंध । के पैरा 8 में यथा उल्लिखित अनुमानों का खंडन करने के लिए अनुपूरक प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत नहीं किया है। इन परिस्थितियों के अंतर्गत, प्राधिकारी को नियमावली के अनुबंध-। के पैरा 7 के अनुसरण में आगे कार्रवाही किए जाने की जरूरत है।

44. यह नोट किया गया है कि पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध । के पैराग्राफ 7 में गैर-बाजार अर्थव्यवस्थाओं के लिए सामान्य मूल्य का निर्धारण करने कि लिए तीन पद्धतियां निर्धारित की गई हैं: (क) किसी बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश में कीमत या निर्मित मूल्य के आधार पर (ख) किसी तीसरे देश से भारत सहित, अन्य देशों से निर्यात कीमत और (ग) किसी अन्य उचित आधार पर। प्राधिकारी नोट करते हैं कि पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध । के पैराग्राफ 7 के प्रावधानों के अंतर्गत सामान्य मूल्य को पहले किसी छद्म (सरोगेट) देश में कीमत या निर्मित मूल्य के आधार पर या ऐसे देश से भारत सहित अन्य देशों को किए गए निर्यातों की कीमत के आधार पर।

45. यह नोट किया गया है कि चीन जन.गण. के अलावा, संबद्ध वस्तुएं मुख्य रूप से थाईलैंड, कोरिया गणराज्य, ताईवान और सऊदी अरब में उत्पादित और वहां से निर्यात की जाती है।

तथापि, हितबद्ध पक्षकारों में से किसी ने भी यह सुझाव देने के लिए कोई सूचना उपलब्ध नहीं कराई है कि ऐसे देश या उत्पाद के विकास के स्तर के संबंध में, चीन के साथ तुलना के लिए उपयुक्त हैं। इसके अलावा, इनमें से प्रत्येक देश कथित रूप से भारत में संबद्ध वस्तुओं का पाटन कर रहा है और वे वर्तमान जांच में संबद्ध देश हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए, तीसरे देशों से भारत को किए गए निर्यातों की कीमत पर सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए विचार नहीं किया जा सकता।

46. इस बात को ध्यान में रखते हुए, प्राधिकारी ने तीसरी पद्धति के आधार पर सामान्य मूल्य का निर्धारण करने का निर्णय किया है अर्थात भारत में वास्तव में अदा की गई अथवा अदायगी योग्य कीमत सहित किसी अन्य उचित आधार पर। प्राधिकारी ने भारत में अदा की गई या अदायगी योग्य कीमत के आधार पर सामान्य मूल्य का निर्धारण किया है।

47. इस प्रयोजन हेतु, प्राधिकारी ने बिक्री, सामान्य और प्रशासनिक व्ययों और लाभों के उचित परिवर्धन के साथ, घरेलू उद्योग के उत्पादन की लागत पर विचार किया है। बिक्री, सामान्य और प्रशासनिक व्ययों तथा उचित लाभों के बाद को जोड़ने के बाद ही घरेलू उद्योग के उत्पादन की मानकीकृत लागत पर विचार किया गया है।

छ.4 <u>चीन के लिए निर्यात कीमत</u>

नानटांग शिंगचेन सिंथेटिक मेटीरियल कंपनी लिमिटेड और जियांग्सू कुम्हो यांगनांग केमिकल कंपनी लिमिटेड के लिए निर्यात कीमत

48. जांच अवधि के दौरान, नानटोंग शिंगचेन सिंथेटिक मेटेरियल कंपनी लिमिटेड (नान्टांग) और जियांग्सू कुम्हो यांगनोंग केमिकल कंपनी लिमिटेड (जियांग्सू) संबंधित उत्पादक हैं, जिन्होंने निम्नलिखित सारणियों के माध्यम से क्रमशः *** एमटी और *** एमटी का निर्यात किया है।

नानटोंग शिंगचेन सिंथेटिक मेटेरियल कंपनी लिमिटेड → सिनोकेम प्लास्टिक्स कंपनी लिमिटेड (संबंधित) → भारत में क्रेता।

जियांग्सू कुम्हो यांगनोंग केमिकल कंपनी लिमिटेड → यांगनोंग सिंगापुर प्राइवेट लिमिटेड (संबंधित) → भारत में क्रेता

49. घरेलू उद्योग के तर्कों के संबंध में कि, आयातों की निम्न मात्रा के कारण नानटोंग और जियांग्सु के लिए पृथक मार्जिन को निर्धारित नहीं किया जाना चाहिए, यह नोट किया गया है कि इन उत्पादकों से किया गया आयात चीन के कुल आयातों के ***% के लिए उत्तरदायी है। प्राधिकारी ने उनके संबंधित प्रश्नावली उत्तरों में निर्यातकों द्वारा प्रस्तुत की गई जानकारी पर विचार किया है और तद्नुसार पाटन मार्जिन निर्धारित किया है।

50. निर्यातक ने संबद्ध निर्यातकों को बिक्रियां किए जाने के लिए प्रभारित बिक्री कीमत के आधार पर निर्यात कीमत का दावा किया है। इस बात की पुष्टि की गई कि निर्यातकों ने लाभ पर विचाराधीन उत्पाद की पुनर्बिक्री की है। तद्नुसार, निर्यात कीमत के निर्धारण के लिए पहले असंबद्ध क्रेता से ऐसे निर्यातकों द्वारा प्रभारित कीमत पर विचार किया गया है। कारखानागत कीमत पर पहुंचने के लिए अंतर्देशीय माल भाड़ा और क्रेडिट लागत के लिए समायोजन किए गए हैं। इस प्रकार, कारखानागत स्तर पर निर्यात कीमत को परिकलित किया गया है, जैसा कि नीचे पाटन मार्जिन तालिका में उल्लेख किया गया है।

<u>चीन में अन्य उत्पादकों/निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत</u>

51. चीन के सभी अन्य असहयोगी उत्पादकों और निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत को उपलब्ध तथ्यों के आधार पर निर्धारित किया गया है और इसका नीचे पाटन मार्जिन तालिका में उल्लेख किया गया है।

छ.5. <u>कोरिया गणराज्य के लिए सामान्य मूल्य</u>

<u>कुकडो केमिकल कंपनी लिमिटेड (कुकडो) के लिए सामान्य मूल्य</u>

52. जांच की अवधि के दौरान, कुकडो ने घरेलू बाजार में ***एमटी संबद्ध वस्तुओं की बिक्री की जबकि ***एमटी का निर्यात किया। घरेलू बाजार में कुल बिक्रियों में से, कुकडो ने स्वदेशी बाजार में *** और *** दो संबंधित पक्षकारों को ***एमटी उत्पाद की बिक्री की। संबद्ध पक्षकारों ने घरेलू बाजार में क्रय की गई मात्रा के एक भाग की आगे पुनर्बिक्री की है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि अगर भारत को किए गए निर्यातों के साथ तुलना की जाए तो व्यापार की सामान्य अवधि में घरेलू बिक्रियां पर्याप्त मात्रा में हैं। स्वयं को उपभोग के लिए संबद्ध पक्षकारों को बिक्री के लिए, प्राधिकारी ने उन कीमतों की तुलना की जिन पर संबद्ध

पक्षकारों और असंबद्ध पक्षकारों को उत्पाद की बिक्री की थी और इसे आर्म्स लैंथ कीमतों पर पाया गया। संबद्ध पक्षकारों को बेचे गए उत्पाद के लिए, जहां उत्पाद की घरेलू बाजार में पुन: बिक्री की गई थी, प्राधिकारी ने सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए आधार के रूप में उस कीमत पर विचार किया है, जिस पर किसी स्वतंत्र ग्राहक को वस्तुओं की पहली बार बिक्री की गई थी।

53. सामान्य मूल्य का निर्धारण करने के लिए, प्राधिकारी ने संबद्ध वस्तुओं के उत्पादन की लागत के संदर्भ के साथ लाभ प्राप्त करने वाले घरेलू बिक्री सौदों का निर्धारण करने के लिए व्यापार परीक्षण की सामान्य अवधि को आयोजित किया है। चूंकि, मात्रा के 20% से अधिक भाग की (***) उत्पादन की लागत से कम कीमतों पर बिक्री की गई थी, सामान्य मूल्य को लाभप्रद बिक्रियों की कीमत के आधार पर निर्धारित किया गया है। कुकडो ने अंतर्देशीय मालभाड़ा, संभाल प्रभारों, पैकिंग लागत और क्रेडिट लागत के कारण कीमत समायोजन का दावा किया है। समायोजन दावों को वर्तमान प्रकटीकरण विवरण के प्रयोजनार्थ अनुमति प्रदान की गई है। अत:, कुकडो के लिए कारखानागत स्तर पर सामान्य मूल्य की नीचे पाटन मार्जिन तालिका में उल्लेख किए गए अनुसार संगणना की गई है।

<u>कुम्हो पी एंड बी केमिकल इंक. (केपीबी) के लिए सामान्य मूल्य</u>

54. जांच की अवधि के दौरान, केपीबी ने घरेलू बाजार में ***एमटी संबद्ध वस्तुओं की बिक्री की है, जबकि इसने ***एमटी का निर्यात किया है। घरेलू बाजार में सारी बिक्रियां असंबद्ध ग्राहकों को की गई है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि व्यापार की सामान्य अवधि के दौरान घरेलू बिक्रियां पर्याप्त मात्रा में की गई है जब इसकी भारत को को किए गए निर्यातों से तुलना की जाती है। सामान्य मूल्य का निर्धारण करने के लिए प्राधिकारी ने संबद्ध वस्तुओं के उत्पादन की लागत के संदर्भ में लाभ प्राप्त करने वाले घरेलू बिक्री सौदों का निर्धारण करने के लिए व्यापार परीक्षण की सामान्य अवधि आयोजित की है। चूंकि, 20% से अधिक मात्रा (***) को उत्पादन की लागत से निम्न कीमतों पर बेचा गया था, सामान्य मूल्य को लाभ प्राप्त करने वाली बिक्रीयों की कीमत पर निर्धारित किया गया है। केपीबी ने अंतर्देशीय मालभाड़ा, भंडारण व्ययों, बीमा, क्रेडिट बीमा, टैंक का किराया, ट्रांसपोर्टर को मालभाड़ा, पैकिंग लागत और क्रेडिट लागत के कारण कीमत समायोजन का दावा किया है। वर्तमान प्रकटीकरण विवरण के प्रयोजनार्थ समायोजनों के दावे को अनुमति प्रदान की गई है। अत:,

केपीबी के लिए कारखानागत स्तर पर सामान्य मूल्य की संगणना की गई है जैसाकि नीचे पाटन मार्जिन तालिका में उल्लेख किया गया है।

कोरिया गणराज्य में अन्य उत्पादकों/निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य

55. कोरिया गणराज्य के अन्य सभी असहयोगी उत्पादकों और निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य को उपलब्ध तथ्यों के आधार पर निर्धारित किया गया है और इसका नीचे पाटन मार्जिन तालिका में उल्लेख किया गया है।

कोरिया गणराज्य के लिए निर्यात कीमत

56. घरेलू उद्योग के तर्क के संबंध में कि शुल्क वापसी के कारण समायोजन पर विचार नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि आयातित कच्चे माल और वापस किए गए शुल्क के बीच कोई संबंध नहीं है, यह नोट किया गया है कि कोरिया गणराज्य से उत्तर देने वाले निर्यातकों ने संबद्ध वस्तुओं के उत्पादन में उपयोग के लिए कच्चे माल के आयात, ऐसे आयातों पर अदा किए गए शुल्कों, और वापस किए गए शुल्क वापसी की राशि के बीच संबंध को प्रदर्शित करने के लिए अपनी प्रश्नावली में साक्ष्य प्रस्तुत किए हैं। तद्नुसार, प्राधिकारी ने ऐसे कोरियाई निर्यातकों को शुल्क वापसी रिफंड के कारण समायोजन को अनुमति दी है जिन्होंने ऐसा दावा किया है।

कुकडो केमिकल कंपनी लिमिटेड (कुकडो) के लिए निर्यात कीमत

57. जांच की अवधि के दौरान, कुकडो ने ***एमटी की बिक्री की है जिसमें से कंपनी ने भारत में एक संबद्ध क्रयकर्ता, अर्थात कुकडो केमिकल इंडिया प्रा. लिमि., इंडिया को ***एमटी संबद्ध वस्तुओं की बिक्री की है, वहीं बकाया माल की भारत में असंबद्ध क्रयकर्ताओं को बिक्री की गई है।

कुकडो → कुकडो केमिकल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (भारत में असंबद्ध क्रयकर्ता)

कुकडो → भारत में असंबद्ध ग्राहक

58. निर्यात कीमत को कुकडो द्वारा असंबद्ध ग्राहकों को बिक्री के लिए ली जाने वाली बिक्री की कीमत के आधार पर निर्धारित किया गया है। समुद्री मालभाड़ा, बीमा अंतर्देशीय माल भाड़ा,

पत्तन और अन्य संबंधित व्ययों, पैकिंग लागत, क्रेडिट लागत और कारखानागत कीमत पर पहुंचने के लिए शुल्क वापसी हेतु समायोजन किए गए हैं। कुकडो केमिकल इंडिया के जरिए बिक्रियों के मामले में, निर्यात कीमत को संबद्ध आयातक की पुनर्बिक्री कीमत के आधार पर निर्धारित किया गया है क्योंकि इस आयातक ने हानि पर संबद्ध वस्तुओं की पुनर्बिक्री की है। पुनर्बिक्री कीमत को बिक्री, सामान्य और प्रशासनिक व्ययों के लिए समायोजित किया गया है। अत: निर्यात कीमत को कारखानागत स्तर पर परिकलित किया गया है जैसा कि नीचे पाटन मार्जिन तालिका में उल्लेख किया गया है।

<u>कुम्हो पी एंड बी केमिकल इंक. (केपीबी) के लिए निर्यात कीमत</u>

59. जांच की अवधि के दौरान, केपीबी ने ***एमटी की बिक्री की है जिसमें से कंपनी ने ***एमटी संबद्ध वस्तुओं की बिक्री सीधे की है जबकि बकाया माल का भारत को असंबद्ध व्यापारियों के जरिए निर्यात किया गया था।

केपीबी → भारत में असंबद्ध ग्राहक
केपीबी → कैंको मार्केटिंग इंक. → भारत में असंबद्ध ग्राहक
केपीबी → मिंजिन कॉर्पोरेशन लिमिटेड → भारत में असंबद्ध ग्राहक
केपीबी → सैमसंग सी एंड टी कॉर्पोरेशन → भारत में असंबद्ध ग्राहक
केपीबी → वोनवू ट्रेडिंग कंपनी लिमिटेड → भारत में असंबद्ध ग्राहक

60. निर्यात कीमत को असंबद्ध व्यापारियों या भारत में आयातक को बिक्रियों के लिए केपीबी द्वारा प्रभारित बिक्री की कीमत के आधार पर निर्धारित किया गया है। भांडागार तक अंतर्देशीय मालभाड़ा, पत्तन तक अंतर्देशीय मालभाड़ा, भांडागार प्रभार, अंतर्देशीय बीमा, समुद्री मालभाड़ा, पत्तन और अन्य संबंधित व्ययों, विदेशी बीमा, क्रेडिट बीमा, सीमा शुल्क ब्रोकर का शुल्क, पैकिंग व्यय, क्रेडिट लागत, बैंक प्रभार, कारखानागत कीमत पर पहुंचने के लिए शुल्क वापसी के लिए समायोजन किए गए हैं। इसके अलावा, जहां निर्यातक ने हानि पर पुनर्बिक्री की है, वहां निर्यातक की हानि को भी समायोजित किया गया है। पहुंच कीमत को संबद्ध वस्तुओं के सीआईएफ इनवॉयस मूल्य जैसाकि निर्यातकों द्वारा प्रभारित किया गया था, के आधार पर निर्धारित किया गया है। अत:, कारखानागत स्तर पर निर्यात कीमत परिकलन का नीचे पाटन मार्जिन तालिका में उल्लेख किए गए अनुसार किया गया है।

कोरिया गणराज्य में अन्य उत्पादकों/निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत

61. कोरिया गणराज्य के सभी असहयोगी उत्पादकों और निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत को उपलब्ध तथ्यों के आधार पर निर्धारित किया गया है और इसका नीचे पाटन मार्जिन तालिका में उल्लेख किया गया है।

छ.6 थाइलैंड के लिए सामान्य मूल्य

आदित्य बिरला केमिकल्स (थाईलैंड) लिमिटेड (एबीसीटीएल) के लिए सामान्य मूल्य

62. जाँच अवधि के दौरान, एबीसीटीएल ने घरेलू बाजार में *** एमटी संबद्ध वस्तुओं की बिक्री की है, जबकि इसने भारत को *** एमटी का निर्यात किया है। घरेलू बाजार में सारी बिक्रियां असंबद्ध पक्षकारों को की गई हैं। प्राधिकारी नोट करते हैं कि व्यापार की सामान्य अवधि में की गई घरेलू बिक्रियां पर्याप्त मात्रा में है, जब इसकी भारत को किए गए आयातों से तुलना की जाती है। सामान्य मूल्य का निर्धारण करने के लिए, प्राधिकारी ने संबद्ध वस्तुओं के उत्पादन की लागत के संदर्भ में लाभ प्राप्त करने वाले घरेलू बिक्री बिक्री सौदों का निर्धारण करने के लिए व्यापार परीक्षण की सामान्य क्रम को आयोजित किया गया है। चूंकि, निर्यात मात्रा के 20% से अधिक (***) की बिक्री उत्पादन की लागत से कम कीमतों पर की गई थी, इसलिए सामान्य मूल्य को लाभदायक बिक्रियों की कीमत के आधार पर निर्धारित किया गया है। एबीसीटीएल ने अंतर्देशीय माल भाड़ा, अंतर्देशीय बीमा, पैकिंग लागत, रॉयल्टीज, बैंक प्रभारों और क्रेडिट लागत के कारण कीमत समायोजनों का दावा किया है। समायोजन के दावों को, अप्रत्यक्ष बिक्री व्ययों को छोड़कर, वर्तमान प्रकटीकरण विवरण के प्रयोजन हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है। अप्रत्यक्ष बिक्री व्ययों के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि ऐसे व्यय को कारखानागत स्तर से परे उपगत नहीं किया गया है और इसलिए, कारखानागत कीमत पर पहुंचने के लिए समायोजन किए जाने की जरूरत नहीं है। इसे ध्यान में रखते हुए, प्राधिकारी सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत, दोनों में ऐसे व्ययों को समायोजित करना उचित नहीं समझते। अत:, एबीसीटीएल के लिए कारखानागत स्तर पर सामान्य मूल्य को नीचे पाटन मार्जिन तालिका में उल्लेख किए गए अनुसार परिकलित किया गया है।

थाईलैंड में अन्य उत्पादकों/निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य

63. थाईलैंड के अन्य सभी असहयोगी उत्पादकों और निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य उपलब्ध तथ्यों के आधार पर निर्धारित किया गया है और इसका उल्लेख नीचे पाटन मार्जिन तालिका में किया गया है।

<u>थाईलैंड के लिए निर्यात कीमत</u>

<u>आदित्य बिड़ला केमिकल्स (थाईलैंड) लिमिटेड (एबीसीटीएल) के लिए निर्यात कीमत</u>

64. जाँच अवधि के दौरान, एबीसीटीएल ने *** मी.ट. वस्तुओं की बिक्री की, जिनमें से कंपनी ने *** मी.ट. संबद्ध वस्तुएँ भारत में एक संबंधित क्रेता, ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड को बेचीं, जबकि शेष वस्तुएँ भारत में असंबद्ध क्रेताओं को बेची गई।

एबीसीटीएल → ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड (भारत में संबंधित आयातक)
एबीसीटीएल→ भारत में असंबंधित ग्राहक

65. एबीसीटीएल द्वारा निर्यात कीमत असंबद्ध ग्राहकों को बिक्री हेतु ली जाने वाली बिक्री कीमत के आधार पर निर्धारित किया गया है। समुद्री भाड़ा, अंतर्देशीय बीमा, अंतर्देशीय भाड़ा, ब्रोकरेज और हैंडलिंग, समुद्री बीमा, पैकिंग लागत, रॉयल्टी, बैंक शुल्क और क्रेडिट लागत के लिए समायोजन किए गए हैं। ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड (संबद्ध आयातक) के माध्यम से बिक्री के मामले में, निर्यात मूल्य संबंधित आयातक के पुन: बिक्री कीमत के आधार पर निर्धारित किया गया है, जिसमें बिक्री, सामान्य और प्रशासनिक व्यय समायोजित किए गए हैं। यह ध्यान देने योग्य है कि संबद्ध कंपनी, अर्थात् ग्रासिम इंडस्ट्रीज को किए गए निर्यात के संबंध में, निर्यातक, संबंधित आयातक से रॉयल्टी न लेने का कारण साक्ष्य के साथ बताने में विफल रहा है। ऐसी जानकारी के अभाव में, ऐसे संबद्ध आयातक को दी गई कीमत को अन्य असंबद्ध ग्राहकों से ली जाने वाली रॉयल्टी के समान दर पर समायोजित किया गया है। इस प्रकार, कारखाना-पूर्व स्तर पर निर्यात मूल्य की गणना नीचे दी गई पाटन मार्जिन तालिका में उल्लिखित अनुसार की गई है।

<u>थाईलैंड में अन्य उत्पादकों/निर्यातकों के लिए निर्यात मूल्य</u>

66. थाईलैंड के अन्य सभी असहयोगी उत्पादकों और निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत उपलब्ध तथ्यों के आधार पर निर्धारित की गई है और इसका उल्लेख नीचे दी गई पाटन मार्जिन तालिका में किया गया है।

छ.7 <u>ताइवान और सऊदी अरब के लिए सामान्य मूल्य</u>

67. प्राधिकारी नोट करते हैं कि ताइवान और सऊदी अरब के किसी भी उत्पादक/निर्यातक ने निर्यातक प्रश्नावली के उत्तर प्रस्तुत नहीं किए हैं। ताइवान और सऊदी अरब के सभी उत्पादकों/निर्यातकों के असहयोग को देखते हुए, प्राधिकारी ने नियमों के नियम 6(8) के अनुसार उपलब्ध तथ्यों के आधार पर सामान्य मूल्य निर्धारित किया है। इसलिए, प्राधिकारी ने भारत में उत्पादन लागत के आधार पर सामान्य मूल्य निर्मित किया है, जिसे विधिवत समायोजित किया गया है, जिसमें बिक्री, सामान्य और प्रशासनिक व्यय और उचित लाभ को शामिल किया गया है। इस प्रकार निर्धारित निर्मित सामान्य मूल्य का उल्लेख नीचे दी गई पाटन मार्जिन तालिका में किया गया है और इसे पाटन मार्जिन तालिका में दर्शाया गया है।

<u>ताइवान और सऊदी अरब के लिए निर्यात कीमत</u>

68. प्राधिकारी नोट करते हैं कि ताइवान और सऊदी अरब के किसी भी उत्पादक/निर्यातक ने निर्यातक प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत नहीं किया है। ताइवान और सऊदी अरब के उत्पादकों/निर्यातकों के असहयोग को देखते हुए, संबद्ध देशों के लिए विचाराधीन उत्पाद के निर्यात कीमत की गणना उपलब्ध तथ्यों के आधार पर की गई है। इस प्रकार निर्धारित निर्यात कीमत नीचे दी गई पाटन मार्जिन तालिका में उल्लिखित है और इसे पाटन मार्जिन तालिका में भी दर्शाया गया है।

छ.8 <u>पाटन मार्जिन</u>

वर्तमान जाँच में निर्धारित सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन इस प्रकार हैं। यह देखा गया है कि संबद्ध देशों के लिए पाटन मार्जिन न्यूनतम से ऊपर है और महत्वपूर्ण है।

<u>पाटन मार्जिन तालिका</u>

उत्पादक	सामान्य मूल्य	निर्यात कीमत	पाटन मार्जिन	पाटन	पाटन

	(अम.डॉ./मी.ट.)	(अम.डॉ./मी.ट.)	(अम.डॉ./मी.ट.)	मार्जिन (%)	मार्जिन (रेंज)
चीन जन.गण.					
जियांग्सू कुम्हो यांगनोंग केमिकल कंपनी लिमिटेड	***	***	***	***	10-20
नानटोंग ज़िंगचेन सिंथेटिक मटेरियल कंपनी लिमिटेड					
कोई अन्य	***	***	***	***	20-30
कोरिया आरपी					
कुकडो केमिकल्स कंपनी लिमिटेड	***	***	***	***	25-35
कुम्हो पी एंड बी केमिकल इंक.	***	***	***	***	15-25
कोई अन्य	***	***	***	***	40-50
थाईलैंड					
आदित्य बिड़ला केमिकल्स (थाईलैंड) लिमिटेड	***	***	***	***	0-10
कोई अन्य	***	***	***	***	20-30
ताइवान					
कोई भी	***	***	***	***	10-20
सऊदी अरब					
कोई भी	***	***	***	***	15-25

ज.1 <u>अन्य हितबद्ध पक्षों के विचार</u>

69. अन्य हितबद्ध पक्षों ने क्षति और कारणात्मक संबंध के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं।

i. थाईलैंड भारत के लिए कोई खतरा नहीं है, क्योंकि एबीसीटीएल का भारत को निर्यात उसके कुल उत्पादन की तुलना में सीमित है।

ii. घरेलू उत्पादन और भारतीय माँग के संबंध में चीन और सऊदी अरब से आयात की मात्रा प्रारंभ में शून्य थी और आयात केवल जाँच अवधि में ही शुरू हुआ। इसके अलावा, कोरिया और ताइवान से आयात उत्पादन और माँग के संबंध में स्थिर रहा है।

iii. संबद्ध आयातों की मात्रा में वृद्धि केवल असंबद्ध आयातों की जगह लेने के लिए है, जिनमें इस अवधि में तेज़ी से गिरावट आई है।

iv. सऊदी अरब, ताइवान और थाईलैंड से कीमत कटौती नकारात्मक है, जबकि चीन और कोरिया से मूल्य कटौती एक सीमित दायरे के भीतर है, जो एक प्रतिस्पर्धी बाजार में सामान्य है।

v. क्षति अवधि के अंतिम दो वर्षों में कीमत कटौती नकारात्मक रही।

vi. घरेलू उद्योग को स्व-प्रदत्त क्षति हुई है क्योंकि आयात मूल्य में 8% की गिरावट आई है, जबकि घरेलू उद्योग के विक्रय मूल्य में आधार वर्ष की तुलना में 15% की गिरावट आई है।

vii. व्यय और हानि के गलत आवंटन के कारण घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत बढ़ गई है, जिसके परिणामस्वरूप बिक्री कीमत अधिक है, जो बाजार मानदंडों के अनुरूप नहीं है।

viii. घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत में इनपुट लागत के अनुरूप वृद्धि और गिरावट हुई है और आयात मूल्यों का इस पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।

ix. आयात की उपस्थिति के बावजूद मांग में वृद्धि के अनुरूप घरेलू उद्योग का उत्पादन और घरेलू बिक्री बढ़ी है, जो अच्छी वृद्धि दर्शाती है।

x. घरेलू उद्योग ने अपनी क्षमताओं में वृद्धि की है और स्वस्थ क्षमता उपयोग को बनाए रखा है, जो अतिरिक्त क्षमताओं के कुशल अवशोषण को दर्शाता है।

xi. घरेलू उद्योग के कर्मचारी कार्यबल में वृद्धि क्षति की कमी को दर्शाती है, क्योंकि कोई भी प्रभावित उद्योग रोजगार सृजन में निवेश नहीं करेगा।

xii. मूल्य मापदंडों पर प्रभाव पर चुनिंदा रूप से भरोसा करते हुए उद्योग के मात्रा मापदंडों में सकारात्मक बदलाव को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है, जैसा कि थाईलैंड एच-बीम्स में डब्ल्यूटीओ पैनल और ब्रिज स्टोन टायर मैन्युफैक्चरिंग (थाईलैंड) बनाम यस में सीईएसटीएटी द्वारा माना गया है।

xiii. घरेलू उद्योग ने 2021-22 में लागत बढ़ने पर लाभ अर्जित किया, लेकिन 2022-23 और जांच की अवधि में इसकी लागत में कमी आने पर इसके लाभ में गिरावट आई, जो आंतरिक अक्षमताओं को दर्शाता है।

xiv. जबकि उद्योग पहले दो वर्षों में लाभ अर्जित कर रहा था, उसे केवल 2022-23 और जांच की अवधि में हानि हुई। इसके अलावा, अतुल लिमिटेड ने 2022-23 और 2023-24 में 'प्रदर्शन और अन्य रसायनों' के समग्र व्यापार खंड में पर्याप्त लाभ की सूचना दी है, जिसमें एलईआर भी शामिल है।

xv. प्राधिकारी से लाभप्रदता के संबंध में जानकारी सत्यापित करने का अनुरोध किया जाता है क्योंकि विचाराधीन उत्पाद एक विशिष्ट प्रकार का एलईआर है, इसकी उत्पादन लागत को अलग से नहीं रखा जाएगा और इसे अन्य प्रकार के एपॉक्सी रेजिन के साथ जोड़ा जाएगा। इसके अलावा, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि उत्पादन लागत और हानियाँ विचाराधीन उत्पाद और इस खंड के अन्य उत्पादों में उचित रूप से आबंटित की जाएँ।

xvi. घरेलू उद्योग को और अधिक क्षति का कोई खतरा नहीं है क्योंकि आयात में माँग वृद्धि के अनुरूप वृद्धि हुई है, जबकि घरेलू उद्योग की कीमतें उसकी लागत के अनुरूप बढ़ी हैं।

xvii. चीन और कोरिया के उत्पादकों के पास ऐसी कोई निष्क्रिय क्षमता नहीं है जिसे भारत में लाया जा सके। इसके अलावा, भारत ऐसे उत्पादकों की कुल बिक्री का केवल 5% ही है।

xviii. घरेलू उद्योग यह प्रदर्शित करने में विफल रहा है कि संबद्ध देशों में अत्यधिक निष्क्रिय क्षमता घरेलू उद्योग को किस प्रकार क्षति पहुँचाएगी।

xix. घरेलू उद्योग ने क्षमता विस्तार के काल्पनिक अनुमानों पर भरोसा किया है और ऐसे विस्तार से कोई आसन्न और स्पष्ट रूप से पूर्वानुमानित खतरा नहीं दिखाया है, जैसा कि इंडियन स्पिनर्स बनाम नामित प्राधिकारी के मामले में सीईएसटीएटी द्वारा निर्धारित किया गया है।

xx. यूरोपीय आयोग ने निर्धारित किया है कि न्यूनतम मार्जिन के कारण कोरिया से निर्यात पर कोई अनंतिम शुल्क नहीं लगाया जाना चाहिए, जो दर्शाता है कि कोरियाई निर्यातक जानबूझकर पाटन नहीं कर रहे हैं।

xxi. संबद्ध देशों से आयात घरेलू उद्योग को कोई क्षति नहीं पहुँचा रहे हैं और यदि कोई क्षति है, तो वह अन्य कारकों के कारणों की वजह से है।

xxii. मूल्यह्रास और ब्याज लागत में वृद्धि से पता चलता है कि पूंजीगत बोझ या वित्तीय पुनर्गठन की अक्षमताओं के कारण उच्च मूल्य निर्धारण और बढ़ी हुई एनआईपी हो सकती है।

xxiii. बिक्री में वृद्धि के बावजूद, मालसूची का संचय, खराब योजना या विपणन अक्षमताओं के कारण अधिक उत्पादन या बिक्री करने में असमर्थता को दर्शाता है।

xxiv. जैसा कि अतुल ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में स्वीकार किया है, बढ़ी हुई इनपुट लागत और कच्चे माल की कीमतों में अस्थिरता के कारण घरेलू उद्योग की लाभप्रदता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

xxv. बड़े पैमाने पर पूंजीगत व्यय और क्षमता विस्तार ने घरेलू उद्योग की लाभप्रदता पर दबाव डाला हो सकता है। इसके अलावा, भारतीय मांग से अधिक घरेलू उद्योग की अधिशेष क्षमता भी इसका कारण हो सकती है।

xxvi. कोविड-19 महामारी के कारण संयंत्रों के बंद होने से घरेलू उद्योग को नुकसान होने की संभावना है।

xxvii. घरेलू उद्योग पश्चगामी एकीकृत नहीं है और प्रमुख कच्चे माल के लिए आयात पर निर्भर है, जिन पर मौजूदा सीमा शुल्क लागू हैं, जिसके परिणामस्वरूप लागत अधिक है।

xxviii. घरेलू उद्योग के निर्यात बिक्री कीमत में गिरावट उसके घरेलू बिक्री कीमत से अधिक थी, जो बिक्री कीमत और संबद्ध आयातों के बीच सहसंबंध के अभाव को दर्शाता है। आयातों की निर्यात कीमत में गिरावट घरेलू उद्योग के निर्यात मूल्य में गिरावट के समान है।

xxix. अतुल लिमिटेड ने 'प्रदर्शन और अन्य रसायन खंड' में बिक्री कीमत में समग्र गिरावट को स्वीकार किया है, जो दर्शाता है कि मूल्य में गिरावट केवल विचाराधीन उत्पाद तक ही सीमित नहीं है।

xxx. घरेलू उद्योग ने पहले यह कहते हुए पाटनरोधी जांच को समाप्त करने का अनुरोध किया था कि बाजार की स्थिति में उतार-चढ़ाव से उद्योग की प्रतिस्पर्धात्मकता प्रभावित होने की संभावना है। इसलिए, उद्योग की वर्तमान स्थिति को भी ऐसे बाजार उतार-चढ़ाव के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है।

xxxi. सीमा शुल्क और अधिभार से परे, पहुंच कीमत में कोई समायोजन नहीं किया जाना चाहिए। यदि कोई समायोजन हो, तो उसे क्षति-रहित कीमत में किया जाना चाहिए, जो एक निर्मित काल्पनिक मूल्य है।

ज.2 <u>घरेलू उद्योग के विचार</u>

70. घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध यह दर्शाने के लिए किए गए हैं कि घरेलू उद्योग को क्षति हुई है और पाटन तथा क्षति के बीच कारणात्मक संबंध है।

i. संबद्ध देशों से आयात की मात्रा में संपूर्ण क्षति अवधि के दौरान वृद्धि हुई और जाँच अवधि के दौरान सबसे अधिक थी।

ii. क्षति अवधि के दौरान आयात की मात्रा में 162% की वृद्धि हुई।

iii. देश में माँग-आपूर्ति में कोई अंतर न होने के बावजूद, संबद्ध आयात सस्ते दामों पर भारतीय बाजार में प्रवेश करते रहे।

iv. क्षति अवधि के दौरान संबद्ध आयातों की वृद्धि दर माँग में वृद्धि से अधिक रही।

v. घरेलू उद्योग संबद्ध आयातों के साथ कड़ी कीमत प्रतिस्पर्धा में था और परिणामस्वरूप, घरेलू उद्योग ने आयात मूल्य के बराबर कीमतों पर बिक्री की।

vi. कीमत कटौती मासिक आधार पर सकारात्मक है।

vii. कच्चे माल की लागत पर आयात कीमत का बढ़ाव क्षति अवधि के दौरान 50% कम हो गया है।

viii. जांच अवधि के दौरान, घरेलू उद्योग ने बाजार में अपनी जगह बनाए रखने के लिए, संबद्ध वस्तुओं को अपनी लागत से काफी कम कीमत पर बेचा, क्योंकि संबद्ध आयातों का पहुँच मूल्य बहुत कम था।

ix. जबकि इस अवधि में घरेलू उद्योग की बिक्री लागत में वृद्धि हुई, घरेलू उद्योग के बिक्री कीमत में गिरावट आई, क्योंकि संबद्ध आयातों ने घरेलू कीमतों को दबा दिया और उन्हें कम कर दिया।

x. आयातों के साथ मूल्य प्रतिस्पर्धा ने घरेलू उद्योग को अपनी लाभप्रदता से समझौता करने के लिए मजबूर किया।

xi. घरेलू उद्योग को भारी क्षति, नकद हानि का सामना करना पड़ा और इसने अपने निवेश पर नकारात्मक आय अर्जित की।

xii. जबकि घरेलू उद्योग ने अपनी लाभप्रदता से समझौता किया, यह अपने उत्पादन और बिक्री को बनाए रखने में सक्षम रहा।

xiii. चूँकि आयात सस्ती कीमतों पर उपलब्ध थे, घरेलू उद्योग ने अपना बाजार खो दिया और अपना पूरा उत्पादन बेचने में असमर्थ रहा, जिसके परिणामस्वरूप मालसूची का जमाव हो गया।

xiv. घरेलू उद्योग की पूंजी जुटाने की क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

xv. ग्रासिम उद्योग को संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तुओं के पाटन के कारण भी क्षति का सामना करना पड़ा है।

xvi. यह अनिवार्य नहीं है कि सभी क्षति मापदंड नकारात्मक प्रवृत्ति दर्शाएँ। कुछ मापदंडों में वृद्धि देखने के बावजूद भी उद्योग को क्षति का सामना करना पड़ सकता है। वर्तमान मामले में, घरेलू उद्योग को अपने लाभप्रदता मापदंडों में गिरावट का सामना करना पड़ा है।

xvii. कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि घरेलू उद्योग द्वारा किए गए क्षमता विस्तार के कारण हुई।

xviii. घरेलू उद्योग को हुई क्षति किसी अन्य कारक के कारण नहीं हुई है।

xix. अन्य हितबद्ध पक्षों के दावों के विपरीत, प्रति इकाई ब्याज और मूल्यह्रास लागत में कमी आई है, और कुल आधार पर कोई भी वृद्धि घरेलू बिक्री में वृद्धि और ऐसी बिक्री से जुड़ी पद्धति पर व्यय के आवंटन के कारण हुई है।

xx. हितबद्ध पक्षकार इस बात का प्रमाण देने में विफल रहे हैं कि कोविड महामारी के कारण घरेलू उद्योग को क्षति हुई है।

xxi. घरेलू उद्योग को हुई क्षति को उसके वास्तविक स्वरूप में ही देखा जाना चाहिए और घरेलू उद्योग में निहित कारक जैसे कि पश्चगामी एकीकरण का अभाव, कारण संबंध और गैर-आरोपण विश्लेषण के लिए अप्रासंगिक हैं।

xxii. घरेलू उद्योग को अपने निर्यात परिचालनों में हुए नुकसान की तुलना में अपने घरेलू परिचालनों में अधिक वित्तीय नुकसान का सामना करना पड़ा है।

xxiii. वार्षिक रिपोर्ट में दिए गए विवरण केवल संबद्ध वस्तुओं तक सीमित नहीं हैं और अन्य रसायनों सहित एक बड़े उत्पाद खंड को संदर्भित करते हैं, जिनका कंपनी के समग्र कारोबार और परिचालनों में बड़ा हिस्सा है।

xxiv. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने यह दर्शाने के लिए कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया है कि जाँच अवधि के दौरान असामान्य बाजार स्थिति मौजूद थी जिससे घरेलू उद्योग को क्षति हुई।

xxv. संबद्ध आयातों से घरेलू उद्योग को और अधिक क्षति पहुँचने का खतरा है।

xxvi. संबद्ध आयातों में वृद्धि की दर माँग में वृद्धि से अधिक हो गई है और ऐसे आयात बाजार में काफी कम कीमतों पर प्रवेश कर रहे हैं।

xxvii. चीन और कोरिया के उत्पादकों के पास महत्वपूर्ण निष्क्रिय क्षमताएँ हैं, जो उनकी घरेलू माँग से बहुत अधिक हैं।

xxviii. चीन और कोरिया के उत्पादकों ने अत्यधिक निष्क्रिय क्षमता के बावजूद क्षमता विस्तार किया है।

xxix. संबद्ध आयात अमेरिका और यूरोप में पाटनरोधी शुल्क के अधीन हैं, जिसका अर्थ है कि ऐसे आयात अन्य बाजारों में भी पाटित किए जाते हैं।

xxx. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के दावे के विपरीत, किसी अन्य प्राधिकारी द्वारा नकारात्मक निर्धारण का यह अर्थ नहीं है कि कोरियाई उत्पादक भारत में संबद्ध वस्तुओं का पाटन नहीं कर रहे हैं।

xxxi. प्राधिकारी से अनुरोध है कि वे लागू कानूनों के अनुसार निर्यातकों के लिए पहुंच मूल्य और गैर-क्षतिकारी मूल्य की जांच करें और उसका निर्धारण करें।

ज.3. प्राधिकारी द्वारा जांच

71. अनुबंध-II के साथ पठित पाटनरोधी नियमावली के नियम-11 में किसी क्षति के निर्धारण में यह उपबंध है कि किसी क्षति जांच में "... पाटित आयातों की मात्रा, समान वस्तुओं के लिए घरेलू बाजार में कीमतों पर उनके प्रभाव और ऐसी वस्तुओं के घरेलू उत्पादकों पर ऐसे

आयातों के परिणामी प्रभाव सहित सभी संगत कारकों को ध्यान में रखते हुए ..." ऐसे कारकों की जांच शामिल होगी जिनसे घरेलू उद्योग को हुई क्षति का पता चल सकता हो। कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव पर विचार करते समय इस बात पर विचार करना आवश्यक है कि क्या पाटित आयातों द्वारा भारत में समान वस्तु की कीमत की तुलना में अत्यधिक कीमत कटौती हुई है अथवा क्या ऐसे आयातों के प्रभाव से कीमतों में अन्यथा अत्यधिक गिरावट आई है या कीमत में होने वाली उस वृद्धि में रूकावट आई है, जो अन्यथा पर्याप्त स्तर तक बढ़ गई होती। भारत में घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच करने के लिए उत्पादन, क्षमता उपयोग, बिक्री की मात्रा, मालसूची, लाभप्रदता, निवल बिक्री वसूली, पाटन की मात्रा एवं मार्जिन आदि जैसे उद्योग की स्थिति को प्रभावित करने वाले कारकों पर पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-2 के अनुसार विचार किया गया है ।

72. प्राधिकरण ने घरेलू उद्योग को क्षति के संबंध में इच्छुक पक्षों के तर्कों और प्रतितर्कों की जांच की है। प्राधिकरण द्वारा किए गए चोट विश्लेषण में इच्छुक पक्षों द्वारा किए गए विभिन्न प्रस्तुतियों को संबोधित किया गया है ।

ज.3.1. क्षति का संचयी आकलन

73. विश्व व्यापार संगठन समझौते के अनुच्छेद 3.3 और नियमों के अनुबंध II के पैरा (iii) में यह प्रावधान है कि यदि कहीं ऐसे देश से अधिक देशों से उत्पाद का आयात साथ-साथ किया जा रहा हो और उसे पाटनरोधी जांचों में रखा जा रहा हो, तो प्राधिकारी ऐसे आयातों के प्रभाव का संचयी रूप से मूल्यांकन करेंगे, यदि वह यह निर्धारित करे कि :

(क) प्रत्येक देश से आयातों के संबंध में स्थापित पाटन का मार्जिन निर्यात कीमत के प्रतिशत के रूप में 2 प्रतिशत से अधिक अभिव्यक्त हो और प्रत्येक देश से आयात की मात्रा समान वस्तु के आयात के 3 प्रतिशत (या उससे अधिक) हो अथवा जहां अलग-अलग देशों से निर्यात 3 प्रतिशत से कम हो, सामूहिक रूप से आयात समान वस्तु के आयात के 7 प्रतिशत से अधिक बनता हो तथा

(ख) आयातों के प्रभाव का संचयी मूल्यांकन आयातित वस्तु और समान घरेलू वस्तु के बीच प्रतिस्पर्धा की शर्तों के आलोक में उपयुक्त है ।

74. प्राधिकारी नोट करते हैं कि:

क. संबद्ध वस्तुओं का भारत में संबद्ध देशों से पाटन किया जा रहा है। प्रत्येक संबद्ध देश से पाटन मार्जिन नियमों के अंतर्गत निर्धारित न्यूनतम सीमा से अधिक है।

ख. प्रत्येक संबद्ध देश से आयात की मात्रा कुल आयात मात्रा के 3% से अधिक है।

ग. आयात के प्रभावों का संचयी मूल्यांकन उपयुक्त है क्योंकि संबद्ध देशों से आयात न केवल उनमें से प्रत्येक द्वारा प्रस्तुत समान वस्तुओं के साथ सीधे प्रतिस्पर्धा करते हैं, बल्कि भारतीय बाजार में घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत समान वस्तुओं के साथ भी प्रतिस्पर्धा करते हैं।

75. उपर्युक्त के मद्देनजर, प्राधिकारी मानते हैं कि चीन जन.गण., कोरिया जन.गण., थाईलैंड, ताइवान और सऊदी अरब से संबद्ध वस्तुओं के पाटित आयातों के घरेलू उद्योग पर प्रभाव का आकलन करना उपयुक्त है।

ज.3.2 पाटित आयातों का परिमाण प्रभाव

<u>क) मांग/प्रत्यक्ष खपत का आकलन</u>

76. वर्तमान जाँच के प्रयोजनार्थ, प्राधिकारी ने भारत में संबंधित उत्पाद की मांग या प्रत्यक्ष खपत को घरेलू उद्योग और अन्य भारतीय उत्पादकों की घरेलू बिक्री तथा सभी स्रोतों से आयात के योग के रूप में परिभाषित किया है। मूल्यांकित मांग नीचे दी गई है।

विवरण	इकाई	2020-21	2021-22	2022-23	जांच की अवधि
आबद्ध सहित मांग					
घरेलू उद्योग (बिक्री + आबद्ध)	मी.ट.	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	117	135	160
अन्य भारतीय उत्पादक (बिक्री + आबद्ध)	मी.ट.	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	119	144	167

संबद्ध आयात	मी.ट.	9,182	15,085	18,155	23,276
अन्य आयात	मी.ट.	22	0	13	0
कुल मांग	मी.ट.	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	124	148	176
आबद्ध को छोड़कर मांग					
घरेलू ऊागग (बिक्री)	मी.ट.	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	116	144	172
अन्य भारतीय उत्पादक (बिक्री)	मी.ट.	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	102	124	138
संबद्ध आयात	मी.ट.	9,182	15,085	18,155	23,276
अन्य आयात	मी.ट.	22	0	13	0
कुल मांग	मी.ट.	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	121	147	175

77. यह देखा गया है कि संबद्ध वस्तुओं की मांग संपूर्ण क्षति अवधि के दौरान बढ़ी है और जाँच अवधि के दौरान यह सर्वाधिक थी।

ख) <u>संबद्ध देशों से आयात मात्राएँ</u>

78. पाटित आयातों की मात्रा के संबंध में, प्राधिकारी को यह विचार करना आवश्यक है कि क्या पाटित आयातों में, चाहे निरपेक्ष रूप से या भारत में उत्पादन या खपत के सापेक्ष, उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। क्षति विश्लेषण के प्रयोजनार्थ, प्राधिकारी ने डीजी सिस्टम्स से प्राप्त लेन-देन-वार आयात आँकड़ों पर भरोसा किया है। क्षति जाँच अवधि के दौरान संबद्ध देश से संबद्ध वस्तुओं की आयात मात्राएँ और पाटित आयात का हिस्सा निम्नानुसार है:

विवरण	इकाई	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
संबद्ध आयात	मी.ट.	9,182	15,085	18,155	23,276
कोरिया	मी.ट.	6,929	10,693	11,858	13,866

थाइलैंड	मी.ट.	1,282	2,688	4,110	5,570
ताइवान	मी.ट.	926	1,356	1,276	1,130
चीन	मी.ट.	7	60	263	1,914
सऊदी अरब	मी.ट.	38	288	648	797
अन्य देश	मी.ट.	22	0	13	0
कुल आयात	मी.ट.	9,204	15,086	18,168	23,276
के संबंध में संबद्ध आयात:					
भारतीय उत्पादन	%	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	149	171	204
खपत	%	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	132	134	144
कुल आयात	%	100%	100%	100%	100%

79. यह देखा गया है कि-

क. क्षति अवधि के दौरान प्रत्येक वर्ष संबद्ध आयातों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 2020-21 की तुलना में, जाँच अवधि में आयातों में 153% की वृद्धि हुई है।

ख. संबद्ध देशों से आयात देश में कुल आयातों का संपूर्ण हिस्सा है।

ग. उत्पादन के संबंध में आयातों में पूरी अवधि के दौरान वृद्धि हुई है, जो क्षति अवधि की शुरुआत से 104% तक बढ़ गई है। यह इस तथ्य के बावजूद है कि घरेलू उद्योग ने वास्तव में क्षति अवधि के दौरान क्षमताएँ बढ़ाई थीं।

घ. क्षति अवधि के दौरान आयातों में खपत के संबंध में भी वृद्धि देखी गई है। जाँच अवधि के दौरान, क्षति अवधि की शुरुआत की तुलना में, खपत के संबंध में आयातों में 44% की वृद्धि हुई है।

80. इसके अलावा, दिसंबर 2023 में ग्रासिम लिमिटेड द्वारा किए गए क्षमता विस्तार के साथ, भारतीय उद्योग के पास देश में वर्तमान और पूर्वानुमानित मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त क्षमता है। यह भी उल्लेखनीय है कि मांग में वृद्धि की तुलना में आयात में तेज़ी से वृद्धि

हुई है। आधार वर्ष की तुलना में, जहाँ मांग में 76% की वृद्धि हुई, वहीं आयात में 153% की वृद्धि हुई।

विवरण	इकाई	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
संबद्ध आयात	मी.ट.	9,182	15,085	18,155	23,276
परिवर्तन	%		64%	20%	28%
व्यापारी मांग	मी.ट.	***	***	***	***
परिवर्तन	%		21%	22%	19%

ज.3.3 <u>पाटित आयातों का कीमत प्रभाव</u>

81. नियमों के अनुबंध II (ii) के अनुसार, कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव के संबंध में, प्राधिकारी को यह विचार करना आवश्यक है कि क्या भारत में समान उत्पाद की कीमत की तुलना में पाटित आयातों द्वारा मूल्य में उल्लेखनीय कमी आई है, या क्या ऐसे आयातों का प्रभाव मूल्य ह्रास की वृद्धि को कम करने या रोकने के लिए महत्वपूर्ण है, जो अन्यथा काफी हद तक घटित हो सकती थी।

क) कीमत कटौती

82. कीमत कटौती का निर्धारण घरेलू उद्योग की निवल बिक्री प्राप्ति की तुलना आयातों के पहुँच कीमत से करके किया गया है।

विवरण	इकाई	पी ओ आई
निवल बिक्री प्राप्ति	₹/मी.ट.	***
पहुंच कीमत	₹/मी.ट.	1,77,378
कीमत कटौती	₹/मी.ट.	***
कीमत कटौती	%	***%
रेंज	रेंज	(1)-1%

83. यह देखा गया है कि जाँच अवधि के दौरान, घरेलू उद्योग ने संबद्ध वस्तुओं को आयात कीमतों के समतुल्य मूल्य पर बेचा है। इससे पता चलता है कि बाजार में मूल्य प्रतिस्पर्धा है और घरेलू उद्योग बाजार मूल्यों से वास्तविक रूप से भिन्न मूल्य वसूलने में सक्षम नहीं है। घरेलू उद्योग ने यह भी रेखांकित किया है कि, आयात मूल्य के समतुल्य मूल्यों पर संबद्ध वस्तुओं को बेचने के लिए, घरेलू उद्योग को घाटे में सामान बेचने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

ख) कीमत ह्रास/न्यूनीकरण

84. यह निर्धारित करने के लिए कि क्या पाटित आयात घरेलू कीमतों को कम कर रहे हैं और क्या ऐसे आयातों का प्रभाव मूल्यों को महत्वपूर्ण रूप से कम करना है या मूल्य वृद्धि को रोकना है जो अन्यथा सामान्य रूप से हुई होती, क्षति अवधि के दौरान लागतों और कीमतों में हुए परिवर्तनों की तुलना नीचे दी गई है।

विवरण	इकाई	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
बिक्री की लागत	₹/मी.ट.	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	170	145	101
निवल बिक्री प्राप्ति	₹/मी.ट.	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	167	117	85
पहुंच कीमत	₹/मी.ट.	1,88,667	3,32,092	2,47,515	1,77,374
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	176	131	94

85. यह नोट किया गया है कि घरेलू उद्योग की बिक्री लागत और विक्रय मूल्य के साथ-साथ पहुँच मूल्य में 2021-22 तक वृद्धि हुई, लेकिन उसके बाद गिरावट आई। जबकि 2022-23 में घरेलू उद्योग की बिक्री लागत में 16% की गिरावट आई, विक्रय मूल्य में गिरावट दोगुनी दर से, 30% की रही। 2022-23 से, संबद्ध आयातों का पहुँच मूल्य घरेलू उद्योग की बिक्री लागत से कम था। जाँच अवधि के दौरान, विक्रय मूल्य में बिक्री लागत के अनुरूप गिरावट आई, जिससे पहुँच मूल्य में और कमी आई। आधार वर्ष से रुझानों की जाँच से पता चलता है कि क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की बिक्री लागत में 1% की वृद्धि हुई है, जबकि पहुँच मूल्य में गिरावट के कारण घरेलू उद्योग के विक्रय मूल्य में 15% की उल्लेखनीय

गिरावट आई है। इसलिए, यह नोट किया गया है कि आयातों ने घरेलू उद्योग की कीमतों को कम किया है और मूल्य वृद्धि को रोका है, जो अन्यथा होती।

ज.3.4 घरेलू उद्योग के आर्थिक मानदंड

86. पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-।। में यह अपेक्षित है कि क्षति के निर्धारण में समान उत्पाद के घरेलू उत्पादकों पर इन आयातों के परिणामी प्रभाव की तथ्यपरक जांच शामिल होगी । नियमों में आगे यह उपबंध है कि घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच में समस्त संगत आर्थिक मापदंडों और बिक्री, लाभ, उत्पादन, बाजार हिस्से, उत्पादकता, निवेश पर आय अथवा क्षमता उपयोग में वास्तविक एवं संभावित गिरावट सहित घरेलू उद्योग की स्थिति पर प्रभाव डालने वाले संकेतकों; घरेलू कीमतों, पाटन मार्जिन की मात्रा, नकद प्रवाह, मालसूची, रोजगार, मजदूरी, वृद्धि, पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता पर वास्तविक और संभावित नकारात्मक प्रभावों का तथ्यपरक एवं निष्पक्ष मूल्यांकन शामिल होगा । घरेलू उद्योग के निष्पादन की जांच से यह पता चलता है कि घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति हुई है । घरेलू उद्योग से संबंधित विभिन्न क्षति मापदंडों पर निम्नानुसार चर्चा की गई है।

क) उत्पादन, क्षमता, क्षमता उपयोग और बिक्री मात्रा

87. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की क्षमता, उत्पादन, बिक्री और क्षमता उपयोग निम्नानुसार थे:

विवरण	इकाई	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
स्थापित क्षमता	मी.ट.	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	100	116	126
उत्पादन	मी.ट.	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	128	142	167
क्षमता उपयोग	%	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	128	122	133
घरेलू बिक्री	मी.ट.	***	***	***	***

विवरण	इकाई	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	116	144	172
निर्यात बिक्री	मी.ट.	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	348	256	215
आबद्ध खपत	मी.ट.	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	118	125	146

88. यह देखा गया है कि -

क. घरेलू उद्योग की स्थापित क्षमता में इस अवधि में वृद्धि हुई है। ऐसा इसलिए है क्योंकि दोनों आवेदकों ने क्षमता विस्तार किया है।

ख. घरेलू उद्योग के उत्पादन, क्षमता उपयोग और बिक्री में इस अवधि में वृद्धि हुई है। मात्रा मापदंडों में वृद्धि घरेलू उद्योग की माँग और क्षमता में वृद्धि, दोनों के कारण है।

ग. घरेलू उद्योग ने तर्क दिया है कि बिक्री में वृद्धि आयात मूल्यों के बराबर मूल्य रखकर और संबद्ध वस्तुओं को घाटे पर बेचकर हासिल की गई है।

ख) बाजार हिस्सा

89. घरेलू उद्योग और आयातों का बाजार हिस्सा नीचे दी गई तालिका में दर्शाई गई है:

बाजार हिस्सा	इकाई	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
आबद्ध खपत को छोड़कर					
घरेलू उद्योग	%	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	96	97	98
अन्य भारतीय उत्पादक	%	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	84	84	78
संबद्ध आयात	%	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	136	134	145

बाजार हिस्सा	इकाई	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
अन्य आयात	%	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	0	40	0
आबद्ध खपत सहित					
घरेलू उद्योग	%	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	94	91	91
अन्य भारतीय उत्पादक	%	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	96	97	95
संबद्ध आयात	%	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	132	134	144
अन्य आयात	%	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	-	40	-

90. यह देखा गया है कि घरेलू उद्योग और समग्र रूप से घरेलू उत्पादकों की बाजार हिस्सेदारी में इस अवधि के दौरान उल्लेखनीय गिरावट आई है। विशेष रूप से, भारतीय उद्योग ने प्रत्येक वर्ष व्यापारिक माँग में अपनी बाजार हिस्सेदारी खोई है। दूसरी ओर, व्यापारिक माँग में संबद्ध आयातों की बाजार हिस्सेदारी में 44% की वृद्धि हुई है।

ग) मालसूची

91. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की मालसूची स्थिति नीचे दी गई तालिका में दी गई है:

विवरण	इकाई	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
प्रारंभिक मालसूची	मी.ट.	***	***	***	***
अंतिम मालसूची	मी.ट.	***	***	***	***
औसत मालसूची	मी.ट.	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	111	231	323

92. यह देखा गया है कि क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के औसत माल-सूची में लगातार वृद्धि हुई है। क्षति अवधि के दौरान, घरेलू उद्योग के औसत माल-सूची में 223% की वृद्धि हुई।

घ) लाभप्रदता, नकद लाभ और नियोजित पूंजी पर आय

93. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की लाभप्रदता, निवेश पर आय और नकद लाभ नीचे दी गई तालिका में दिए गए हैं:

विवरण	इकाई	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
बिक्री की लागत	₹/मी.ट.	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	170	145	101
बिक्री कीमत	₹/मी.ट.	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	167	117	85
लाभ/ (हानि)	₹/मी.ट.	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	106	(410)	(203)
लाभ/ (हानि)	₹ लाख	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	123	(590)	(348)
नकद लाभ	₹ लाख	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	107	(220)	(104)
नियोजित पूंजी पर आय	%	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	90	(168)	(79)

94. यह नोट किया जाता है कि -

क. घरेलू उद्योग 2021-22 तक लाभ कमा रहा था। हालाँकि, घरेलू उद्योग को 2022-23 में घाटा होने लगा और जाँच अवधि के दौरान ऐसा घाटा जारी रहा।

ख. क्षति अवधि के दौरान बिक्री की लागत में वृद्धि हुई, जबकि बिक्री कीमत में गिरावट आई। परिणामस्वरूप, जब घरेलू उद्योग अपनी बिक्री मात्रा बढ़ाने में सक्षम था, तब भी क्षति अवधि के दौरान इसकी लाभप्रदता में काफी गिरावट आई। 2021-22 में बिक्री की लागत और बिक्री कीमत दोनों में एक साथ वृद्धि हुई। इसके बाद, जब 2022-23 में बिक्री की लागत में गिरावट आई, तब भी बिक्री कीमत में गिरावट इतनी अधिक थी कि इस अवधि में घरेलू उद्योग को काफी वित्तीय घाटा हुआ। जाँच अवधि के दौरान लाभप्रदता में थोड़ा सुधार हुआ, लेकिन घरेलू उद्योग घाटे में रहा।

ग. क्षति अवधि के दौरान, घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में तेजी से गिरावट आई है।

घ. घरेलू उद्योग को नकद घाटा हुआ और उसने अपने निवेश पर नकारात्मक प्रतिफल अर्जित किया। जबकि घरेलू उद्योग ने 2020-21 और 2021-22 में नकद लाभ और नियोजित पूंजी पर सकारात्मक प्रतिफल अर्जित किया, उसके बाद 2022-23 में यह ऋणात्मक हो गया और जाँच अवधि में ऋणात्मक बना रहा।

ड. जाँच अवधि के दौरान, घरेलू उद्योग ने निवेश पर ***% का ऋणात्मक आय अर्जित किया, जबकि आधार वर्ष में इसका निवेश पर ***% का सकारात्मक प्रतिफल था।

95. अन्य हितबद्ध पक्षों के इस तर्क के संबंध में कि अतुल लिमिटेड ने 2022-23 और 2023-24 में 'प्रदर्शन और अन्य रसायनों' के समग्र व्यवसाय खंड में पर्याप्त लाभ की सूचना दी है, जिसमें विचाराधीन उत्पाद भी शामिल है, यह नोट किया जाता है कि किसी कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट में दी गई जानकारी कंपनी के संपूर्ण संचालन से संबंधित होती है, जिसमें बिक्री का निर्यात भी शामिल है। हालाँकि, वर्तमान क्षति विश्लेषण केवल घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्री से संबंधित है। इसके अलावा, आवेदक का 'प्रदर्शन और अन्य रसायन' खंड कंपनी के एक बड़े उत्पाद खंड से संबंधित है, जिसमें सभी प्रकार के एपॉक्सी रेजिन की बड़ी टोकरी शामिल है, जबकि वर्तमान जाँच उत्पाद क्षेत्र में शामिल विवरण के तरल एपॉक्सी रेजिन के मापदंडों तक सीमित है। इसलिए, आवेदन की वार्षिक रिपोर्ट में व्यापक उत्पाद खंड से संबंधित दिए गए विवरणों पर भरोसा नहीं किया जा सकता।

ड.) रोज़गार, उत्पादकता और मजदूरी

96. प्राधिकारी ने रोज़गार, मजदूरी और उत्पादकता से संबंधित जानकारी की जाँच की है, जैसा कि नीचे दिया गया है।

विवरण	इकाई	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
कर्मचारियों की संख्या	सं.	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	126	119	133
वेतन एवं मजदूरी	₹ लाख	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	117	118	139
प्रति दिवस उत्पादकता	मी.ट./दिवस	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	128	142	167
प्रति कर्मचारी उत्पादकता	मी.ट./सं.	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	102	120	125

97. यह नोट किया गया है कि क्षति अवधि के दौरान कर्मचारियों की संख्या और वेतन-भत्तों के संदर्भ में घरेलू उद्योग के निष्पादन में सुधार हुआ है। इसके अतिरिक्त, क्षति अवधि के दौरान प्रति दिन उत्पादकता और प्रति कर्मचारी उत्पादकता में भी सुधार हुआ है। घरेलू उद्योग ने इस आधार पर क्षति का दावा नहीं किया है।

च. वृद्धि

विवरण	इकाई	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
उत्पादन	%	-	28%	11%	17%
घरेलू बिक्री	%	-	16%	23%	19%
लाभ / हानि	%	-	6%	-488%	51%
नकद लाभ	%	-	7%	-306%	52%
नियोजित पूंजी पर आय	%	-	-10%	-285%	53%

98. यह उल्लेखनीय है कि मात्रा मानकों में सकारात्मक वृद्धि देखी गई है। हालाँकि, लाभप्रदता मानकों के संबंध में वृद्धि 2022-23 में नकारात्मक रही। हालाँकि जाँच अवधि के दौरान लाभप्रदता में थोड़ी वृद्धि हुई है, घरेलू उद्योग को लगातार घाटा हो रहा है और अपने निवेशों पर काफी नकारात्मक आय प्राप्त हुई है। इसलिए, घरेलू उद्योग को मूल्य मानकों के संबंध में नकारात्मक वृद्धि का सामना करना पड़ा है।

छ) पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता पर प्रभाव

99. यद्यपि घरेलू उद्योग ने अपनी क्षमताएँ बढ़ाई हैं, फिर भी उसे काफी घाटा हुआ है और उसे नकारात्मक आय प्राप्त हो रही है। जाँच अवधि और 2022-23 के दौरान ईबीआईडीटीए नकारात्मक रहा। घरेलू उद्योग ने अपने वर्तमान ब्याज दायित्वों को पूरा करने के लिए भी पर्याप्त लाभ अर्जित नहीं किया है। हालाँकि संबद्ध वस्तुएँ घरेलू उद्योग के लिए एक बड़े उत्पाद पोर्टफोलियो का हिस्सा हैं, वित्तीय प्रदर्शन में गिरावट ने संबद्ध वस्तुओं के लिए पूंजी जुटाने की घरेलू उद्योग की क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है।

ज) कीमतों को प्रभावित करने वाले कारक

100. यह नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग आयात कीमतों के अनुरुप कीमतों को रख कर बाजार में प्रतिस्पर्धा करने के लिए बाध्य हो गया है। इसके परिणामस्वरूप, घरेलू उद्योग वर्ष 2022-23 से लेकर अब तक अपनी कीमतों को स्थिर नहीं रख पाया है और लागत कटौतियों से भी अधिक कटौती करने के लिए बाध्य हुआ है। आयातों के चलते घरेलू उद्योग को लागत से कम कीमत पर वस्तुओं की बिक्री करने के लिए बाध्य हुआ है। इस प्रकार, संबद्ध आयातों से घरेलू उद्योग की कीमतों पर प्रभाव पड़ा है। संबद्ध देशों से आयात कीमतों, लागत संरचना में परिवर्तन, घरेलू बाजार में प्रतिस्पर्धा और घरेलू बाजार में घरेलू उद्योग की कीमतों को प्रभावित कर सकने वाले अन्य कारकों पर विचार करने पर यह पता चलता है कि संबद्ध देशों से आयात की गई संबद्ध वस्तुओं की पहुँच कीमतों के कारण भारतीय बाजार में कीमतों में भारी गिरावट और मंदी आई है। इस उत्पाद का कोई व्यवहार्य विकल्प नहीं है। यह भी देखने में आया है कि संबद्ध वस्तुओं की मांग में वृद्धि हुई है और इसे घरेलू कीमतों पर प्रभाव डालने वाला कारक नहीं माना जा सकता है। घरेलू उद्योग ने यह अनुरोध किया है कि बाजार में अपनी स्थिति को बनाए रखने के लिए, घरेलू उद्योग के पास एकमात्र विकल्प के रुप में

उत्पाद की कीमतों को आयात कीमतों के अनुरूप रखना है। घरेलू उद्योग ने आगे यह तर्क दिया है कि उपभोक्ता आयातित उत्पादों की कीमतों के आधार पर घरेलू उद्योग के साथ कीमतों के लिए नेगोसिएट कर रहे हैं। इस प्रकार, घरेलू उद्योग की कीमतों के लिए ज़िम्मेदार मुख्य कारक के रुप में संबद्ध वस्तुओं की पहुंच कीमतें हैं।

झ) पाटन की मात्रा

101. संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तुओं का भारी पाटन हुआ है जिसके कारण बाजार में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा की स्थितियां प्रभावित हुई हैं।

ज.3.6 <u>क्षति का समग्र आकलन</u>

102. संबद्ध उत्पाद के आयातों और घरेलू उद्योग के कार्य निष्पादन की जांच स्पष्ट रूप से यह दर्शाती है कि :

i. संबद्ध देशों से आयातों की मात्रा में समग्र रूप से उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। क्षति अवधि के दौरान आयातों की मात्रा में 153% की वृद्धि हुई है।

ii. भारतीय उत्पादन और घरेलू खपत के संबंध में आयातों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

iii. संबद्ध आयात भारत में होने वाले कुल आयातों को नियंत्रित कर रहे थे।

iv. घरेलू उद्योग संबद्ध वस्तुओं की आयात कीमत के समान कीमतों पर बिक्री कर रहा था।

v. जांच अवधि के दौरान, संबद्ध वस्तुओं का पहुंच कीमत बिक्री लागत से काफी कम थी।

vi. यद्यपि इस अवधि में घरेलू उद्योग की बिक्री लागत में वृद्धि हुई है, लेकिन घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत में आयातों की पहुंच कीमत में गिरावट के अनुरूप कमी आई।

vii. देश में क्षमता और मांग में वृद्धि के साथ घरेलू उद्योग के मात्रात्मक मापदंडों में सुधार हुआ है।

viii. घरेलू उद्योग और समग्र रूप से भारतीय उद्योग के बाजार हिस्से में गिरावट आई है, जबकि आयातों में वृद्धि हुई है।

ix. घरेलू उद्योग अपने पूरे उत्पादन का निपटान कर पाने में असमर्थ रहा है, जिसके चलते मालसूची में वृद्धि हुई है।

x. क्षति अवधि के दौरान बिक्री लागत में वृद्धि होने के बावजूद बिक्री कीमतों में गिरावट आने के कारण घरेलू उद्योग के वित्तीय निष्पादन में उल्लेखनीय रुप से गिरावट आई है। घरेलू उद्योग को महत्वपूर्ण हानि, नकदी हानि का सामना करना पड़ा और उसे अपनी नियोजित पूंजी पर नकारात्मक आय का सामना करना पड़ा है, जबकि घरेलू उद्योग पहले लाभ की स्थिति में था और नकदी लाभ तथा निवेश पर सकारात्मक आय अर्जित कर रहा था।

xi. यद्यपि घरेलू उद्योग के मात्रात्मक मापदंडों में वृद्धि देखने में आई है, लेकिन वे कीमत संबंधी मापदंडों की कीमत पर थे। घरेलू उद्योग की लाभप्रदता और उसके परिणामस्वरूप नकदी प्रवाह तथा नियोजित पूंजी पर आय में क्षति अवधि के दौरान तीव्र गिरावट आई है।

xii. आयातों के चलते घरेलू उद्योग की आगे पूंजी निवेश बढ़ाने की क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

xiii. आयातों के चलते घरेलू उद्योग की कीमतों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा हैं।

xiv. पाटन मार्जिन सकारात्मक और महत्वपूर्ण है।

103. उपरोक्त को देखते हुए, प्राधिकारी का यह निष्कर्ष है कि घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति हुई है।

ज.3.7 और भी क्षति की आशंका

104 घरेलू उद्योग ने यह दावा किया है कि यद्यपि उसे जांच की अवधि के दौरान पाटित आयातों के चलते क्षति हुई है, तथापि ऐसे आयातों के कारण से घरेलू उद्योग को और अधिक क्षति होने की आशंका है। इस संबंध में, प्राधिकारी यह नोट करते हैं:

क. आयातों में महत्वपूर्ण वृद्धि दर

105. घरेलू उद्योग ने यह अनुरोध किया है कि क्षति अवधि के दौरान पाटित आयातों की मात्रा में तेजी से वृद्धि हुई है, जो कि मांग में वृद्धि से अधिक है। यह देखने में आया है कि क्षति अवधि की शुरुआत की तुलना में, जहां संबद्ध वस्तुओं की मांग में 76% की वृद्धि हुई है, वहीं आयात की मात्रा में 153% की वृद्धि हुई है।

विवरण	इकाई	2020-21	2021-22	2022-23	जांच की अवधि
संबद्ध आयात	मी. टन	9,182	15,085	18,155	23,276
परिवर्तन	%		64%	20%	28%
व्यापारी मांग	मी. टन	***	***	***	***
परिवर्तन	%		21%	22%	19%

ख. अन्य देशों द्वारा व्यापारिक कार्रवाइयां

106. यह नोट किया जाता है कि संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तुओं का निर्यात अन्य क्षेत्राधिकारों में व्यापार सुधारात्मक उपायों के अधीन है। अमेरिकी वाणिज्य विभाग ने चीन जन. गण., कोरिया गणराज्य, ताइवान और थाईलैंड से निर्यातों पर 5% से 355% तक के बीच पाटनरोधी और सब्सिडीरोधी शुल्क लगाया है। इसके अतिरिक्त, यूरोपीय आयोग ने प्रारंभिक जांच परिणाम जारी किए हैं और चीन जन. गण., कोरिया गणराज्य, ताइवान और थाईलैंड से निर्यातों के लिए 10% से 49% के बीच पाटन मार्जिन निर्धारित किया है। घरेलू उद्योग ने यह दावा किया है कि चूंकि संबद्ध वस्तुओं के प्रमुख निर्यात स्थानों द्वारा उपाय लागू किए जा रहे हैं अथवा अंतिम उपाय लागू किए जाएंगे, ऐसे बाजार चीन के निर्यातकों के लिए बंद हो जाएंगे और संबद्ध देशों के निर्यातकों द्वारा अपने निर्यातों को भारत की ओर भेजे जाने की संभावना है।

ग. <u>संबद्ध देशों में पर्याप्त रूप से आसानी से प्रयोज्य और निष्क्रिय क्षमताएं</u>

107. घरेलू उद्योग ने यह अनुरोध किया है कि चीन के उत्पादकों की उत्पादन क्षमता 3,600 के.टी. के करीब की है, जबकि कोरियाई उत्पादकों की उत्पादन क्षमता 900-1,000 के.टी. की है। ऐसी क्षमताओं के सापेक्ष, चीन में घरेलू मांग करीब 1,500-1,700 के.टी. की है, जबकि कोरिया में घरेलू मांग करीब 150-170 के.टी. की है। यह देखने में आया है कि चीन के उत्पादकों के पास 1,900 के.टी. तक की निष्क्रिय क्षमताएं होने की संभावना है, जबकि कोरियाई उत्पादकों के पास 830 के.टी. तक की निष्क्रिय क्षमताएं हैं।

108. रिकॉर्ड पर उपलब्ध सूचना के आधार पर, प्राधिकारी संबद्ध देशों में क्षमता और उत्पादन को निम्नलिखित अनुसार नोट करते हैं।

विवरण	चीन	कोरिया	थाइलैंड	कुल
क्षमता	6,00,000	6,78,573	1,10,000	13,88,573
उत्पादन	4,68,950	4,28,756	79,724	9,77,430
क्षमता उपयोग	78%	63%	72%	70%
निष्क्रिय क्षमता	1,31,050	2,49,817	30,276	4,11,143

मात्रा मी. टन में

109. उपर्युक्त सूचना से यह स्पष्ट है कि भारत में मांग की तुलना में संबद्ध देशों में अत्यधिक निष्क्रिय क्षमताएं हैं। प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि निष्क्रिय क्षमताएं वर्तमान में अधिक हैं, इस तथ्य के बावजूद कि चीन के केवल एक ही उत्पादक ने जांच में सहयोग किया है, जो कि वहां से किए गए आयातों का केवल 7% ही निर्यात करता है, अत: गैर-भागीदारी के कारण रिकॉर्ड में निष्क्रिय क्षमताओं को कम करके आंका गया है। तथापि, केवल सहयोगी उत्पादकों के आधार पर संबद्ध देशों में कुल निष्क्रिय क्षमताएं 4,11,143 मी. टन हैं, जबकि व्यापारिक मांग केवल 71,980 मी. टन है। ऐसी निष्क्रिय क्षमताओं को यदि भारतीय बाजार की ओर स्थानांतरित किया जाता है, तो भारतीय उद्योग के लिए महत्वपूर्ण क्षति आशंका उत्पन्न होने

की संभावना है, यह देखते हुए कि अन्य प्रमुख बाजारों ने पहले ही व्यापार सुधारात्मक उपाय लागू कर दिए हैं।

घ. <u>संबद्ध देशों में क्षमता विस्तार</u>

110. घरेलू उद्योग ने यह दर्शाने के लिए सूचना भी प्रस्तुत की है कि चीन और कोरिया में मौजूदा निष्क्रिय क्षमताओं के अतिरिक्त, उत्पादकों/ निर्यातकों ने हाल की अवधि के दौरान अपनी क्षमताओं में और अधिक विस्तार किया है, जैसा कि नीचे दी गई तालिका से देखा जा सकता है।

कंपनी	देश	क्षमता (के.टी.)
कुम्हो पी एंड बी केमिकल इंक.	कोरिया	60

ज 3.8 <u>गैर-आरोपण विश्लेषण और कारणात्मक संबंध</u>

111. घरेलू उद्योग की कीमतों पर पाटित आयातों के क्षति, मात्रा और मूल्य संबंधी प्रभावों की मौजूदगी की जांच करने के बाद, प्राधिकारी ने यह जांच की है कि क्या घरेलू उद्योग को हुई क्षति, नियमों के अंतर्गत सूचीबद्ध पाटित आयातों के अलावा किसी अन्य कारक के कारण हो सकती है।

क) तीसरे देशों से आयातों की मात्रा और मूल्य

112. यह नोट किया जाता है कि संबद्ध देशों के अलावा, किसी अन्य देश से कोई महत्वपूर्ण आयात नहीं हुआ है। अत: यह क्षति तीसरे देशों से हुए आयातों के कारण नहीं है।

ख) मांग में संकुचन

113. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि क्षति अवधि के दौरान संबद्ध वस्तुओं की मांग में वृद्धि हुई है और मांग में संकुचन होने के कारण घरेलू उद्योग को कोई क्षति नहीं हुई है।

ग) खपत की पद्धति

114. विचाराधीन उत्पाद की खपत की पद्धति में ऐसा कोई भी महत्वपूर्ण परिवर्तन नहीं पाया गया है जिससे कि घरेलू उद्योग को क्षति हो सकती हो। इसके बजाय, खपत की पद्धति में परिवर्तन उत्पाद के पक्ष में हैं, जैसा कि उत्पाद की बढ़ती मांग में देखा जा सकता है।

घ) प्रतिस्पर्धा की स्थितियां और व्यापार प्रतिबंधात्मक प्रथाएं

115. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि प्रतिस्पर्धा की स्थितियों अथवा व्यापार प्रतिबंधात्मक प्रथाओं का कोई साक्ष्य नहीं है जो घरेलू उद्योग को दावा की गई क्षति के लिए जिम्मेदार हो।

ङ) प्रौद्योगिकी में विकास

116. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि प्रौद्योगिकी में परिवर्तन का कोई ऐसा साक्ष्य रिकॉर्ड में नहीं लाया गया है जिससे कि घरेलू उद्योग को क्षति हो सकती हो।

च) उत्पादकता

117. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की उत्पादकता में वृद्धि हुई है। अतः, घरेलू उद्योग को इस कारण से कोई क्षति नहीं हुई है।

छ) घरेलू उद्योग का निर्यात निष्पादन

118. उपरोक्त जांच की गई क्षति संबंधी सूचना केवल घरेलू बाजार के संदर्भ में घरेलू उद्योग के निष्पादन से संबंधित है। अतः, इस क्षति को घरेलू उद्योग के निर्यात निष्पादन के कारण नहीं माना जा सकता।

ज) अन्य उत्पादों का निष्पादन

119. प्राधिकारी ने केवल संबद्ध वस्तुओं के निष्पादन से संबंधित आंकड़ों पर ही विचार किया है। अतः, उत्पादित और बिक्री किए गए अन्य उत्पादों का निष्पादन घरेलू उद्योग को क्षति होने का संभावित कारण नहीं है।

120. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के इस तर्क के संबंध में कि घरेलू उद्योग को क्षति बैकवार्ड इंटिग्रेशन के अभाव में उनकी अकुशलताओं के कारण हुई है, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि यह सर्वमान्य है कि घरेलू उद्योग को हुई क्षति को उसके अस्तित्व के अनुसार ही देखा जाना

चाहिए। प्राधिकारी ने विगत जांचों में लगातार यही दृष्टिकोण अपनाया है, जिसे निप्पॉन ज़ियोन कंपनी लिमिटेड बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी के मामले में न्यायाधिकरण द्वारा भी बरकरार रखा गया है। प्राधिकारी के इस दृष्टिकोण को यूरोपीय संघ - अर्जेंटीना से बायोडीज़ल पर पाटनरोधी उपाय [डीएस473/एबी/आर] में अपीलीय निकाय के जांच परिणामों में भी समर्थन प्राप्त है।

"7.522. अर्जेंटीना प्राथमिक रूप से यूरोपीय संघ के अधिकारियों के इस निष्कर्ष पर आपति जताता है कि यूरोपीय संघ के उद्योग की संरचना क्षति का कारण नहीं थी। अर्जेंटीना द्वारा पहचाने गए दो कारक, अर्थात् वर्टिकल इंटिग्रेशन का अभाव और कच्ची सामग्री तक पहुंच का अभाव, मूल रुप से यूरोपीय संघ के घरेलू उद्योग की अंतर्निहित विशेषताएं हैं, जो अर्जेंटीना के अनुसार, उसे अर्जेंटीना के उत्पादकों की तुलना में कम प्रतिस्पर्धी बनाती हैं। तथापि, हमारे दृष्टिकोण से, यह तर्क पाटनरोधी करार के अनुच्छेद 3 और अनुच्छेद 3.5 सहित इसके विभिन्न अनुच्छेदों की गलत व्याख्या के आधार पर है। अनुच्छेद 3 द्वारा परिकल्पित क्षति की अवधारणा घरेलू उद्योग की स्थिति में नकारात्मक घटनाक्रमों से संबंधित है। अनुच्छेद 3 का प्रयोजन निर्यातक सदस्य की तुलना में घरेलू उद्योग की संरचना में अंतरों को संबोधित करना नहीं है। इसकी बजाय, अनुच्छेद 3.5 के पाठ और ऐसे "अन्य कारकों" की उसकी सांकेतिक सूची से - जो सभी घरेलू उद्योग की स्थिति में घटनाक्रमों से संबंधित हैं - यह स्पष्ट है कि प्राधिकारी को घरेलू उद्योग में निहित विशेषताओं के संबंध में गैर-आरोपण विश्लेषण करने की आवश्यकता नहीं है और जांच प्राधिकारी द्वारा क्षति विश्लेषण के प्रयोजनों के लिए विचारित अवधि के दौरान अपरिवर्तित रहे हैं।"

121. इस प्रकार, यह तथ्य कि घरेलू उद्योग के संयंत्र वर्टिकल रूप से बैकवार्ड इंटिगेशन नहीं हैं, घरेलू उद्योग को क्षति होने का कारण नहीं बन सकता है।

122. इस तर्क के संबंध में कि घरेलू उद्योग को क्षति मूल्यह्रास और ब्याज लागत में वृद्धि के कारण होने की संभावना है, यह देखा गया है कि क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की प्रति इकाई मूल्यह्रास और ब्याज लागत में वास्तव में कमी आई है। इस प्रकार, यह उद्योग को क्षति होने का कारण नहीं बन सकता है।

विवरण	इकाई	2020-21	2021-22	2022-23	जांच की अवधि	परिवर्तन
ब्याज	₹ लाख	***	***	***	***	9%
	₹ / मी. टन	***	***	***	***	-36%
मूल्यह्रास	₹ लाख	***	***	***	***	14%
	₹ / मी. टन	***	***	***	***	-34%

ज 3.9 <u>कारणात्मक संबंध पर निष्कर्ष</u>

123. यद्यपि नियमों के अंतर्गत सूचीबद्ध अन्य ज्ञात कारकों से घरेलू उद्योग को क्षति नहीं हुई है, फिर भी प्राधिकारी नोट करते हैं कि निम्नलिखित मानदंड यह दर्शाते हैं कि घरेलू उद्योग को क्षति पाटित आयातों के कारण हुई है।

i. देश में संबद्ध वस्तुओं का भारी मात्रा में पाटन हुआ है, जिसके कारण संबद्ध वस्तुओं की मांग में वृद्धि हुई है।

ii. समूची क्षति अवधि के दौरान संबद्ध देशों से आयातों की मात्रा में वृद्धि हुई और जांच की अवधि के दौरान यह सबसे अधिक रही, जिसमें 153% की वृद्धि हुई है।

iii. देश में मांग व आपूर्ति के बीच कोई अंतर न होने के बावजूद आयातों की मात्रा में वृद्धि हुई है।

iv. यद्यपि वर्ष 2021-22 तक संबद्ध वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि हुई, उसके बाद इसमें गिरावट आई, जिससे घरेलू उद्योग को अपनी कीमतों को कम करने के लिए बाध्य होना पड़ा। इसके परिणामस्वरूप, घरेलू उद्योग संबद्ध आयातों के साथ कड़ी कीमत प्रतिस्पर्धा में था।

v. पाटित आयातों में वृद्धि के कारण, घरेलू उद्योग ने बाजार में अपनी जगह बनाए रखने के लिए, संबद्ध वस्तुओं की अपनी लागत से कम कीमत पर बिक्री की।

vi. बाजार में कीमतों के चलते घरेलू उद्योग को अपनी लाभप्रदता से समझौता करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। परिणामस्वरूप, घरेलू उद्योग को भारी क्षति, नकद हानि का सामना करना पड़ा है और उसे अपने निवेश पर नकारात्मक प्रतिफल प्राप्त हुआ है।

vii. जांच की अवधि के दौरान घरेलू उद्योग को नकारात्मक ईबीआईडीटीए का सामना करना पड़ा है।

viii. हानि में बिक्री करने के बावजूद, घरेलू उद्योग के बाजार अंश में कमी आई है। समूचे भारतीय उद्योग ने बाजार अंश खो दिया है।

124. इस प्रकार से, प्राधिकारी का यह निष्कर्ष है कि संबद्ध वस्तुओं के पाटन और घरेलू उद्योग को हुई क्षति के बीच एक कारणात्मक संबंध मौजूद है।

झ. <u>क्षति मार्जिन की मात्रा</u>

125. प्राधिकारी ने अनुबंध III के साथ पठित नियमावली में निर्धारित सिद्धांतों के आधार पर घरेलू उद्योग के लिए क्षति-रहित कीमत का निर्धारण किया है। विचाराधीन उत्पाद की क्षति-रहित कीमत का निर्धारण, जांच अवधि के लिए उत्पादन लागत से संबंधित सत्यापित सूचना/ आंकड़ों को अपनाकर किया गया है। क्षति मार्जिन की गणना हेतु संबद्ध देश से प्राप्त कीमत की तुलना के लिए क्षति-रहित कीमत को ध्यान में रखा गया है। क्षति-रहित कीमत का निर्धारण करने के लिए, क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग द्वारा कच्ची सामग्री के सर्वोत्तम उपयोग को ध्यान में रखा गया है। यूटिलिटी के साथ भी यही व्यवहार किया गया है। क्षति अवधि के दौरान उत्पादन क्षमता के सर्वोत्तम उपयोग पर विचार किया गया है। यह सुनिश्चित किया गया है कि उत्पादन लागत पर कोई असाधारण या अनावर्ती व्यय नहीं किया जाए। विचाराधीन उत्पाद के लिए औसत नियोजित पूंजी (अर्थात औसत निवल अचल संपत्तियां और औसत कार्यशील पूंजी) पर उचित प्रतिफल (कर-पूर्व @ 22%) को कर-पूर्व लाभ के रूप में अनुमत किया गया था ताकि नियमावली के अनुबंध III में निर्धारित क्षति-रहित कीमत प्राप्त की जा सके और उसकी अनुपालना की जा रही है।

126. सहकारी निर्यातकों के लिए पहुंच कीमत निर्यातकों द्वारा प्रस्तुत किए गए आंकड़ों के आधार पर निर्धारित की गई है। संबद्ध देशों के सभी गैर-सहकारी उत्पादकों/ निर्यातकों के लिए, प्राधिकारी ने उपलब्ध तथ्यों के आधार पर पहुंच कीमत का निर्धारण किया है।

127. उपरोक्त रुप से निर्धारित पहुंच कीमत और क्षति-रहित कीमत के आधार पर, प्राधिकारी द्वारा उत्पादकों/ निर्यातकों के लिए क्षति मार्जिन का निर्धारण किया गया है और इसे नीचे दी गई तालिका में दर्शायाा गया है:

उत्पादक	क्षति रहित कीमत (यूएस डॉलर/ मी. टन)	पहुंच कीमत (यूएस डॉलर/ मी. टन)	क्षति मार्जिन (यूएस डॉलर/ मी. टन)	क्षति मार्जिन (%)	क्षति मार्जिन % (रेंज)
<u>चीन जन. गण.</u>					
जियांग्सू कुम्हो यांगनोंग केमिकल कंपनी लिमिटेड	***	***	***	***	0-10
नटोंग ज़िंगचेन सिंथेटिक मेटेरियल कंपनी लिमिटेड					
कोई अन्य	***	***	***	***	10-20
<u>कोरिया गणराज्य</u>					
कुकडो केमिकल्स कंपनी लिमिटेड	***	***	***	***	10-20
कुम्हो पी एंड बी केमिकल इंक.	***	***	***	***	5-15
कोई अन्य	***	***	***	***	25-35
<u>थाईलैंड</u>					
आदित्य बिड़ला केमिकल्स (थाईलैंड) लिमिटेड	***	***	***	***	0-10

कोई अन्य	***	***	***	***	10-20
<u>ताईवान</u>					
कोई भी	***	***	***	***	0-10
<u>सऊदी अरब</u>					
कोई भी	***	***	***	***	0-10

ञ. <u>भारतीय उद्योग के हित एवं अन्य मामले</u>

ञ.1. <u>अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध</u>

128. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा भारतीय उद्योग के हित के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं।

i. पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने से डाउनस्ट्रीम उपयोगकर्ताओं की लागत में वृद्धि होगी।

ii. 10% शुल्क लगाए जाने से डाउनस्ट्रीम उत्पादों की कीमत में 2-4% की वृद्धि होगी।

iii. शुल्क लगाए जाने से पुट्टी और एडहेसिव जैसे अंतिम उत्पादों की कीमतों में वृद्धि होगी और अंततः इसका भार अंतिम ग्राहकों पर पड़ेगा। इससे उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति पर प्रभाव पड़ेगा।

iv. घरेलू उद्योग द्वारा वर्तमान में आपूर्ति न की जाने वाली वस्तुओं के लिए सुरक्षा कवच बनाने से व्यापार सुधार जांच का उद्देश्य पूरा नहीं होता।

v. शुल्क लगाए जाने से विशिष्ट अनुप्रयोगों वाले कुछ ग्रेड के उपभोक्ताओं को कठिनाई होगी क्योंकि ऐसे ग्रेड का उत्पादन घरेलू उद्योग द्वारा नहीं किया जाता हैं।

vi. उपयोगकर्ताओं के लिए महत्वपूर्ण ऐसी कच्ची सामग्री, जो घरेलू स्तर पर नहीं बनती, उस पर शुल्क लगाए जाने से मूल्यवर्धित निर्यात बाधा आएगी और अंततः व्यापार घाटे में वृद्धि होगी ।

vii. भारतीय उद्योग के पास मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त क्षमता नहीं है और वह क्षमता विस्तार की प्रक्रिया में है।

viii. शुल्क लगाए जाने से उपयोगकर्ताओं को अतिरिक्त शुल्क का भार खुदरा उपभोक्ताओं पर डालने के लिए मजबूर होना पड़ेगा, जिससे पुट्टी और एडहेसिव जैसे अंतिम उत्पादों की कीमतों में वृद्धि होगी।

ix. शुल्क लगाए जाने से उपयोगकर्ता उद्योग की लागत पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, जिससे उन्हें कम मात्रा में एपॉक्सी का उपयोग करने और अंतिम उत्पाद की गुणवत्ता से समझौता करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

x. घरेलू उत्पादकों के कारखानों को बिस्फेनॉल-ए, एपिक्लोरोहाइड्रिन आदि जैसी अपस्ट्रीम कच्ची सामग्री की शिपमेंट की समस्याओं के चलते कभी-कभार आपूर्ति में देरी होती है, जिससे उपयोगकर्ता उद्योग को विचाराधीन उत्पाद की आपूर्ति में देरी हो जाती है। घरेलू उद्योग द्वारा संबद्ध वस्तुओं की आपूर्ति असंगत है। साथ ही, घरेलू उद्योग संबद्ध वस्तुओं का उपयोग तैयार उत्पादों के कैप्टिव उत्पादन के लिए भी करता है, जिसके परिणामस्वरूप उपयोगकर्ताओं को सीमित आपूर्ति होती है।

ञ.2 <u>घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध</u>

129. घरेलू उद्योग ने भारतीय उद्योग के हित के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. पाटन रोधी शुल्क लगाए जाने से डाउनस्ट्रीम उपयोगकर्ताओं पर नगण्य प्रभाव पड़ेगा क्योंकि 10% शुल्क लगाए जाने से उपयोगकर्ताओं की लागत में 0.5% की वृद्धि होगी।

ii. घरेलू उद्योग ने भारत में बढ़ रही मांग को पूरा करने के लिए क्षमता में वृद्धि की है।

iii. इसके अलावा, ग्रासिम लिमिटेड ने भी दिसंबर 2024 में क्षमता वृद्धि की है। कुकडो केमिकल्स और डीसीएम श्रीराम लिमिटेड द्वारा आगे क्षमता विस्तार किया जा रहा है। इस वृद्धि के साथ ही, भारतीय उद्योग के पास देश में वर्तमान और भविष्य की मांग को पूरा करने की क्षमता है।

iv. विचाराधीन उत्पाद यूरोपीय संघ, जापान, ब्राजील और अमेरिका से भी आपूर्ति के लिए उपलब्ध है।

v. चीन में महत्वपूर्ण क्षमता वृद्धि की गई है।

vi. संबद्ध देशों के निर्यातक संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ में पाटनरोधी जांच के अधीन हैं और इस प्रकार, ऐसे बाजार निर्यातकों के लिए बंद हो जाने की संभावना है।

vii. उचित बाजार स्थितियों को स्थापित करने और विदेशी मुद्रा को संरक्षित करने के लिए शुल्क लगाया जाना आवश्यक है, जिसका उपयोग अन्यथा संबद्ध वस्तुओं के आयातों के भुगतान में किया जाएगा।

viii. एलईआर का उपयोग मुख्य रूप से ऐसे क्षेत्रों में किया जाता है जहां पर किसी भी लागत वृद्धि को अवशोषित किया जा सकता है। इसके अलावा, औद्योगिक पेंट क्षेत्र की कोटिंग में उसकी कीमतों को सामान्य तौर पर एलईआर कीमतों के अनुसार रखा जाता है, और इससे उपभोक्ताओं पर अंततः नगण्य प्रभाव पड़ेगा।

ix. संबद्ध वस्तुओं की खपत इसकी कीमतों से जुड़ी हुई नहीं है, क्योंकि उत्पाद की खपत में वर्ष 2021-22 में वृद्धि हुई थी, जबकि इस अवधि के दौरान संबद्ध वस्तुओं की कीमत में काफी वृद्धि हुई थी।

x. शुल्क लगाए जाने से देश के लिए विदेशी मुद्रा की बचत में योगदान होगा।

xi. शुल्क लगाए जाने से यह सुनिश्चित होगा कि घरेलू उद्योग की हालत ठीक है, जो उपयोगकर्ताओं के हित में है क्योंकि निर्यातक अपना अधिकतम लाभ हासिल करने के लिए उपयोगकर्ताओं का शोषण करेंगे।

ञ.3 <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

130. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि पाटनरोधी शुल्कों का प्राथमिक उद्देश्य पाटन की अनुचित व्यापारिक प्रथाओं से घरेलू उद्योग को हुई क्षति की पूर्ति करना है, जिससे कि भारतीय बाजार में खुली और तर्कसंगत प्रतिस्पर्धा का वातावरण बने। पाटनरोधी शुल्क केवल एक नियामक उपाय नहीं है, बल्कि जनहित का मामला है। पाटनरोधी उपायों का उद्देश्य संबद्ध देशों से आयातों में कमी लाना नहीं है। बल्कि, यह समान अवसर सुनिश्चित करने की एक व्यवस्था है। प्राधिकारी का यह मानना है कि पाटनरोधी शुल्कों के जारी रहने से भारत में उत्पाद का मूल्य स्तर प्रभावित हो सकता है। तथापि, इसे ध्यान में रखना महत्वपूर्ण है कि इन उपायों के जारी रहने से भारतीय बाजार में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा की स्थिति बरकरार रहेगी। प्रतिस्पर्धा को कम करने के बजाय, पाटनरोधी उपायों का कार्यान्वयन पाटन प्रथाओं के माध्यम से प्राप्त

अनुचित लाभों को रोकने का काम करता है। यह उपभोक्ताओं की संबद्ध वस्तुओं के व्यापक चयन तक पहुंच को सुरक्षित करता है। इस प्रकार, पाटनरोधी शुल्क बाधा नहीं, बल्कि निष्पक्ष व्यापार प्रथाओं में सुविधा प्रदाता है।

131. प्राधिकारी ने आयातकों, उपयोगकर्ताओं और उपभोक्ताओं सहित सभी हितबद्ध पक्षकारों से विचार आमंत्रित करते हुए जांच शुरुआत अधिसूचना जारी की है। घरेलू उद्योग, उत्पादकों/ निर्यातकों और आयातकों/ उपयोगकर्ताओं/ उपभोक्ताओं सहित विभिन्न हितधारकों को वर्तमान जांच से संबंधित संगत सूचना प्रदान करने की अनुमति देने के लिए एक आर्थिक हित प्रश्नावली भी निर्धारित की गई थी, जिसमें उनके कार्यों पर पाटनरोधी शुल्क के संभावित प्रभाव भी शामिल हैं।

132. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि भारतीय उद्योग ने संबद्ध वस्तुओं के उत्पादन के लिए अपनी क्षमताओं का विस्तार करने के लिए और भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए भारी निवेश किया है। घरेलू उद्योग के अनुसार, भारतीय उद्योग ने देश में वर्तमान और भावी मांग को पूरा करने के लिए अपनी क्षमताओं का तेजी से विस्तार किया है। घरेलू उद्योग ने क्षति अवधि के दौरान ही अपनी क्षमताओं में वृद्धि की है। जांच की अवधि के बाद, अतुल लिमिटेड और ग्रासिम इंडस्ट्रीज ने अपनी क्षमताओं में और भी वृद्धि की है। इसके अलावा, कुकडो केमिकल्स लिमिटेड भारत में 60 हजार टन की क्षमता स्थापित करने की प्रक्रिया में है और डीसीएम श्रीराम द्वारा अतिरिक्त क्षमता वृद्धि करने की योजना बनाई जा रही है।

133. घरेलू उद्योग ने इस बात पर भी ज़ोर दिया है कि शुल्क लगाए जाने से आयातों पर कोई प्रतिबंध नहीं लगता, बल्कि उचित कीमत सुनिश्चित होती हैं। वैसे भी, संबद्ध वस्तुओं का उत्पादन कई असंबद्ध देशों, जैसे यूरोपीय संघ, अमेरिका, ब्राज़ील और जापान में भी किया जाता है। अत: यदि संबद्ध देशों से खरीद में बाधा आती है, तो उपयोगकर्ता घरेलू उद्योग और अन्य देशों से प्रतिस्पर्धी कीमतों पर संबद्ध वस्तुओं को प्राप्त करने के लिए स्वतंत्र होंगे।

134. उपयोगकर्ताओं ने यह तर्क दिया है कि शुल्क लगाए जाने से डाउनस्ट्रीम उपयोगकर्ताओं के लिए कीमतों में वृद्धि हो जाएगी और यह गणना की है कि 10% का पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने से कीमतों में 2-4% की वृद्धि होगी। इसके विपरीत, घरेलू उद्योग ने यह तर्क दिया है कि

10% की दर से पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने से डाउनस्ट्रीम उपयोगकर्ताओं की लागत में 0.5% की नगण्य वृद्धि होगी।

विवरण	अभ्युक्तियां	यूनिट	मूल्य	लेबल
एपॉक्सी प्राइमर का विक्रय मूल्य		₹/ कि. ग्रा.	235	ए
एपॉक्सी प्राइमर में ठोस एपॉक्सी रेज़िन की अनुमानित मात्रा	भार के संदर्भ में 10%	कि. ग्रा.	0.10	बी
तरल एपॉक्सी रेज़िन से ठोस एपॉक्सी रेज़िन		%	73%	सी
तरल एपॉक्सी रेज़िन की खपत की मात्रा		कि. ग्रा.	0.073	डी = बी* सी
तरल एपॉक्सी रेज़िन की अनुमानित कीमत		₹/ कि. ग्रा.	178.47	ई
एपॉक्सी प्राइमर में तरल एपॉक्सी रेज़िन की लागत		₹/ कि. ग्रा.	13.03	एफ = डी* ई
पाटनरोधी शुल्क		%	10%	जी
पाटनरोधी शुल्क के कारण लागत में वृद्धि		₹/ कि. ग्रा.	1.30	एच = एफ* जी
बिक्री मूल्य के प्रतिशत के रूप में लागत में वृद्धि		%	0.55%	आई = एच/ ए

135. घरेलू उद्योग और हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना की जांच किए जाने के बाद, प्राधिकारी ने यह पाया कि पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने से डाउनस्ट्रीम उपयोगकर्ताओं पर नगण्य प्रभाव पड़ेगा।

136. यद्यपि यह तर्क दिया गया है कि कीमत वृद्धि का भार उपभोक्ताओं पर डाला जाएगा, जिससे एलईआर की मांग सीमित हो जाएगी, घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि एलईआर का 55% तक हिस्सा एडहेसिव, निर्माण और कम्पोजिट क्षेत्रों में खपत होता है, जिनके लिए एलईआर

एक प्रमुख लागत मद नहीं है और ऐसे क्षेत्र सामान्यत: किसी भी लागत परिवर्तन को वहन कर लेते हैं। शेष एलईआर की खपतऔद्योगिक पेंट उद्योग की कोटिंग द्वारा किया जाता है। यदि पेंट उद्योग लागत वृद्धि का भार अपने उपभोक्ताओं पर डालता भी है तो भी अंतिम उपभोक्ताओं पर इसका अंतिम प्रभाव नगण्य होगा। इसके अतिरिक्त, यह देखने में आया है कि कीमत में किसी भी परिवर्तन के बावजूद, इस पूरी अवधि में संबद्ध वस्तुओं की मांग में वृद्धि हुई है। यद्यपि वर्ष 2021-22 में संबद्ध वस्तुओं की कीमत दोगुनी हो गई, फिर भी उत्पाद की मांग में वृद्धि जारी रही है। अत: रिकार्ड में ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है जो यह दर्शाता हो कि विचाराधीन उत्पाद की कीमतें उपयोगकर्ता उद्योग की ओर से इसकी मांग को सीधे प्रभावित करती हैं।

137. प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि संबद्ध देशों के निर्यातक दो प्रमुख बाजारों, अमेरिका और यूरोपीय संघ में पाटनरोधी जांच का सामना कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, अत्यधिक क्षमता विस्तार के कारण चीन, ताइवान, दक्षिण कोरिया और थाईलैंड के बाजारों में अत्यधिक आपूर्ति की स्थिति है, जो संबद्ध वस्तुओं का एक और बड़ा बाजार है। इसे ध्यान में रखते हुए, भारत संबद्ध देशों के उत्पादकों के लिए एक आकर्षक बाजार के रूप में उभर रहा है, जिससे घरेलू उद्योग का प्रदर्शन और खराब होगा और घरेलू उद्योग को और भी अधिक क्षति होती रहेगी।

ट. <u>प्रकटीकरण के उपरांत की टिप्पणियां</u>

138. प्राधिकारी ने केंद्रीय सरकार को अंतिम सिफ़ारिशें करने के लिए विचाराधीन सभी आवश्यक तथ्यों सहित प्रकटीकरण विवरण दिनांक 17 जुलाई 2025 को सभी हितबद्ध पक्षकारों को परिचालित किया। प्राधिकारी ने अपने अंतिम जांच परिणामों में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा की गई सभी प्रकटीकरण के उपरांत की टिप्पणियों की, जहां तक संगत समझा गया, जांच की है। कोई भी अनुरोध, जो केवल पिछले अनुरोधों की पुनरावृत्ति था और जिसकी प्राधिकारी द्वारा पर्याप्त रूप से जांच की गई थी, संक्षिप्तता की दृष्टि से उन्हें दोहराया नहीं गया है।

ट.1. <u>अन्य हितबद्ध पक्षों द्वारा किए गए अनुरोध</u>

139. अन्य हितबद्ध पक्षों द्वारा निम्नलिखित प्रकटीकरण उपरांत की टिप्पणियां की गई हैं:

क. ताइवान के निर्माता द्वारा अपने ब्रॉशर में दिए गए सामान्य विवरण के बावजूद, बीई188 और बीई188ईएल को उच्च-प्रदर्शन उपयोगों के लिएं चुना गया है, जैसे कि ऑटोमोटिव उद्योग में ओईएम अगली पीढ़ी के जल-आधारित सीईडी पेंट्स में है। किसी भी स्थिति में, उत्पाद वर्गीकरण संभावित उपयोगों पर आधारित नहीं हो सकता, बल्कि वास्तविक वाणिज्यिक उपयोग, मूल्य निर्धारण व्यवहार और अंतिम उपयोगकर्ताओं की तकनीकी आवश्यकताओं पर आधारित होता है। विशेष रूप से, विशेष ग्रेड की कीमत अन्य उत्पादों की तुलना में 14% अधिक है।

ख. अतुल द्वारा आपूर्ति किया गया उत्पाद अभी भी उपयोगकर्ता परीक्षणों के अधीन है, अंतिम अनुमोदन अभी भी लंबित है। आईपीए सदस्यों द्वारा समतुल्यता का पता लगाने के लिए बार-बार और सहयोगात्मक प्रयासों के बावजूद, जांच की अवधि के दौरान अथवा उसके बाद कोई तकनीकी पुष्टि प्राप्त नहीं हुई है। घरेलू स्तर पर अनुमोदित अथवा स्वीकृत विकल्प के अभाव में, किसी उत्पाद को उत्पाद के दायरे में शामिल नहीं किया जा सकता है।

ग. यह आशंका कि बीई188 और बीई188इईएल को बाहर करने से पाटनरोधी शुल्क से बचने में आसानी होगी, अटकलें हैं, क्योंकि ये ग्रेड बहुत अधिक महंगे हैं।

घ. ग्रासिम लिमिटेड को बाहर करने के विवेकाधिकार को उत्पादक द्वारा अपने सहयोगी से आयात की मात्रा और कीमत की जांच करने के बाद ही प्रयोग में लाया जाना चाहिए। एक बार उत्पादक को बाहर कर दिए जाने के बाद, मांग-आपूर्ति अंतर निर्धारित करने के लिए उनकी क्षमता को शामिल नहीं किया जा सकता है।

ङ. घरेलू उद्योग विनिर्माण प्रक्रिया और उसके द्वारा किए गए आयातों का एक अगोपनीय सारांश प्रदान करने में विफल रहा है।

च. भारत के वाणिज्य विभाग द्वारा एचएस कोड 3907 3010 और 3907 3090 के लिए उपलब्ध कराए गए आयात संबंधी आंकड़ों के अनुसार, सऊदी अरब से आयात कुल आयात के 3% से कम है। प्राधिकारी ने लेन-देन-वार आंकड़ों का चयन करने के लिए उपयोग में लाई गई पद्धति का प्रकटन नहीं किया है, जिसके अनुसार सऊदी अरब से आयात कुल आयात के 3% से अधिक है।

छ. यह तथ्य कि संबद्ध आयात असंबद्ध आयातों का स्थान ले रहे हैं और घरेलू उद्योग के उत्पादन, बिक्री और क्षमता उपयोग में वृद्धि हुई है, यह दर्शाता है कि आयात घरेलू

उद्योग के साथ हानिकारक शर्तों पर प्रतिस्पर्धा नहीं कर रहे हैं। अत: क्षति का संचयी आकलन उचित नहीं है।

ज. घरेलू उद्योग ने आयात कीमत में गिरावट की तुलना में अधिक तेजी से अपनी कीमतों में कमी की है, और कीमतों में कटौती नकारात्मक है। इसके अलावा, बाजार की ताकतों के कारण पहुंच कीमत में गिरावट आई है।

झ. घरेलू उद्योग के उत्पादन, बिक्री, क्षमता उपयोग, कर्मचारियों और उत्पादकता में वृद्धि क्षति की अनुपस्थिति को दर्शाती है। कीत में कटौती और निवेश पर प्रभाव संबंधी निष्कर्ष ऐसी वृद्धि और विस्तार के साथ असंगत हैं।

ञ. जैसा कि थाईलैंड-एच-बीम्स में डब्ल्यूटीओ पैनल द्वारा पाया गया है, कुछ मापदंडों में सकारात्मक कटौती को नजर अंदाज नही किया जा सकता है। इसके अलावा, जैसा कि ब्रिज स्टोन टायर मैन्युफैक्चरिंग बनाम डीए में सीईएसटीएटी ने माना है, घरेलू उद्योग की समग्र स्थिति पर विचार किए बिना, कीमत कटौती और कम कीमत पर बिक्री पर चुनिंदा निर्भरता के आधार पर क्षति का निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता है।

ट. जबकि आंकड़े बिक्री की लागत में 1% की वृद्धि को दर्शाते हैं, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि बिक्री की लागत में 7% की वृद्धि हुई है।

ठ. जबकि प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि पिछले वर्ष की तुलना में जांच की अवधि में हानि और नकदी हानि में कमी आई है, वृद्धि तालिका नकारात्मक वृद्धि दर्शाती है, जो गलत है।

ड. मात्रा में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए, बाजार हिस्से में गिरावट अन्य कारकों के कारण हो सकती है। संबद्ध आयातों ने घरेलू उद्योग के हिस्से को नहीं, बल्कि अन्य आयातों के हिस्से को विस्थापित किया है। यदि घरेलू उद्योग ने अधिक बाजार हिस्सा हासिल करने के लिए अपनी कीमतों को कम किया, तो इसका तात्पर्य यह होगा कि घरेलू उद्योग की क्षति स्वयं प्रदान की गई है।

ढ. जैसा कि प्रकटीकरण विवरण में उल्लेख किया गया है, घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से में उल्लेखनीय गिरावट नहीं आई है। समग्र रूप से भारतीय उद्योग का बाजार अंश प्रासंगिक नहीं है।

ण. यह तथ्य कि घरेलू उद्योग ने तब लाभ कमाया जब उसकी लागत अधिक थी, लेकिन जब उसकी लागत कम हुई तो वह घाटे में चला गया, जो आंतरिक अक्षमताओं को दर्शाता है।

त. घरेलू उद्योग ने संबद्ध देश में अतिरिक्त क्षमता का उचित रूप से प्रदर्शन नहीं किया है।

थ. केवल निष्क्रिय क्षमताओं की मौजूदगी आशंका का निष्कर्ष निकालने के लिए पर्याप्त नहीं है, जैसा कि इंडियन स्पिनर्स बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी मामले में निर्णय दिया गया है, जब तक कि भारत में वस्तुओं का आसन्न और स्पष्ट रूप से पूर्वानुमानित स्थानांतरण न हो। प्राधिकारी ने संबद्ध देशों में अन्य निर्यात बाजारों अथवा घरेलू उपयोग क्षमता की उपलब्धता का भी मूल्यांकन नहीं किया है।

द. जबकि प्रकटीकरण विवरण जियांग्सू कुम्हो द्वारा क्षमता विस्तार को दर्शाता है, उत्पादक द्वारा कोई क्षमता विस्तार नहीं किया गया है।

ध. जबकि प्राधिकारी यह निष्कर्ष निकालते हैं कि संबद्ध देशों में क्षमता विस्तार हो रहा है, इस निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए कोई साक्ष्य नहीं है कि क्षमताओं का उपयोग निर्यात के लिए किया जाएगा अथवा इसके परिणामस्वरूप निर्यात के लिए अतिरिक्त उत्पादन होगा। इस बात पर भी विचार नहीं किया गया है कि नई क्षमताएं कैप्टिव उपयोग, पुरानी लाइनों को बदलने अथवा अन्य उत्पादों के लिए हैं, जिससे यह निष्कर्ष काल्पनिक बन जाता है।

न. कुम्हो पी एंड बी इंक. यूरोपीय संघ द्वारा की गई पाटनरोधी जांच में नमूना निर्यातकों में से एक था और पाया गया कि उसने पाटन नहीं किया था।

प. अधिसूचना संख्या 2/2021- सीमा शुल्क के तहत वर्ष 2021-22 में बिस्फेनॉल ए और एपिक्लोरोहाइड्रिन पर सीमा शुल्क 7.5% कर दिया गया है। अत: सीमा शुल्क में परिवर्तन से घरेलू उद्योग को क्षति हुई है।

फ. आधार वर्ष में कोविड-19 महामारी के दौरान घरेलू उद्योग के संयंत्र बंद कर दिए गए थे। इसके अलावा, मूल्यह्रास और ब्याज लागत में वृद्धि होने के कारण घरेलू उद्योग को क्षति हुई है।

ब. घरेलू उद्योग को क्षति क्षमता में वृद्धि होने के कारण है, क्योंकि परिचालन को स्थिर करने में कुछ समय लगेगा।

भ. लागत संरचना में परिवर्तन, घरेलू बाजारों में प्रतिस्पर्धा, अधिक उत्पादन और अन्य कारक घरेलू उद्योग की कीमतों को प्रभावित कर सकते हैं।

म. अतुल लिमिटेड की वार्षिक रिपोर्ट से यह पता चलता है कि प्रदर्शन और अन्य रासायनिक खंडों में बिक्री कीमत में समग्र गिरावट आई है, न कि केवल संबद्ध वस्तुओं की।

य. घरेलू उद्योग ने पहले यह स्वीकार किया है कि एपॉक्सी रेजिन की बाजार स्थिति घरेलू उद्योग की प्रतिस्पर्धात्मकता को प्रभावित करने वाला कारण हो सकती है, जैसा कि प्राधिकारी द्वारा 15 जनवरी 2019 के जांच समाप्ति पत्र में उल्लेख किया गया है।

कक. संबद्ध वस्तुओं का अन्य देशों से आयात नहीं किया जा सकता।

खख. शुल्क लगाए जाने से डाउनस्ट्रीम उपयोगकर्ताओं के लिए कीमतें 2-4% तक बढ़ जाएंगी, जिससे कि उपभोक्ता अयोग्य उत्पादों की ओर रुख करने को मजबूर होंगे, जिससे डाउनस्ट्रीम उत्पादों की गुणवत्ता प्रभावित होगी।

गग. डाउनस्ट्रीम उद्योग लागत में वृद्धि को वहन करने में असमर्थ होगा और उसे डाउनस्ट्रीम उत्पादों में एपॉक्सी घटक को कम करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा, जिससे कि उनकी गुणवत्ता प्रभावित होगी।

घघ. लागत में थोड़ी सी भी वृद्धि उन विशिष्ट क्षेत्रों में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकती है जहां मार्जिन कम होता है और तकनीकी विशिष्टताएं महत्वपूर्ण होती हैं।

ङङ. डाउनस्ट्रीम उद्योग, विशेष रूप से वे जो मूल्यवर्धित निर्यात में शामिल हैं, प्रतिस्पर्धात्मकता अथवा गुणवत्ता से समझौता किए बिना, कच्ची सामग्री की बढ़ी हुई लागत को अनिश्चित काल तक वहन नहीं किया जा सकता है।

चच. मांग वृद्धि के चरणों के दौरान पाई गई कीमत अस्थिरता भविष्य में लागत वृद्धि के लगातार अथवा पर्याप्त रूप से सहन करने की गारंटी नहीं देती है।

छछ. एलईआर के विशेष ग्रेड, जो घरेलू उद्योग द्वारा निर्मित नहीं होते, लेकिन पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने से आपूर्ति श्रृंखला बाधित होगी और प्रतिस्पर्धा की निष्पक्षता में कोई लाभ दिए बिना, डाउनस्ट्रीम उद्योगों की लागत में वृद्धि होगी।

जज. क्षतिरहित कीमत का निर्धारण करने के लिए 22% का प्रतिफल नहीं दिया जाना चाहिए, जैसा कि इंडिया स्पिनर्स एसोसिएशन बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी और ब्रिज स्टोन टायर मैन्युफैक्चरिंग बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी मामले में सीईएसटीएटी द्वारा निर्धारित किया गया है।

झझ. कुम्हो पी एंड बी केमिकल्स इंक., जियांग्सू कुम्हो यांगनोंग केमिकल कंपनी लिमिटेड और नान्चॉन्ग ज़िंगचेन सिंथेटिक मटेरियल कंपनी लिमिटेड की वर्तनी (स्पेलिंग) कुछ स्थानों पर सही ढंग से रिकार्ड नहीं की गई है।

ञञ. जियांग्सू कुम्हो यांगनोंग केमिकल कंपनी लिमिटेड और नान्चॉन्ग ज़िंगचेन सिंथेटिक मटेरियल कंपनी लिमिटेड की निर्यात कीमत और पहुंच कीमत की पुष्टि अंतिम जांच परिणामों में की जानी चाहिए।

ट.2. <u>घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध</u>

140. घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित प्रकटीकरण उपरांत की टिप्पणियां की गई हैं:

क. घरेलू उद्योग के लिए क्षतिरहित कीमत का पुन:: निर्धारण किया जाना चाहिए, क्योंकि बैंक शुल्क, कॉर्पोरेट ओवरहैड और अन्य प्रशासनिक ओवरहैड का निर्धारण इष्टतम उत्पादन मूल्य से विभाजित करके किया गया है, जबकि ऐसे व्यय का मूल्य परिमाणन विक्रय मूल्य अनुपात का उपयोग करके किया गया था।

ख. यह एक सुस्थापित सिद्धांत है कि व्ययों के परिमाणन के लिए प्रयुक्त मात्रा और प्रति इकाई लागत निर्धारित करने के लिए प्रयुक्त की गई मात्रा भिन्न नहीं हो सकती।

ग. कुकडो केमिकल्स के प्राप्त मूल्य को संबंधित आयातक के विक्रय, सामान्य और प्रशासनिक व्ययों तथा उचित लाभ के लिए समायोजित किया जाना चाहिए, जैसा कि निर्यात कीमत के लिए किया जाता है।

ट.3. <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

141. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग और अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए प्रकटीकरण उपरांत के अनुरोधों की जांच की है और यह नोट करते हैं कि इनमें से कुछ टिप्पणियों में उन अनुरोधों

की पुनरावृत्ति की गई हैं, जिनकी पहले ही समुचित रूप से जांच की जा चुकी है और अंतिम जांच परिणामों के संगत पैरा में पर्याप्त रूप से शामिल कर ली गई हैं। हितबद्ध पक्षकारों और घरेलू उद्योग द्वारा प्रकटीकरण उपरांत की टिप्पणियों/ अनुरोधों में पहली बार उठाए जा चुके और प्राधिकारी द्वारा संगत पाए गए मामलों की नीचे जांच की गई है।

142. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग और अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए प्रकटीकरण उपरांत के अनुरोधों की जांच की है और यह नोट करते हैं कि इनमें से कुछ टिप्पणियों में उन अनुरोधों की पुनरावृत्ति की गई हैं, जिनकी पहले ही समुचित रूप से जांच की जा चुकी है और अंतिम जांच परिणामों के संगत पैरा में पर्याप्त रूप से शामिल कर ली गई हैं। हितबद्ध पक्षकारों और घरेलू उद्योग द्वारा प्रकटीकरण उपरांत की टिप्पणियों/ अनुरोधों में पहली बार उठाए जा चुके और प्राधिकारी द्वारा संगत पाए गए मामलों की नीचे जांच की गई है।

143. कुछ हितबद्ध पक्षकारों ने बीई188 और बीई188ईएल को बाहर रखने के अपने अनुरोध की इस आधार पर पुनरावृत्ति की है कि ऐसे ग्रेडों को केवल ताइवान के उत्पादक द्वारा उल्लिखित अंतिम उपयोग के आधार पर लिक्विड एपॉक्सी रेज़िन के सामान्य ग्रेड के रुप में नहीं माना जा सकता। पक्षकारों ने यह दावा किया कि ताइवान के उत्पादक ने केवल संभावित उपयोगों का उल्लेख किया है। यह उल्लेख किया गया है कि तुलना निर्धारित करने के लिए वास्तविक वाणिज्यिक उपयोग, कीमत निर्धारण व्यवहार और अंतिम उपयोगकर्ताओं की तकनीकी आवश्यकताओं पर विचार किया जाना आवश्यक है। इसके अलावा, यह तर्क दिया गया है कि बीई188 और बीई188ईएल ग्रेडों की कीमत घरेलू एलईआर ग्रेडों से 10-15% अधिक है, जो यह दर्शाता है कि ऐसे ग्रेड उच्च प्रदर्शन प्रीमियम उत्पाद हैं। अंत में, पक्षकारों ने यह तर्क दिया है कि अतुल लिमिटेड द्वारा आपूर्ति किए गए उत्पाद का अनुमोदन लंबित है और अभी तक कोई तकनीकी पुष्टि प्राप्त नहीं हुई है।

144. प्राधिकारी ने अन्य हितबद्ध पक्षकारों के साथ-साथ घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना की सावधानीपूर्वक जांच की है। प्रस्तुत की गई सूचना के आधार पर, प्राधिकारी ने बीई188, बीई188ईएल ग्रेड और घरेलू उद्योग द्वारा बिक्री किए जाने वाले ग्रेडों, उत्पादों के अनुप्रयोगों तथा उत्पादों के कीमत निर्धारण के संबंध में विभिन्न तकनीकी और वाणिज्यिक पहलुओं की जांच की है। विचाराधीन ग्रेडों के संबंध में निम्नलिखित नोट किया गया है।

145. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि रिकार्ड में उपलब्ध साक्ष्यों से यह प्रदर्शित नहीं होता हैं कि घरेलू उद्योग ने आयात की गई वस्तुओं की तुलनात्मक विशेषताओं वाले ग्रेड की आपूर्ति नहीं की है। पक्षकारों का यह तर्क इस आधार पर है कि घरेलू उद्योग ने ओईएम द्वारा अगली पीढ़ी के जल-आधारित सीईडी पेंट्स के लिए उपयोग किए जाने वाले ग्रेड की आपूर्ति नहीं की है। तथापि, बीई188 और बीई188ईएल ग्रेड का आयात केवल इन्हीं अनुप्रयोगों के लिए नहीं किया जा रहा है। डीजी सिस्टम्स सक प्राप्त आंकड़े यह दर्शाते हैं कि उपयोगकर्ताओं द्वारा भी उन्हीं ग्रेडों का आयात किया जा रहा है, जो इनका उपयोग अन्य अनुप्रयोगों, जैसे कि एडहेसिव/ पुट्टी के निर्माण के लिए करते हैं। इसमें कोई विवाद नहीं है कि घरेलू उद्योग उन्हीं उपयोगकर्ताओं को उत्पादों की आपूर्ति कर रहा है, जिनका उपयोग उन्हीं अनुप्रयोगों में किया जाता है। अत: चाहे घरेलू उद्योग ने समान हाइड्रोसिलेबल क्लोरीन सामग्री वाले उत्पाद की आपूर्ति न की हो, लेकिन इसका तात्पर्य यह नहीं होता है कि घरेलू उद्योग द्वारा आपूर्ति किया गया उत्पाद आयात किए गए उत्पाद के समान वस्तु नहीं है। उत्पाद की कतिपय तकनीकी विशिष्टताओं में मामूली सा अंतर हो जाने का यह तात्पर्य नहीं होता है कि उत्पाद तुलनात्मक नहीं हैं।

146. जबकि अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने यह तर्क दिया है कि बीई188 और बीई188ईएल ग्रेड की प्रीमियम कीमतें हैं, घरेलू उद्योग ने यह अनुरोध किया है कि ऐसे ग्रेड की प्रीमियम कीमतें नहीं हैं। प्राधिकारी ने विचाराधीन उत्पाद के लिए डीजी सिस्टम्स के आंकड़ों की जांच की है। यह नोट किया जाता है कि बीई188 और बीई188ईएल के आयात की कीमतें किसी भी अन्य प्रकार के एलईआर के आयातों की कीमत के समान हैं। वास्तव में, ताइवान से आयात के मामले में, दावा किए गए विशेष ग्रेडों के आयात की कीमत अन्य ग्रेडों की कीमत से कम है; जबकि चीन से आयातों के मामले में, यह अंतर केवल 0.4% है।

देश	गेड	मात्रा (मी. टन)	कीमत (रु./ मी. टन)
चीन	बीई188+बीई188ईएल	10	1,57,605
	अन्य	1,905	1,56,939
	अंतर		0.4%
ताइवान	बीई188+बीई188ईएल	569	1,70,770

	अन्य	561	1,73,843
	अंतर		-2%

147. घरेलू उद्योग की ताइवानी उत्पादक तकनीकी डेटा शीट के ब्रॉशर के विश्लेषण के आधार पर, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि आयात किए गए ग्रेड बीई188 और बीई188ईएल तथा घरेलू ग्रेड के तकनीकी मापदंड जैसे दिखावट, एपॉक्सी समतुल्य भार, विस्कोसिटी और हाइड्रोलाइज़ेबल क्लोरीन की मात्रा समान या वैसी ही हैं। जांच की अवधि के दौरान घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित और बिक्री किए गए लैपॉक्स बी-11 के लिए घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत तकनीकी डेटा शीट की बीई188 और बीई188ईएल के तकनीकी मापदंडों से तुलना इस प्रकार से प्रतीत होती है:

संपत्ति	**यूनिट**	**बीई-188**	**बीई-188ईएल**	**अतुल लिमिटेड द्वारा आपूर्ति किए गए लेपॉक्स बी-11**
दिखावट	-	स्पष्ट पारदर्शी लिक्विड	स्पष्ट पारदर्शी लिक्विड	स्पष्ट चिपचिपा लिक्विड
इपॉक्सी समतुल्य भार	जी/ईक्यू	182 – 192	182 – 192	184 - 191
इपॉक्सी मूल्य	ईक्यू /किग्रा.	5.21 – 5.49	5.21 – 5.49	5.25 – 5.45
25°C पर विस्कोसिटी	एमपीए.एस	11000-15000	11000-15000	11000 - 15000
हाइड्रोलाइज़ेबल क्लोरीन	%	≤ 0.10	≤ 0.03	≤ 0.05

148. ताइवान द्वारा आपूर्ति किए गए बीई188ईएल और अतुल लिमिटेड द्वारा आपूर्ति किए गए लैपॉक्स बी-11 के बीच तकनीकी और भौतिक विशिष्टताओं की तुलना की जा सकती है। दोनों के बीच एकमात्र अंतर हाइड्रोलाइज़ेबल क्लोरीन का अंतर है, जो बीई188ईएल के मामले में कमतर है। तथापि, अन्य मापदंडों के संदर्भ में दोनों तुलनात्मक हैं।

149. यह तर्क दिया गया है कि ऑटोमोटिव उद्योग में ओईएम द्वारा अगली पीढ़ी के जल-आधारित सीईडी पेंट के लिए बीई188 और बीई188ईएल ग्रेड को उपयोग में लाया जाता है। तथापि, आयात संबंधी आंकड़ों से यह पता चलता है कि बीई188 और बीई188ईएल ग्रेड की खरीद कई उपयोगकर्ताओं द्वारा की गई है, जिनमें कि ऐसे उपयोगकर्ता भी शामिल हैं जो पेंट के अलावा अन्य अनुप्रयोगों के लिए इनका उपयोग कर रहे हैं। अत: इस अनुप्रयोग का उपयोग केवल अगली पीढ़ी के जल-आधारित सीईडी पेंट में उपयोग किए जाने तक ही सीमित नहीं है। बीई188 और बीई188ईएल का उपयोग घरेलू उद्योग द्वारा आपूर्ति की गई एलईआर के समान अनुप्रयोगों के साथ ओवरलैप होता है। अत: यदि ऐसे ग्रेडों को शुल्क लगाए जाने से बाहर रखा जाता है, तो इससे शुल्क का प्रयोजन ही विफल हो जाएगा, क्योंकि ऐसे ग्रेडों का आयात अन्य अनुप्रयोगों के लिए भी किया जा सकता है।

150. प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने ग्रेड बीई188 के समान उत्पाद का नियमित रूप से उत्पादन और आपूर्ति की है। इस संबंध में, प्राधिकारी ने उत्पाद की तकनीकी डेटा शीट, घरेलू उद्योग के बिक्री रजिस्टर और उपयोगकर्ताओं को उत्पाद की नियमित बिक्री को दर्शाने वाले सैम्पल इनवॉयस की जांच की है। घरेलू उत्पाद और आयात किए गए उत्पाद की तुलना किए जाने से यह पता चलता है कि घरेलू उद्योग द्वारा आपूर्ति किए गए लैपॉक्स बी-11 में आयात किए गए बीई188 से तुलनात्मक विशिष्टताएं हैं।

151. ग्रेड बीई188ईएल के संबंध में, यह नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग ने तुलनात्मक विशिष्टताओं के एक उत्पाद की आपूर्ति की है, जिसका उपयोग अन्य अनुप्रयोगों में किया गया था। हितबद्ध पक्षकारों का यह तर्क है कि घरेलू उद्योग के उत्पाद का उपयोग अगली पीढ़ी के जल-आधारित सीईडी पेंट के उत्पादन के लिए नहीं किया जा सकता है। घरेलू उद्योग ने पहले ही ग्रेड बीई188ईएल के समान उत्पाद का उत्पादन शुरू कर दिया है। प्राधिकारी ने उत्पाद की तकनीकी डेटा शीट, ईमेल संचार और उत्पाद की आपूर्ति के इनवॉयस की जांच की है। घरेलू उद्योग द्वारा आपूर्ति किए गए उत्पाद और आयात किए गए बीई188ईएल के विनिर्देशों की तुलना इस प्रकार है:

संपत्ति	यूनिट	बीई-188ईएल	लेपॉक्स बी-11 ईडी

दिखावट	-	स्पष्ट पारदर्शी लिक्विड	स्पष्ट चिपचिपा लिक्विड
इपॉक्सी समतुल्य भार	जी/ईक्यू	182 – 192	184 - 191
इपॉक्सी मूल्य	ईक्यू /किग्रा.	5.21 – 5.49	5.25 – 5.45
25°C पर विस्कोसिटी	एमपीए.एस	11000-15000	11000 - 15000
हाइड्रोलाइज़ेबल क्लोरीन	%	≤ 0.03	≤ 0.03

152. जबकि अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने यह दावा किया है कि बीई188ईएल के समान उत्पाद का परीक्षण किया जा रहा है, अत: यह नोट किया जाता है कि उपयोगकर्ताओं द्वारा किए जा रहे उत्पाद परीक्षणों को घरेलू उद्योग की ओर से आपूर्ति न किए जाने के रूप में नहीं माना जा सकता। वैसे भी, प्राधिकारी ने अन्य भारतीय उत्पादक, ग्रासिम इंडस्ट्रीज, जिसने कि समान उत्पाद विनिर्देशों के साथ समान ग्रेड की आपूर्ति की है, के सैम्पल इनवॉयस की भी जांच की है।

संपत्ति	**यूनिट**	**बीई-188ईएल**	**इपोटैक वाईडी 128 (वेरिएंट)**
दिखावट	-	स्पष्ट पारदर्शी लिक्विड	स्पष्ट पारदर्शी लिक्विड
इपॉक्सी समतुल्य भार	जी/ईक्यू	182 – 192	186-190
इपॉक्सी मूल्य	ईक्यू /किग्रा.	5.21 – 5.49	5.26 - 5.38
25°C पर विस्कोसिटी	एमपीए.एस	11,000-15,000	12,500-14,500
हाइड्रोलाइज़ेबल क्लोरीन	%	≤ 0.03	≤ 0.02

अतः ग्रासिम ने भी आयात किए गए बीई188ईएल के समान विशिष्टताओं के उत्पाद की आपूर्ति की है।

153. अतः जबकि घरेलू उद्योग ने आयातित बीई188ईएल के समान विशिष्टताओं की समान वस्तु की आपूर्ति पहले ही कर दी है, अन्य घरेलू उत्पादकों ने भी आयातित बीई188ईएल के समान वस्तु के रूप में समान वस्तु की आपूर्ति की है। इसके अलावा, घरेलू उद्योग ने उपभोक्ता द्वारा परीक्षण किए जाने के लिए समान वस्तु का उत्पादन और आपूर्ति पहले ही कर दी है।

154. उपर्युक्त के आधार पर और विभिन्न पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना और साक्ष्य के आधार पर, यह नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग ने आयातित बीई188 और आयातित बीई188ईएल के समान विशिष्टताओं की समान वस्तु की आपूर्ति की है। जबकि हितबद्ध पक्षकारों ने यह तर्क दिया है कि बीई188 और बीई188ईएल ग्रेडों का उपयोग केवल अगली पीढ़ी के जल-आधारित सीईडी पेंट के लिए किया जाना चाहिए, आयात के आंकड़ों से यह पता चलता है कि इनका उपयोग अन्य अनुप्रयोगों, जैसे कि चिपकने वाले पदार्थ/ पुट्टी के उत्पादन में भी किया गया है। घरेलू उद्योग ने जांच अवधि के दौरान ऐसे अनुप्रयोगों के लिए समान वस्तु की आपूर्ति भी की है। अत: हितबद्ध पक्षकारों के तर्क के विपरीत, घरेलू उद्योग ने जांच की अवधि के दौरान ही समान वस्तु, अर्थात् आयातित उत्पाद के समान विशिष्टताओं की वस्तु का उत्पादन किया है। डीजी सिस्टम्स के आंकड़े यह भी दर्शाते हैं कि बीई188 और बीई188ईएल की कीमतें अन्य उत्पादों की कीमतों से अधिक नहीं हैं और ऐसे ग्रेडों की कीमतें अन्य ग्रेडों के समान हैं। इसके अतिरिक्त, जबकि घरेलू उद्योग ने पहले ही समान वस्तु की आपूर्ति की थी, ग्रासिम लिमिटेड ने भी आयातित बीई188ईएल के समतुल्य हाइड्रोलाइज़ेबल क्लोरीन वाले ग्रेड की आपूर्ति की है। कीमत अंतर के अभाव, अनुप्रयोग की विशिष्टता के अभाव, और तकनीकी विशिष्टताओं में महत्वपूर्ण अंतर के अभाव में, एलईआर के अन्य ग्रेडों को तकनीकी और व्यावसायिक रूप से बीई188 और बीई188ईएल ग्रेडों द्वारा प्रतिस्थापित किया जा सकता है। तदनुसार, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि बीई188 और बीई188ईएल ग्रेडों को बाहर करना वर्तमान जांच के प्रयोजन के विपरीत होगा और इस प्रकार से बाहर किए जाने के लिए कोई मामला नहीं बनाया गया है।

155. इस दावे के संबंध में कि ग्रासिम लिमिटेड को बाहर करने का विवेकाधिकार आयातों की मात्रा और कीमत की जांच किए जाने के बाद ही प्रयोग किया जाना चाहिए, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि ग्रासिम द्वारा किए गए आयात महत्वपूर्ण हैं और ये भारत में कुल आयातों

का 20% से अधिक होता हैं। इसके अलावा, आदित्य बिड़ला केमिकल्स (थाईलैंड) लिमिटेड द्वारा किए गए निर्यात, थाईलैंड से किए गए आयातों का 100% और भारत में संबद्ध आयातों का 25% होता है। ऐसे आयातों की कीमत पाटित और क्षतिकारी पाई गई है। अत: ग्रासिम को घरेलू उद्योग के रूप में पात्र नहीं माना गया है।

156. प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों की गोपनीयता के संबंध में तर्कों की पुनः जांच की है। हितबद्ध पक्षकारों ने यह तर्क दिया है कि घरेलू उद्योग ने विनिर्माण प्रक्रिया और उसके द्वारा किए गए आयातों के विवरण को गोपनीय होने का दावा किया है। प्राधिकारी ने यह पाया है कि विनिर्माण प्रक्रिया का विवरण घरेलू उद्योग द्वारा दायर किए गए आवेदन के अगोपनीय पाठ में पहले ही दिया जा चुका है। जहां तक आयातों के विवरण का संबंध है, प्राधिकारी ने जांच शुरुआत करने के संबंध में नोटिस में पहले ही उल्लेख कर दिया था कि आवेदकों ने यह कहा था कि उन्होंने संबद्ध वस्तुओं का आयात नहीं किया है। अतः घरेलू उद्योग द्वारा ऐसी सूचना के गोपनीय होने के दावे से हितबद्ध पक्षकारों को कोई हानि नहीं हुई है, क्योंकि इस तथ्य की, जांच शुरु होने के बाद से पहले ही पक्षकारों को जानकारी थी।

157. हितबद्ध पक्षकारों ने यह तर्क दिया है कि चूंकि ग्रासिम घरेलू उद्योग बनने के लिए पात्र ही नहीं है, अत: इसके उत्पादन को मांग-आपूर्ति अंतराल की जांच के लिए विचार में शामिल नहीं लिया जा सकता। यह तर्क तर्कसंगत नहीं है और इसमें कोई गुण नहीं है। सबसे पहले, देश में मांग-आपूर्ति का अंतराल देश में उत्पाद के पाटन के लिए औचित्य नहीं हो सकता, विशेष रुप से जब इससे भारत में स्थापित घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति हो रही हो। दूसरे, देश में कुल मांग और कुल क्षमता को ध्यान में रखते हुए देश में मांग और आपूर्ति के संबंध में तथ्यात्मक स्थिति की जांच की जानी आवश्यक है। चाहे कोई उत्पादक घरेलू उद्योग का भाग हो, घरेलू उद्योग का भाग बनने के लिए पात्र हो, अथवा घरेलू उद्योग का भाग न बनने का विकल्प चुनता हो, तो यह उत्पाद के लिए कुल भारतीय क्षमता और देश में मांग-आपूर्ति के अंतराल के निर्धारण करने के लिए अप्रासंगिक है।

158. इस दावे के संबंध में कि संबद्ध आयात केवल अन्य आयातों के स्थान पर हुए हैं, प्राधिकारी का यह मानना है कि संबद्ध आयातों में वृद्धि इतनी अधिक थी कि इसने घरेलू उद्योग, अन्य घरेलू उत्पादकों और अन्य आयातों के बाजार अंश को विस्थापित कर दिया है। जबकि अन्य

आयातों की मात्रा में गिरावट आई है, लेकिन यह गिरावट केवल 22 मीट्रिक टन की थी, इसके विपरीत संबद्ध आयातों की मात्रा में बहुत अधिक वृद्धि हुई है। चाहे जो भी हो, यदि ऐसे पाटन से घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति हुई है, तो इसका समाधान उचित कीमत के आयातों के स्थान पर पाटनरोधी शुल्क के माध्यम से किए जाने की आवश्यकता है।

159. हितबद्ध पक्षकारों ने यह तर्क दिया है कि घरेलू उद्योग ने आयात कीमत में गिरावट की तुलना में अपनी कीमतों में काफी अधिक तेजी से कमी की है और कीमत कटौती नकारात्मक है। इस संबंध में, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि आधार वर्ष में, घरेलू उद्योग की कीमतों की तुलना में आयातों की कीमतें बहुत कम थीं। चूंकि इस अवधि में आयातों में वृद्धि हुई है, अत: कम आयात कीमतों के कारण स्पष्ट रूप से घरेलू उद्योग की कीमतों पर दबाव आया है, जिससे घरेलू उद्योग को जांच की अवधि के दौरान अपनी कीमतों में कमी लाने के लिए मजबूर होना पड़ा है। जांच की अवधि के दौरान, आयातों की पहुंच कीमत और घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत के बीच का अंतर केवल 0.3% था। इससे पता चलता है कि घरेलू उद्योग को पाटित वस्तुओं के कारण अपनी कीमतें कम करने के लिए मजबूर किया गया है। यह भी नोट किया जाता है कि हितबद्ध पक्षकारों ने इस बात का कोई साक्ष्य नहीं दिया है कि घरेलू उद्योग ने विदेशी उत्पादकों को कीमतें कम करने के लिए मजबूर किया है। प्राधिकारी को इस तर्क में कोई गुण दिखाई नहीं देता है कि बाजार की ताकतों के कारण पहुंच कीमत में गिरावट आई है, क्योंकि सहयोगी उत्पादकों द्वारा दाखिल किए गए आंकड़े स्पष्ट रूप से भारतीय बाजार में पाटन होने को दर्शाते हैं। वर्तमान मामले में इन विदेशी उत्पादकों द्वारा दाखिल की गई प्रश्नावली के उत्तरों के आधार पर पाटन मार्जिन स्थापित किया गया है। इसके अलावा, यह पाया गया है कि क्षति मार्जिन पाटन मार्जिन से कमतर है।

160. हितबद्ध पक्षकारों ने यह तर्क दिया है कि कुछ मानदंडों में सकारात्मक परिवर्तन को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है, जैसा कि थाईलैंड एच-बीम मामले में डब्ल्यूटीओ पैनल और ब्रिज स्टोन टायर मैन्युफैक्चरिंग बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी मामले में सेस्टेट (सीईएसटीएटी) द्वारा उल्लेख किया गया है। प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि किए गए क्षति विश्लेषण में सभी क्षति मानदंडों का उद्देश्यपरक विश्लेषण किया गया है। प्राधिकारी ने इस तथ्य का उचित संज्ञान लिया है कि घरेलू उद्योग की क्षमता, उत्पादन, बिक्री, क्षमता उपयोग,

कर्मचारियों, वेतन और मजदूरी तथा उत्पादकता में वृद्धि हुई है। यह देखने में आया है कि यह वृद्धि मुख्य रूप से घरेलू उद्योग की क्षमता में वृद्धि होने के कारण से है। केवल इस कारण से कि घरेलू उद्योग ने क्षति अवधि के दौरान अपनी क्षमता में वृद्धि की है, जिसके परिणामस्वरूप इसके मात्रात्मक मानदंडों और संयंत्र में लगाए गए श्रमिकों में सुधार आया, अत: यह निष्कर्ष नहीं दिया जा सकता है कि घरेलू उद्योग को क्षति नहीं हुई है, विशेष रुप से जब लाभ, नकदी लाभ और निवेश पर प्रतिफल जैसे मानदंडों के संबंध में इसके प्रदर्शन में काफी गिरावट आई हो। जबकि घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्री में क्षति अवधि के दौरान 70% से अधिक की वृद्धि हुई है, उसके लाभ, नकदी लाभ और निवेश पर लाभ में क्रमशः 303%, 204% और 173% की गिरावट आई है। प्राधिकारी इस बात पर विचार करते हैं कि ऐसी स्थिति में जहां पर घरेलू उद्योग के मात्रात्मक मानदंड इतनी महत्वपूर्ण वृद्धि को दर्शाते हैं, कीमत मानदंडों में भी बेहतर वृद्धि दिखाई देनी चाहिए थी।

161. जैसा कि प्रकटीकरण विवरण में उल्लेख किया गया है, घरेलू उद्योग द्वारा क्षमता में वृद्धि किए जाने के बावजूद, मांग में वृद्धि होने की तुलना में आयातों में अधिक तेज़ी से वृद्धि हुई है। इसके परिणामस्वरूप, घरेलू उद्योग ने वास्तव में, संबद्ध आयातों के कारण बाजार अंश खो दिया है। यदि आयातों का घरेलू उद्योग पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता, तो यह अपेक्षा करना उचित होता कि क्षमता विस्तार के बाद घरेलू उद्योग के बाजार अंश में वृद्धि होगी। तथापि, देश में संबद्ध वस्तुओं का पाटन होने के परिणामस्वरूप, प्रवृत्ति इसके विपरीत दिखाई देती है।

162. इस संबंध में, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि यद्यपि डब्ल्यूटीओ करार के अनुच्छेद 3.4 के अंतर्गत सूचीबद्ध कारकों की जांच आवश्यक है, लेकिन यह आवश्यक नहीं है कि सूचीबद्ध प्रत्येक कारक क्षति को दर्शाए अथवा किसी एक या कुछ कारकों में सकारात्मक परिवर्तन घरेलू उद्योग को क्षति न होने का संकेत दे। प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि यह सुस्थापित कानूनी स्थिति है कि सभी आर्थिक मानदण्डों में गिरावट या क्षति दिखाई देना आवश्यक नहीं है और कुछ मानदण्डों में सुधार का अर्थ घरेलू उद्योग को क्षति न होना नहीं है। वर्तमान मामले में, जहां कीमत संबंधी मानदंडों में इतनी महत्वपूर्ण गिरावट देखने में आई है, वहां मात्रा संबंधी मानदंडों में सुधार का अर्थ घरेलू उद्योग को क्षति न होना नहीं है। किसी घरेलू उद्योग से यह अपेक्षा नहीं की जाती है कि वह उत्पाद का उत्पादन और बिक्री करते समय

वित्तीय हानि, नकदी हानि और निवेश पर नकारात्मक प्रतिफल का सामना करे, वह भी तब, जबकि विदेशी उत्पादकों को पाटन का सहारा लेते पाया गया हो।

163. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि यदि आयातों के चलते घरेलू उद्योग पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा होता, तो घरेलू उद्योग को मात्रा में वृद्धि होने के साथ ही कारोबारी उद्यम को बड़े पैमाने की अर्थव्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए, अतीत की तुलना में अधिक लाभ, नकदी लाभ और निवेश पर प्रतिफल प्राप्त होता।

164. इस तर्क के संबंध में कि घरेलू उद्योग ने लागत अधिक होने पर लाभ अर्जित किया है, लेकिन लागत कम होने पर घाटे में चला गया है, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि इससे क्षति की पुष्टि होती है। लागत में कमी आने के साथ ही घरेलू उद्योग के लाभ में वृद्धि होनी चाहिए थी। तथापि, लागत में इन स्वीकृत गिरावटों के बावजूद, क्षति अवधि के दौरान लाभ, नकदी लाभ और निवेश पर प्रतिफल में भारी गिरावट देखने में आई है। इसके अलावा, घरेलू उद्योग तब भी लाभ कमा रहा था, जब आयातों की मात्रा और बाजार अंश कम था। तथापि, चूंकि विदेशी उत्पादक संबद्ध वस्तुओं का पाटन करने में शामिल थे, घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में भारी गिरावट आई है और इस हद तक गिरावट आई है कि उसे नकदी हानि हुई और निवेश पर प्रतिफल नकारात्मक हो गया।

165. निष्क्रिय क्षमताओं, नियोजित क्षमता विस्तार और अन्य क्षेत्राधिकारों द्वारा शुल्क लगाए जाने से संबंधित सूचना के संबंध में, हितबद्ध पक्षकारों का इस बात पर विवाद है कि प्राधिकारी के पास इस संबंध में उचित निर्णय लेने के लिए पूर्ण तथ्य मौजूद नहीं हैं। विशेष रूप से, हितबद्ध पक्षकारों का यह तर्क है कि प्राधिकारी ने संबद्ध देशों में अन्य निर्यात बाजारों या घरेलू खपत क्षमता की उपलब्धता की जांच नहीं की है। यह भी तर्क दिया गया है कि ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है जो यह दर्शाता हो कि निष्क्रिय क्षमताओं का उपयोग निर्यात के लिए किया जाएगा या इसके परिणामस्वरूप निर्यात के लिए अतिरिक्त उत्पादन होगा। अंत में, पक्षकारों का यह मानना है कि प्राधिकारी को यह इस बात की करनी चाहिए थी कि क्या नियोजित नई क्षमताएं निजी उपयोग, पुरानी लाइनों के प्रतिस्थापन, या अन्य उत्पादों के लिए हैं। ऐसी सूचना के अभाव में, पक्षकारों का यह मानना है कि प्राधिकारी के निष्कर्ष काल्पनिक हैं। यह नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग के तर्कों पर विवाद करते हुए, इन

हितबद्ध पक्षकारों ने विपरीत स्थिति स्थापित करने के लिए कोई सूचना और साक्ष्य प्रदान नहीं किया है। तथापि, चूंकि जियांग्सू कुम्हो ने एक प्रश्नावली का उत्तर दाखिल किया है, जो क्षमता में किसी विस्तार को नहीं दर्शाता है, अत: प्राधिकारी ने वर्तमान जांच परिणामों में उचित रूप से इसका संज्ञान लिया है।

166. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि क्षति की आशंका होने के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा किए गए के अनुरोध के संबंध में सभी पक्षकारों को जांच शुरू होने के चरण में ही अच्छी तरह जानकारी थी। इसके अलावा, कोरिया, थाईलैंड और चीन के विदेशी उत्पादक वर्तमान जांच में सहयोग कर रहे हैं, उन्होंने प्रश्नावली के उत्तर प्रस्तुत किए हैं और उनके पास इस संबंध में संगत सूचना उपलब्ध है। इन प्रतिवादी निर्यातकों के पास संबद्ध आयातों का बहुतायत हिस्सा है। अत: यदि हितबद्ध पक्षकारों का यह मानना है कि घरेलू उद्योग द्वारा सही तथ्य प्रस्तुत नहीं किए गए हैं या ऐसे वैकल्पिक तथ्य हैं जिन पर विचार किया जाना चाहिए था, तो वे जांच की शुरूआत होने की सूचना के उत्तर में प्राधिकारी के समक्ष सही तथ्य प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके अलावा, प्राधिकारी ने सभी हितबद्ध पक्षकारों को यह परामर्श दिया है कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर जांच के संबंध में सूचना प्रस्तुत करें। तदोपरांत, प्राधिकारी ने मौखिक सुनवाई, उसक बाद लिखित आवेदनों और रिज्वाइंडर आवेदनों के चरण में भी हितबद्ध पक्षकारों को अवसर प्रदान किया था। तथापि, किसी भी पक्षकार ने यह प्रदर्शित करने के लिए कोई आवेदन या साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया है कि घरेलू उद्योग द्वारा किए गए दावे उचित नहीं हैं।

167. पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(8) का संदर्भ दिया जाता है जिसमें कहा गया है कि जहां कोई भी हितबद्ध पक्षकार उपयुक्त अवधि के भीतर आवश्यक सूचना तक पहुंच से इनकार करता है अथवा सूचना उपलब्ध नहीं कराता है, वहां प्राधिकारी द्वारा उपलब्ध तथ्यों के आधार पर जांच परिणाम दर्ज किए जाने चाहिए। तथापि, किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना का खंडन करने के लिए कोई सूचना प्रस्तुत नहीं की है। यह इस तथ्य के बावजूद है कि घरेलू उद्योग के ये आवेदन और तर्क विदेशी उत्पादकों की व्यावसायिक स्थितियों से संबंधित थे। घरेलू उद्योग के आवेदनों का खंडन करने के लिए संगत सूचना प्रस्तुत करने में विफल रहने के बाद, अब हितबद्ध पक्षकारों के लिए यह दावा करना संभव नहीं है कि ऐसी सूचना का विश्वास नहीं किया जाना चाहिए

था। वर्तमान मामले में, हितबद्ध पक्षकारों को जांच शुरू किए जाने के चरण में संगत सूचना प्रदान करने का पर्याप्त अवसर मिला था। ये हितबद्ध पक्षकार इसे प्रदान करने में विफल रहे हैं। अत: प्राधिकारी द्वारा रिकार्ड में उपलब्ध तथ्यों के आधार पर कार्यवाही करना पूरी तरह से उचित है। प्राधिकारी के समक्ष उपलब्ध तथ्य यह दर्शाते हैं कि संबद्ध देशों में अधिशेष क्षमता है, इन देशों में क्षमता विस्तार हुआ है और अन्य क्षेत्राधिकारों में पाटनरोधी शुल्क लगाए गए हैं। अतः प्राधिकारी ने वर्तमान गिरावट को ध्यान में रखा है।

168. इस संबंध में, प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि पाटनरोधी करार में यह भी प्रावधान है कि यदि कोई हितबद्ध पक्षकार प्राधिकारी को संगत सूचना उपलब्ध नहीं कराता है, तो इस स्थिति के ऐसे परिणाम आ सकते हैं जो उस पक्षकार के लिए सहयोग करने की तुलना में कम अनुकूल होगा। यदि हितबद्ध पक्षकार आगे आते और प्राधिकारी को वैकल्पिक तथ्य उपलब्ध कराते, तो प्राधिकारी विभिन्न पक्षकारी द्वारा प्रस्तुत सभी उचित साक्ष्यों पर विचार करके अपने निष्कर्ष पर पहुंचते। चूंकि हितबद्ध पक्षकारों ने घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत किए गए तथ्यों पर विवाद न करने का विकल्प चुना है, अत: अब पक्षकारों के लिए इस बात का दावा करना उचित नहीं है कि ऐसे तथ्यों का विश्वास नहीं किया जाना चाहिए था।

169. एक ओर जहां हितबद्ध पक्षकारों ने यह दावा किया है कि क्षतिरहित कीमत का निर्धारण करने के लिए 22% का प्रतिफल नहीं दिया जाना चाहिए, वहां प्राधिकारी इसकी सतत प्रथा और भिन्न प्रतिफल की दर का समर्थन करने के लिए कोई तथ्यात्मक सूचना और साक्ष्य न होने पर विचार करते हुए, ऐसे प्रतिफल की अनुमति देना उचित समझते हैं।

170. इस तर्क के संबंध में कि घरेलू कीमतों में गिरावट आयातों के कारण नहीं है, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि क्षति विश्लेषण घरेलू उद्योग के घरेलू संचालनों के लिए किया जाता है। इसके अलावा, वर्तमान जांच से वास्तव में संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तुओं का पाटन होने का पता चला है। अत: कम कीमतें पाटन का प्रभाव हैं। संबद्ध वस्तुओं की निर्यात कीमतों में कोई भी गिरावट वर्तमान विश्लेषण के प्रयोजनार्थ संगत नहीं है।

171. कुछ हितबद्ध पक्षकारों ने यह तर्क दिया है कि एपॉक्सी रेजिन की बाजार स्थिति से घरेलू उद्योग की प्रतिस्पर्धात्मकता पर प्रभाव पड़ा हो सकता है, जैसा कि प्राधिकारी ने कुछ

एपॉक्सी रेजिन के आयातों की पाटनरोधी जांच में जांच समापन पत्र में पहले ही उल्लेख किया है। इस संबंध में प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि विगत मामले में मौजूदा तथ्य वर्तमान मामले की तुलना में पूरी तरह से अलग थे। विगत जांच में विचाराधीन उत्पाद "कतिपय एपॉक्सी रेजिन" था, जबकि वर्तमान मामले में उत्पाद "लिक्विड एपॉक्सी रेजिन" तक सीमित है। इसके अलावा, पहले के मामले में जांच की अवधि अक्टूबर 2016 - सितंबर 2017 थी, जो जांच की वर्तमान अवधि से करीब 8 वर्ष पहले की है। इस प्रकार, उस समय मौजूद किसी भी बाजार स्थिति को वर्तमान अवधि में घरेलू उद्योग के प्रदर्शन को प्रभावित करने वाली नहीं कहा जा सकता है। किसी भी स्थित में, केवल बयान को छोड़कर, हितबद्ध पक्षकारों द्वारा अपने दावे को स्थापित करने के लिए कोई भी सूचना प्रदान नहीं की गई है।

172. घरेलू उद्योग की क्षतिरहित कीमत की पुन: गणना करने के तर्क के संबंध में, यह स्पष्ट किया जाता है कि प्राधिकारी ने अपनी स्थापित पद्धति को ध्यान में रखते हुए क्षतिरहित कीमत का निर्धारण किया है। प्राधिकारी व्यय का विभाजन करने के लिए जांच की अवधि के दौरान वास्तविक उत्पादन अथवा बिक्री पर विचार करते हैं और उसे इष्टतम उत्पादन मात्रा से विभाजित करते हैं।

173. यह तर्क दिया गया है कि वाणिज्य विभाग के एचएस कोड 3907 3010 और 3907 3090 के आंकड़ों के अनुसार, सऊदी अरब से आयात देश में कुल आयातों का 3% से भी कम होता है। यह देखने में आया है कि संबंधित एचएस कोड विचाराधीन उत्पाद के लिए समर्पित नहीं हैं और इसमें अन्य उत्पादों के आयात शामिल हैं जो उत्पाद के दायरे से बाहर हैं। तदनुसार, प्राधिकारी ने प्रत्येक संबद्ध देश से आयातों की मात्रा की जांच करने के लिए डीजी सिस्टम्स से लेनदेन-वार आयात के आंकड़ों की मांग की। यह देखने में आया है कि देश में कुल आयात में सऊदी अरब से संबद्ध वस्तुओं के आयात का हिस्सा 3% से अधिक है। ऐसे आंकड़ों को सार्वजनिक रूप से साझा नहीं किया जा सकता था। किसी भी स्थिति में, सऊदी अरब के निर्यातकों के पास वर्तमान जांच में भाग लेने और यह प्रदर्शित करने का अवसर था कि उनके आयातों की मात्रा कम थी। सऊदी अरब के निर्यातकों द्वारा प्रस्तुत की गई किसी भी सूचना के अभाव में और डीजी सिस्टम्स के अनुसार आयात की न्यूनतम मात्रा से अधिक होने के कारण, सऊदी अरब के खिलाफ जांच समाप्त नहीं की जा सकती।

174. यह दावा किया गया है कि प्रमुख कच्ची सामग्री पर बुनियादी सीमा शुल्क इस अवधि में बढ़ा है, जिससे घरेलू उद्योग को क्षति हो सकती है। इस संबंध में, प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग द्वारा बिस्फेनॉल-ए और एपिक्लोरोहाइड्रिन नामक कच्ची सामग्री की घरेलू खरीद, शुल्क-मुक्त आयात और शुल्क-भुगतान आयात की जांच की है। प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग द्वारा बीपीए और ईसीएच की महत्वपूर्ण खरीद या तो घरेलू खरीद है, या मुक्त व्यापार समझौतों के तहत शुल्क-मुक्त आयात है। बुनियादी सीमा शुल्क के भुगतान के बाद कच्ची सामग्री की केवल थोड़ी मात्रा की ही खरीद की गई है। यह देखने में आया है कि यदि क्षति अवधि के दौरान बुनियादी सीमा शुल्क में संशोधन नहीं किया गया होता, तो भी घरेलू उद्योग की लागत केवल 0.1% कम होती, जिसका घरेलू उद्योग की लाभप्रदता पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव नहीं पड़ता। इस प्रकार, इस संबंध में तर्क उचित नहीं हैं।

ठ. <u>निष्कर्ष</u>

175. सभी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों और उनमें उठाए गए मुद्दों की जांच किए जाने तथा रिकार्ड पर उपलब्ध तथ्यों पर विचार किए जाने के बाद, प्राधिकारी निम्नलिखित निष्कर्ष पर पहुंचे हैं:

i विचाराधीन उत्पाद का दायरा चीन जन. गण., कोरिया गणराज्य, सऊदी अरब, थाईलैंड और ताइवान के मूल के अथवा वहां से निर्यातित 'लिक्विड एपॉक्सी रेजिन' है।

ii विचाराधीन उत्पाद का दायरा लिक्विड एपॉक्सी रेजिन तक सीमित है, जिसका सीएएस नंबर 25068-38-6 और ईयू के आरईएसीएच विनियम सीएएस नंबर 1675-54-3 है, जो एपिक्लोरोहाइड्रिन और बिस्फेनॉल ए के बीच रासायनिक प्रतिक्रिया द्वारा उत्पन्न होता है, और जहां समतुल्य भार =< 250 ग्राम/समतुल्य तक सीमित है।

iii विचाराधीन उत्पाद में ठोस, अर्ध-ठोस, विलयन या जलजनित रूप में एपॉक्सी रेजिन, मिश्रित और संशोधित एलईआर और ब्रोमीनयुक्त विलायक एपॉक्सी रेजिन शामिल नहीं हैं।

iv घरेलू उद्योग ने बीई188 ग्रेड के समतुल्य उत्पाद ग्रेड का उत्पादन और बिक्री की है और बीई188ईएल ग्रेड का उत्पादन किया है, जिसका ग्राहकों द्वारा आंतरिक परीक्षण किया जाना शेष है।

v अन्य भारतीय उत्पादक ने भी बीई188 और ई188ईएल ग्रेड के समतुल्य उत्पादों का उत्पादन और आपूर्ति की है।

vi घरेलू उद्योग ने विचाराधीन आयातित उत्पाद के समान वस्तु का उत्पादन किया है।

vii यह देखते हुए कि उत्पाद के विभिन्न ग्रेडों के बीच या विस्कोसिटी के आधार पर कोई महत्वपूर्ण लागत/ कीमत का अंतर नहीं है, कोई पीसीएन पद्धति नहीं अपनाई गई है।

viii आवेदक, अतुल लिमिटेड और हिंदुस्तान स्पेशियलिटी केमिकल लिमिटेड, नियमावली के नियम 2(ख) के अंतर्गत घरेलू उद्योग हैं और आवेदन नियम 5(3) के अनुसार आधार के मानदंडों को पूरा करता है।

ix आवेदकों के अलावा, संबद्ध वस्तुओं का केवल एक अन्य उत्पादक है, जिसने क्षति अवधि के दौरान संबद्ध देश में स्थित अपने संबंधित पक्ष से संबद्ध वस्तुओं की महत्वपूर्ण मात्रा का आयात किया है।

x संबद्ध वस्तुओं को सामान्य मूल्य से कम कीमत पर भारत में निर्यात किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप पाटन हुआ है। पाटन मार्जिन न्यूनतम स्तर से अधिक और महत्वपूर्ण है।

xi क्षति अवधि के दौरान संबद्ध आयातों की मात्रा में, निरपेक्ष रूप से और सापेक्ष रूप से वृद्धि हुई है, और ऐसे आयात भारत में आयातों का समग्र हिस्सा शामिल है।

xii भारतीय उद्योग के पास समग्र मांग को पूरा करने की पर्याप्त क्षमता होने के बावजूद, संबद्ध आयातों में मांग में वृद्धि की तुलना में अधिक दर से वृद्धि हुई है।

xiii घरेलू उद्योग को अपनी बिक्री कीमतों को आयातित वस्तुओं की कीमतों के समान बनाए रखने के लिए हानि में बिक्री करने के लिए बाध्य होना पड़ा है।

xiv लागत में वृद्धि होने के बावजूद, घरेलू उद्योग को कम कीमत के संबद्ध आयातों के कारण अपनी कीमतें कम करने के लिए बाध्य होना पड़ा, जिसका घरेलू उद्योग की कीमतों पर गिरावट और मंदी का प्रभाव पड़ा है।

xv घरेलू उद्योग के आर्थिक मापदंडों पर संबद्ध आयातों के प्रभाव के संबंध में, यह देखने में आया है कि-

क. क्षमता विस्तार और मांग में वृद्धि होने के कारण घरेलू उद्योग की स्थापित क्षमता, उत्पादन और क्षमता उपयोग में वृद्धि हुई है।

ख. घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्री में वृद्धि हुई है क्योंकि उसने संबद्ध वस्तुओं के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए अपनी कीमतों में कमी की है और हानि में बिक्री की है।

ग. क्षति अवधि के दौरान भारतीय उद्योग की बाजार हिस्सेदारी में गिरावट आई है, जबकि संबद्ध आयातों की बाजार हिस्सेदारी में क्षति अवधि के दौरान 44% की वृद्धि हुई है।

घ. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की औसत वस्तुसूची में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो वर्ष 2020-21 की तुलना में 223% अधिक है।

ङ. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में तेजी से गिरावट आई है। तथापि, जांच की अवधि के दौरान घाटे में मामूली कमी आई है, लेकिन उद्योग घाटे में बना रहा।

च. वर्ष 2022-23 से, घरेलू उद्योग को नकदी हानि हुई है और निवेश पर नकारात्मक प्रतिफल प्राप्त हुआ।

छ. पाटित आयातों के कारण घरेलू उद्योग की वृद्धि और संबद्ध वस्तुओं के लिए पूंजी जुटाने की उसकी क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

xvi उपर्युक्त पर विचार करते हुए, यह स्पष्ट है कि संबद्ध वस्तुओं के कारण घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति हुई है।

xvii संबद्ध आयातों से घरेलू उद्योग को और अधिक क्षति होने की आशंका है, जैसा कि निम्नलिखित से देखा जा सकता है -

क. संबद्ध आयातों की मात्रा में मांग में वृद्धि की तुलना में अधिक दर से वृद्धि हुई है।

ख. संबद्ध देशों के निर्यातकों को संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ में व्यापार सुधार की कार्रवाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

ग. संबद्ध देशों के निर्यातकों के पास स्वतंत्र रूप से प्रयोज्य और निष्क्रिय क्षमताएं हैं जिन्हें भारत में भेजा जा सकता है।

घ. इसके अलावा, संबद्ध देशों के निर्यातक अपनी उत्पादन क्षमताओं का और विस्तार कर रहे हैं।

xviii जांच में ऐसा कोई अन्य कारक नहीं पाया गया है जिससे कि घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति हुई हो।

xix घरेलू उद्योग को क्षति विचाराधीन उत्पाद के पाटन के कारण हुई है।

xx संबद्ध आयातों की पहुंच कीमत की प्राधिकारी द्वारा निर्धारित क्षतिरहित कीमत से तुलना करने पर पता चलता है कि सभी प्रतिवादी निर्यातकों के लिए क्षति मार्जिन सकारात्मक है।

xxi पाटनरोधी शुल्क लगाया जाना व्यापक जनहित में है जैसा कि निम्नलिखित से देखा जा सकता है -

क. शुल्क लगाए जाने से डाउनस्ट्रीम उपयोगकर्ताओं पर नगण्य प्रभाव पड़ेगा।

ख. चूंकि विचाराधीन उत्पाद की मांग में कीमतों में वृद्धि होने के बावजूद पिछले कुछ समय में वृद्धि हुई है, अत: शुल्क लगाने से उत्पाद की मांग में कोई कमी नहीं आएगी।

ग. उपयोगकर्ता संबद्ध देशों, अन्य देशों और भारतीय उद्योग से उचित कीमतों पर संबद्ध वस्तुओं का आयात जारी रख सकते हैं।

घ. चूंकि निर्यातकों को अन्य देशों में व्यापार सुधार की कार्रवाइयों का सामना करना पड़ रहा है जो उनके बाजार को प्रतिबंधित कर सकती हैं अत: भारत निर्यातकों के लिए पाटन करने के लिए एक आकर्षक बाजार बना हुआ है।

ङ. भारतीय उद्योग ने महत्वपूर्ण निवेश किया है और इसे संरक्षित किए जाने की आवश्यकता है।

ड. <u>सिफ़ारिशें</u>

176. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि जांच शुरू की गई थी और सभी हितबद्ध पक्षकारों को सूचित कर दिया गया था तथा उन्हें क्षति, कारणात्मक संबंध और उपायों के प्रभाव के पहलुओं पर सूचना प्रदान करने के लिए पर्याप्त अवसर दिया गया था। पाटनरोधी नियमावली के प्रावधानों के अनुसार जांच शुरू करने और उसका संचालन करने के बाद, प्राधिकारी का यह विचार है कि पाटन और क्षति की पूर्ति करने के लिए पाटनरोधी शुल्क लगाया जाना आवश्यक है। तदनुसार, प्राधिकारी संबद्ध देशों से विचाराधीन उत्पाद के आयात पर पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने की सिफारिश करते हैं।

177. अपनाए गए कम शुल्क नियम को ध्यान में रखते हुए, प्राधिकारी पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन में से जो भी कम हो, उसके समान पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने की सिफारिश करते हैं ताकि घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति को दूर किया जा सके। तदनुसार, प्राधिकारी संबद्ध देशों के मूल की अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तुओं के आयातों पर, केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में जारी की जाने वाली अधिसूचना की तारीख से 5 वर्षों की अवधि के लिए, नीचे दी गई शुल्क तालिका के कॉलम 7 में उल्लिखित राशि के समान निश्चयात्मक पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने की सिफारिश करते हैं।

शुल्क तालिका

क्र.सं.	शीर्ष	विवरण	मूलता का देश	निर्यात का देश	उत्पादक	धनराशि	यूनिट	मुद्रा
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
1	3907 3010 और 3907 3090	लिक्विड इपॉक्सी रेजिन*	चीन जन. गण.	चीन जन. गण. सहित कोई भी देश	जियांग्सू कुम्हो यांगनोंग केमिकल कं. लिमिटेड	37	मी. टन	यूएस डॉलर
2	- वही -	- वही -	चीन जन. गण.	चीन जन. गण. सहित कोई भी देश	नान्चॉन्ग ज़िंगचेन सिंथैटिक मेटेरियल कं. लिमिटेड	37	मी. टन	यूएस डॉलर
3	- वही -	- वही -	चीन जन. गण.	चीन जन. गण. सहित कोई भी देश	उपर्युक्त (1) और (2) के अलावा कोई भी उत्पादक	258	मी. टन	यूएस डॉलर
4	- वही -	- वही -	चीन जन. गण., कोरिया गणराज्य,	चीन जन. गण.	कोई भी	258	मी. टन	यूएस डॉलर

			सऊदी अरब, ताइवान और थाइलैंड के अलावा कोई भी देश					
5	- वही -	- वही -	कोरिया गणराज्य	कोरिया गणराज्य सहित कोई भी देश	कुकडो केमिकल कं. लिमिटेड	286	मी. टन	यूएस डॉलर
6	- वही -	- वही -	कोरिया गणराज्य	कोरिया गणराज्य सहित कोई भी देश	कुम्हो पी एंड बी केमिकल्स इंक.	184	मी. टन	यूएस डॉलर
7	- वही -	- वही -	कोरिया गणराज्य	कोरिया गणराज्य सहित कोई भी देश	उपर्युक्त (5) और (6) के अलावा कोई भी उत्पादक	483	मी. टन	यूएस डॉलर
8	- वही -	- वही -	चीन जन. गण., कोरिया गणराज्य, सऊदी अरब, ताइवान और थाइलैंड के अलावा कोई भी देश	कोरिया गणराज्य	कोई भी	483	मी. टन	यूएस डॉलर
9	- वही -	- वही -	थाइलैंड	थाइलैंड	आदित्य	119	मी.	यूएस

				सहित कोई भी देश	बिड़ला केमिकल्स (थाईलैंड) लिमिटेड		टन	डॉलर
10	- वही -	- वही -	थाइलैंड	थाइलैंड सहित कोई भी देश	उपर्युक्त (9) के अलावा कोई भी उत्पादक	331	मी. टन	यूएस डॉलर
11	- वही -	- वही -	चीन जन. गण., कोरिया गणराज्य, सऊदी अरब, ताइवान और थाइलैंड के अलावा कोई भी देश	थाइलैंड	कोई भी	331	मी. टन	यूएस डॉलर
12	- वही -	- वही -	सऊदी अरब	सऊदी अरब सहित कोई भी देश	कोई भी	175	मी. टन	यूएस डॉलर
13	- वही -	- वही -	चीन जन. गण., कोरिया गणराज्य, सऊदी अरब, ताइवान और थाइलैंड के अलावा कोई भी देश	सऊदी अरब	कोई भी	175	मी. टन	यूएस डॉलर
14	- वही -	- वही -	ताइवान	ताइवान	कोई भी	115	मी.	यूएस

				सहित कोई भी देश			टन	डॉलर
15	- वही -	- वही -	चीन जन. गण., कोरिया गणराज्य, सऊदी अरब, ताइवान और थाइलैंड के अलावा कोई भी देश	ताइवान	कोई भी	115	मी. टन	यूएस डॉलर

**लिक्विड इपॉक्सी रेजिन (एलईआर), जिसकी सीएएस सं. 25068-38-6 है और ईयू के आरईएसीएच विनियम सीएएस सं. 1675-54-3 है, जहां एलईआर का समतुल्य भार=< 250 ग्राम/ समतुल्य तक सीमित है; ठोस, अर्ध-ठोस, घोल या जलजनित रूप में इपॉक्सी रेजिन को छोड़कर, और मिश्रित एवं संशोधित एलईआर के साथ-साथ ब्रोमीनयुक्त विलायक इपॉक्सी रेजिन को छोड़कर।*

ढ. <u>आगे की प्रक्रिया</u>

178. इन अंतिम जांच परिणामों में निर्दिष्ट प्राधिकारी के निर्णय के खिलाफ कोई अपील अधिनियम/ नियमों के संगत प्रावधानों के अनुसार सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपील न्यायाधिकरण के समक्ष की जा सकेगी।

सिद्धार्थ

सिद्धार्थ महाजन
(निर्दिष्ट प्राधिकारी)